नई दिल्ली
शनिवार 25 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 191
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



छठ पूजन आज से

# बिहार को अब लालटेन की जरूरत नहीं, मोबाइल फोन में टॉर्च है: मोदी

**प्रधानमंत्री ने समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी जनसभाओं में महागठबंधन को बताया 'महालठबंधन'**

**कहा, राजद-कांग्रेस का नाम सुनते ही निवेशक भाग जाते हैं, जो लोग नौकरी के नाम पर गरीबों से जमीन हड़पते हैं, वे आपको कभी रोजगार नहीं देंगे**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार में कहा कि राज्य के लोगों को लालटेन (राजद का चुनाव चिन्ह) की ज़रूरत नहीं है, क्योंकि अब उनके मोबाइल फोन में टॉर्च है। उन्होंने कहा कि बिहार से युवाओं के पलायन के लिए भी राजद ज़िम्मेदार है,जबकि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए द्वारा राज्य में सुशासन और विकास का दावा किया। उन्होंने कहा कि आप सभी को याद रखना चाहिए कि राजद-कांग्रेस का नाम सुनते ही निवेशक भाग जाते हैं। जो लोग नौकरी के नाम पर गरीबों से जमीन हड़पते हैं, वे आपको कभी रोजगार नहीं देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत




सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा बिहार चुनाव से अपने छह उम्मीदवारों को वापस लेने के फैसले पर भी राजद पर तीखा हमला बोला और कहा कि लालू प्रसाद यादव की पार्टी के अहंकार के कारण झामुमो ने महागठबंधन छोड़ दिया। ⏩ शेष पेज 7 पर

### राजद और कांग्रेस ने अहंकार के कारण झामुमो को गठबंधन से बाहर किया

*जिन लोगों को पता नहीं है, उन्हें बता दें कि झामुमो ने छह उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन अब उसने राजद और कांग्रेस की राजनीतिक साजिश का हवाला देते हुए बिहार चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की है। झामुमो ने यह भी घोषणा की है कि वह अब झारखंड में इन दोनों दलों के साथ अपने गठबंधन पर पुनर्विचार करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राजद ने पिछले दो दशकों में कोई चुनाव नहीं जीता है, लेकिन वह अपने अहंकार में जकड़ा हुआ है। इसी अहंकार के कारण उन्होंने झामुमो को गठबंधन से बाहर कर दिया।*

### वीआईपी को भी गुमराह किया

*उन्होंने कहा कि कांग्रेस पैंतीस साल से बिहार में राजद की अनुयायी रही है। उन्होंने वीआईपी को भी गुमराह किया। जब स्वार्थ हावी हो जाता है और लूट ही लक्ष्य होता है, तो राजद और कांग्रेस ठीक यही कर रहे हैं। वे पहले टिकट बेचते हैं, फिर घोटाले करते हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा और नतीजे 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।*

### सीताराम केसरी का अपमान किया

*पीएम मोदी ने कहा कि साथियों आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की पुण्य तिथि है। देश कभी नहीं भूलेगा कि किस तरह कांग्रेस ने सीताराम केसरी का अपमान किया था। इनलोगों ने दलितों और पिछड़ों का अपमान किया। सीताराम केसरी बिहार का गर्व थे। लेकिन, कांग्रेस के एक परिवार वालों ने उन्हें बाथरूम में फेंक दिया। अध्यक्ष पद से हटा कर फेंक दिया। और, उस परिवार ने अध्यक्ष पद की चोरी कर ली। लेकिन, एनडीए सरकार ने कभी दलितों और पिछड़ों का अपमान नहीं किया।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### संत प्रेमानंद महाराज की पदयात्रा के मार्ग में बदलाव

**वृंदावन।** संत प्रेमानंद महाराज ने आखिरकार अपनी पदयात्रा को उसके पुराने और प्रतिष्ठित मार्ग पर



फिर से शुरू कर दिया है। महाराज गुरुवार की रात को करीब 3 बजे सुनरख तिराहा से पदयात्रा शुरू की। वह पहले श्री कृष्णम शरणम सोसाइटी से पदयात्रा करते हुए केलि कुंज आश्रम जाते थे। लेकिन स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने यह पदयात्रा बंद कर दी थी।

### मोहसिन नकवी ने एसीसी मुख्यालय से भी हटाई ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** एशिया कप के ट्रॉफी चोर मोहसिन नकवी ने एक और गिरी हरकत की है। पहले 28



सितंबर को विजेता टीम इंडिया को ट्रॉफी सौंपने के बजाए होटल रूम ले गए। बाद में उसे एशियन क्रिकेट काउंसिल के दुबई स्थित मुख्यालय में लॉक करके रख दिया। अब उन्होंने ट्रॉफी को अबू धाबी में किसी जगह रखवा दिया है।

### अब जेमिनी करेगा बाढ़ सूखे की भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** टेक दिग्गज गूगल ने अपने प्रसिद्ध प्लेटफॉर्म गूगल अर्थ को अब और भी स्मार्ट बना दिया



है। कंपनी ने इसमें अपने नवीनतम जेमिनी एआई मॉडल्स को शामिल किया है, जो अब दुनिया भर में बाढ़, सूखा व प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति को समझने में मदद करेगा। यह नया कदम उसके अर्थ एआई को एक नए स्तर पर ले जाता है।

**50 फीसदी टैरिफ संकट के बीच केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री का ट्रंप को दो टूक जवाब**

# 'कोई हमारे सिर पर बंदूक रखकर नहीं करा सकता व्यापार समझौता': पीयूष गोयल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद में भारत द्वारा जल्द ही भारी कटौती किए जाने के अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के खिलाफ शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कड़ा पलटवार किया है। उन्होंने कहा, 'भारत सक्रिय रूप से दुनिया के कई देशों और क्षेत्रों के साथ व्यापार समझौतों को लेकर बातचीत कर रहा है। जिसमें यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका भी शामिल हैं। लेकिन हम (भारत) कभी कोई समझौता किसी जल्दबाजी में नहीं करते हैं या फिर कोई हमारे सिर पर या हम किसी के सिर पर बंदूक रखकर कोई समझौता नहीं करते हैं। मतलब साफ है कि मामले पर भारत किसी समयसीमा या दबाव (अमेरिका) के आगे नहीं झुकेगा'। उन्होंने ये भी कहा कि जहां तक ऊंचे टैरिफ से निपटने का मसला है तो उसके लिए हम नए बाजारों (मध्य-पूर्व, लैटिन अमेरिका या अमेरिका) की तलाश के साथ ही घरेलू मांग को मजबूत बना रहे हैं। लेकिन हमारे किसी भी निर्णय के पीछे केवल राष्ट्रीय हितों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। भारत की अर्थव्यवस्था लचीली है। गोयल ने यह जानकारी जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित किए गए 'बर्लिन ग्लोबल संवाद-2025' के दौरान दी। वह इस आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। भारत पर अमेरिका ने कुल 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। जिसमें से 25 फीसदी भाग रूसी तेल खरीद को लेकर लगाया गया दंडात्मक टैरिफ का है। भारत बहुत पहले ही अमेरिका के निर्णय को अनैतिक-अविवेकपूर्ण बताते हुए इसका पुरजोर अंदाज में विरोध कर चुका है।

> किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा भारत...



### रूस से तेल खरीद घटाएगा भारत: ट्रंप

*मालूम हो कि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का यह बयान एक ऐसे समय में आया है। जब हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा था कि भारत रूस से खरीदे जा रहे तेल की मात्रा में भारी कटौती करने के लिए राजी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चाहते हैं कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध खत्म हो। इसलिए वो (मोदी) रूस से तेल की खरीद में कटौती करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने इस बयान में पीएम मोदी को एक महान नेता होने के साथ ही उन्हें अपना एक बहुत अच्छा दोस्त भी बताया। भारत और अमेरिका कुछ समझौतों पर काम कर रहे हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद अकेला अमेरिका ही नहीं है, जिसने भारत की रूस से जारी तेल खरीद को लेकर नाराजगी जताई है। ईयू और ब्रिटेन भी इसे लेकर भारत को मॉस्को से तेल आयात को कम करने की अपील कर चुके हैं। जिसके पीछे सभी का तर्क ये है कि भारत की तेल खरीद से रूस को यूक्रेन के साथ लड़ाई को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय मदद मिलती है। भारत अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान को पहले ही सिरे से खारिज किया जा चुका है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी में हुई एक हालिया मीडिया ब्रीफिंग में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच किसी तरह की कोई वार्ता होने से साफ इंकार किया था। साथ ही कहा था कि नई दिल्ली का तेल आयात पूरी तरह से देश के राष्ट्रीय हितों और घरेलू ऊर्जा जरूरतों पर निर्भर करता है।*

### समझौते का आधार क्षणिक जल्दबाजी नहीं

*गोयल ने ये भी कहा कि हमारा देश किसी भी व्यापार समझौते से जुड़ा कोई निर्णय क्षणिक जल्दबाजी या किसी तरह के दबाव में नहीं लेता है। बल्कि इसमें दीर्घकालिक सोच और नीति को ध्यान में रखा जाता है। संवाद कार्यक्रम में जब वाणिज्य मंत्री से ये पूछा गया कि अगर भारत को एक साफ सुथरा व्यापार समझौता मिले जिसमें लंबी अवधि के साथ कुछ शर्तें भी शामिल हों तब क्या होगा? जवाब में गोयल ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि भारत कभी भी अपने निर्णयों पर कौन उसका दोस्त है जैसे तर्क को ध्यान में रखकर आगे बढ़ा है। हमारे लिए सिर्फ और सिर्फ राष्ट्रीय हित ही सर्वोच्च हैं। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझसे कहा कि आप ईयू के साथ मित्रवत नहीं रह सकते हैं। मैं इसे स्वीकार नहीं करता हूं और कोई मुझसे कल कहता है कि मैं केन्या के साथ काम नहीं कर सकता हूं। यह भी मुझे स्वीकार्य नहीं है। किसी उत्पाद विशेष की किसी देश विशेष से ही खरीद का फैसला कुछ ऐसा है। जिसे लेकर समूची दुनिया को सोचना पड़ेगा।*

### अमेरिका संग निष्पक्ष समझौते की उम्मीद

*उन्होंने कहा कि भारत व्यापार समझौते को लेकर अमेरिका के साथ चर्चा कर रहा है। हमारे वाणिज्य सचिव मामले पर अपने समकक्षों के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए हाल ही में अमेरिका के दौरे पर थे। हमें उम्मीद है कि भविष्य में हम एक निष्पक्ष और तर्कसंगत समझौते की दिशा में काम करेंगे। वहीं, व्यापार समझौते के मामले पर उतार-चढ़ावों के बीच दोनों देशों ने ये लक्ष्य तय किया है कि वो द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाएंगे। बीते वक्त में नई दिल्ली की यात्रा पर आए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर ने राजधानी में वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल से भी मुलाकात की थी और भारत के साथ आर्थिक संबंधों पर चर्चा करते हुए अमेरिकी निवेश को बढ़ाने पर जोर दिया था।*

**समझौते की भाषा पर दोनों देशों के बीच जारी विचार-विमर्श**

# भारत और अमेरिका के बीच जल्द होगा द्विपक्षीय व्यापार समझौता!

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ की चुनौती, रूस से तेल आयात घटाने को लेकर डाले जा रहे दबाव और द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर दोनों देशों के मध्य बनी हुई ऊहापोह की स्थिति के बीच शुक्रवार को एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें अधिकारियों के हवाले से ये दावा किया गया है कि भारत और अमेरिका जल्द ही प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप दे सकते हैं। इससे जुड़े हुए ज्यादातर मामलों पर दोनों फिलहाल एकमत हैं।

अभी दोनों देशों के बीच समझौते की भाषा पर विचार-विमर्श जारी है। जहां तक समझौते की बात है तो उसे लेकर हम बहुत ही करीब पहुंच गए हैं। समाधान तक पहुंचने के लिए हमारे बीच अब बहुत अधिक मतभेद भी नहीं हैं। अधिकारियों ने ये भी कहा कि समझौते को लेकर बातचीत में प्रगति जारी है और कोई भी नया मामला इसमें कोई रुकावट के तौर पर खड़ा नहीं है। हमने ज्यादातर मामलों पर सहमति बना ली है। अभी तक इस संबंध में दोनों देशों के बीच पांच दौर की वार्ता हो चुकी है। जो समझौते के पहले चरण से जुड़ी हुई है। मामले पर केंद्रीय वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी अपना बयान दे चुके हैं। बीते सप्ताह केंद्रीय वाणिज्य सचिव की अध्यक्षता में भारत की एक टीम अमेरिका के दौरे पर गई थी। जहां उन्होंने अपने समकक्षों के साथ बातचीत की थी। तीन दिवसीय ये बातचीत 17 अक्टूबर को समाप्त हुई है।

### 2025 में शीर्ष नेताओं ने दिया निर्देश

*गौरतलब है कि इस साल फरवरी महीने में भारत और अमेरिका के शीर्ष नेताओं ने व्यापार समझौते से जुड़ी अपनी टीम के अधिकारियों को यह निर्देश दिया था कि वो प्रस्तावित बीटीए पर संवाद को आगे बढ़ाएं। साथ ही उन्होंने समझौते के पहले चरण की वार्ता के लिए नवंबर 2025 की एक समय-सीमा भी तय की थी। जिसे लेकर अधिकारी भी आशान्वित हैं। बीते सितंबर महीने में व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए पीयूष गोयल की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क की यात्रा भी की थी। दोनों देशों के संबंधों के लिहाज से जो काफी महत्वपूर्ण थी। वहीं, इन सबके बीच अमेरिका द्वारा रूस से चल रही तेल खरीद को लेकर भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ में से 25 भाग जुर्माने के रूप में लगाया गया है। भारत इसे लेकर पहले ही अपना विरोध जता चुका है। अमेरिका के उप-व्यापार प्रतिनिधि (दक्षिण-केंद्रीय एशिया) ब्रेंडन लिंच ने 16 सितंबर को नई दिल्ली में भारतीय अधिकारियों से मुलाकात की थी। जिसमें दोनों पक्षों ने जल्द ही पारस्परिक रूप से लाभप्रद समझौते तक पहुंचने को लेकर सहमति प्रदान की थी।*

### भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार अमेरिका

*भारत-अमेरिका के बीच टैरिफ को लेकर भले ही संबंधों में तल्खी बनी हुई है। लेकिन दोनों देशों ने वर्ष 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर* ⏩ शेष पेज 7 पर

**विज्ञापन जगत के दिग्गज और एडगुरु के नाम से मशहूर पीयूष पांडे (70) का निधन**

# मिले सुर मेरा तुम्हारा से दो बूंद जिंदगी की तक...उनकी विरासत हमेशा जीवित रहेगी

**क्या स्वाद है जिंदगी में, मिले सुर मेरा तुम्हारा, अबकी बार मोदी सरकार! जैसी कई आइकॉनिक लाइंस दी**

एजेंसी ⏭ मुंबई

विज्ञापन जगत के दिग्गज और एडगुरु के नाम से मशहूर पीयूष पांडे का शुक्रवार को निधन हो गया। फेविकोल, कैडबरी और एशियन पेंट्स जैसे चर्चित विज्ञापनों को डिजाइन करने वाले पांडे 70 वर्ष के थे। पांडे ने ही 90 के दशक में मशहूर गीत मिले सुर मेरा तुम्हारा लिखा था। पीयूष पांडे संक्रमण से पीड़ित थे। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को मुंबई के शिवाजी पार्क में हुआ। पीयूष पांडे लगभग चार दशकों से विज्ञापन उद्योग में कार्यरत थे। वे ओगिल्वी के विश्वव्यापी मुख्य रचनात्मक अधिकारी और भारत में कार्यकारी



अध्यक्ष थे। पांडे 1982 में ओगिल्वी से जुड़े और उन्होंने अपना पहला विज्ञापन सनलाइट डिटर्जेंट के लिए लिखा। छह साल बाद, वे कंपनी के क्रिएटिव विभाग में शामिल हो गए और फेविकोल, कैडबरी, एशियन पेंट्स, लूना मोपेड, फॉर्च्यून ऑयल और कई अन्य ब्रांडों के लिए उल्लेखनीय विज्ञापन बनाए। पीयूष पांडे ने भारतीय विज्ञापन जगत में विभिन्न ब्रांड्स के लिए क्या स्वाद है जिंदगी में, मिले सुर मेरा तुम्हारा, अबकी बार मोदी ⏩ शेष पेज 7 पर

### पीएम ने कहा-वे अपनी रचनात्मकता के लिए जाने जाएंगे

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा- पीयूष पांडे अपनी रचनात्मकता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने विज्ञापन और संचार जगत में अभूतपूर्व योगदान दिया। मैं वर्षों तक हमारे बीच हुई बातचीत को हमेशा संजो कर रखूंगा। उनके निधन से दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति। एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारतीय विज्ञापन जगत के एक दिग्गज थे पीयूष पांडे, उन्होंने रोजमर्रा के मुहावरों, हास्य और वास्तविक गर्मजोशी को इसमें लाकर संचार को बदल दिया।*

**आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में दर्दनाक हादसा**

# बेंगलुरु जा रही बस में आग लगने से 20 की मौत, गहरी नींद में थे 41 यात्री

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु/हैदराबाद

आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में शुक्रवार को हैदराबाद से बेंगलुरु जा रही एक प्राइवेट बस में आग लग गई, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। चिन्नाटेकुर के पास बस और एक मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। मोटरसाइकिल बस के नीचे फंस गई और उसके खुले फ्यूल कैप से आग लग गई। घटना के समय बस का दरवाजा शॉर्ट सर्किट होने के कारण जाम हो गया और बस कुछ ही मिनटों में पूरी तरह जल गई। मेन गेट बंद होने के कारण कुछ यात्रियों ने इमरजेंसी विंडो तोड़ी। वे खिड़की से बाहर कूद गए। जिला कलेक्टर ए. सीरी ने कहा कि ⏩ शेष पेज 7 पर



मेन गेट हुआ जाम, यात्री बाहर नहीं निकल पाए

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर दुख व्यक्त किया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायल को 50,000 रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने भी दुर्घटना पर दुःख व्यक्त किया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। परिजनों के लिए हेल्पलाइन स्थापित करने के निर्देश दिए।

**वाट्सएप पर चैटजीपीटी हुआ बैन!**

# जनवरी से नहीं चलेगा एआई बॉट ओपनएआई ने बताए नए विकल्प

**15 जनवरी 2026 से होगा बदलाव**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लोकप्रिय एआई चैटबॉट चैटजीपीटी अब जल्द ही वाट्सएप से गायब होने वाला है। मेटा ने अपनी नई पॉलिसी के तहत घोषणा की है कि जनवरी 2026 से वाट्सएप पर थर्ड-पार्टी एआई बॉट्स को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

इसका सीधा असर उन यूजर्स पर पड़ेगा जो वाट्सएप के जरिए चैटजीपीटी या परप्लेक्सिटी एआई जैसे बॉट्स का उपयोग करते थे। वाट्सएप और इंस्टाग्राम की पैरेंट




कंपनी मेटा ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले साल से वाट्सएप पर किसी भी थर्ड-पार्टी एप को एआई असिस्टेंट के रूप में चलने की अनुमति नहीं होगी। नई नीति 15 जनवरी 2026 से लागू होगी, जिसके बाद चैटजीपीटी और अन्य ⏩ शेष पेज 7 पर

### मेटा ने क्यों लिया यह फैसला?

मेटा ने कहा है कि वाट्सएप पर एआई बॉट्स चलाने से उसके डेटा सर्वर पर अधिक दबाव पड़ रहा था। इसके अलावा, मेटा को यह भी डर है कि थर्ड-पार्टी बॉट्स उसके अपने मेटा एआई असिस्टेंट के यूजर्स को प्रभावित कर रहे हैं। कंपनी अब केवल उन्हीं बॉट्स को वाट्सएप पर अनुमति देगी जो उसके ऑफिशियल बिजनेस एपीआई के ⏩ शेष पेज 7 पर

**यूएन की 80वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री**

# तत्काल सुधारों की कमी की वजह से यूएन में आतंकी समूहों को बचाता पाकिस्तान: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले को लेकर पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। राजधानी में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 80वीं वर्षगांठ को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यूएन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है और कामकाज भी अवरूद्ध है। वह आतंकी संगठन जिसने जम्मू-कश्मीर के



पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को किए गए हमले की जिम्मेदारी ली थी। उसे परिषद का ही एक सदस्य देश (पाकिस्तान) यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बचाने की कोशिश कर रहा है। जिससे बहुपक्षवाद की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। महत्वपूर्ण वैश्विक निकाय में सुधारों की तत्काल आवश्यकता है। जिसके न होने से कामकाज रुका हुआ है। जयशंकर ने किसी देश विशेष का नाम लिए बगैर उन लोगों की भी आलोचना की जो अंतरराष्ट्रीय सामरिक रणनीति के नाम पर आतंकवाद के पीड़ितों और इसके प्रायोजकों यानी गुनहगारों की तुलना करते हैं, उन्हें एक ही श्रेणी में रखते हैं। जयशंकर के मुताबिक, इन हालातों के बीच दुनिया और ⏩ शेष पेज 7 पर

### बंटे हुए हैं यूएन के संवाद

*विदेश मंत्री ने कहा कि यूएन को बनाए रखना और इसके पुनर्निर्माण की मांग करना साफ तौर पर दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती है। वैश्विक मंच पर होने वाली ज्यादातर बहस विभाजित हैं। इतना ही नहीं किसी भी सार्थक सुधार को अपनी ही प्रक्रिया के जरिए रोका जा रहा है। जयशंकर ने कहा कि जब यूएन में खुद को आतंकवादी कहने वालों को प्रतिबंधों से सुरक्षित किया जाता है। तो एक प्रकार से यह वैश्विक निकाय की ईमानदारी पर ही सवालिया निशान खड़ा करता है। बताते चलें कि पाकिस्तान वर्तमान समय में यूएनएससी का एक सदस्य देश है। इसी साल जुलाई महीने में उसने परिषद की अध्यक्षता भी की थी। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे 5 स्थायी और 10 अस्थायी देश हैं। अस्थायी देशों का चुनाव यूएन महासभा द्वारा दो वर्ष के लिए किया जाता है। जबकि प्रत्येक देश को हर महीने परिषद की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी जाती है।*

## दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके में रची जा रही थी हमले की साजिश

# स्पेशल सेल ने दो संदिग्ध आईएसआईएस आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने दो संदिग्ध आईएसआईएस आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। एक को दिल्ली के सादिक नगर और दूसरे को भोपाल से पकड़ा गया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि राजधानी के भीड़भाड़ वाले इलाके में कथित तौर पर आतंकवादी हमले की साजिश रची जा रही थी। इन इलाकों में दक्षिणी दिल्ली का एक मॉल और एक सार्वजनिक पार्क भी शामिल था। पकड़े गये दोनों आतंकियों के नाम अदनान खान उर्फ अबु मोहम्मद और मोहम्मद अदनान बताये गये है। पुलिस इनके कब्जे से बरामद आपत्तिजनक सामग्री की जांच पड़ताल कर रही है।

एडिशनल सीपी प्रमोद कुशवाहा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक घड़ी, जिसका उपयोग वे आईईडी के लिए टाइमर बनाने के लिए कर रहे थे तथा उन स्थानों की तस्वीरें भी जब्त की गई है, जहां वे आईईडी बनाने के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों ने दिल्ली में उन स्थानों की रेकी की थी जहां वे हमले की योजना बना रहे थे। इसमें दक्षिणी दिल्ली का एक मॉल और एक सार्वजनिक पार्क शामिल था। सबसे पहले एक व्यक्ति को 16 अक्टूबर को सादिक नगर से गिरफ्तार किया गया और दूसरे को भोपाल से पकड़ा। भोपाल निवासी अदनान खान को उत्तर प्रदेश पुलिस ने ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक अधिकारी को सोशल मीडिया पर धमकाने के आरोप में पहले भी गिरफ्तार किया था। अधिकारी ने कहा प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी आईएसआईएस से संबद्ध थे और दिल्ली में एक बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। उनके पास से बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक सामग्री की जांच की जा रही है। इसके साथ ही संदिग्धों से उनके नेटवर्क और आगामी योजनाओं के बारे में कड़ी पूछताछ की जा रही है।

# साइबर धोखाधड़ी के आरोप में दो दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक महिला से सात लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी करने के मामले में पश्चिमी जिले की साइबर पुलिस ने गुजरात के सुरेंद्र नगर जिले से दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके नाम शोएबभाई मुल्तानी (24) और असलमभाई मुल्तानी (37) बताये गये हैं। दोनों कथित तौर पर एक नेटवर्क का हिस्सा थे जो ठगी के लिए बैंक खातों की व्यवस्था करता था और कमीशन पर ठगी की गई रकम निकालता था।

पुलिस का कहना है कि शोएबभाई एक ट्रैक्टर कंपनी में सेल्समैन है और असलमभाई मुल्तानी (37) एक डेयरी फार्म चलाता है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब एक सरकारी अस्पताल की नर्सिंग अधिकारी ने शिकायत की कि उन्हें 19 जुलाई को आई एक कॉल में दावा किया गया कि उनका नाम धनशोधन के एक मामले में आया है। फोनकर्ता ने खुद को जांच अधिकारी बताते हुए उन्हें वीडियो निगरानी यानि डिजीटल अरेस्ट किया और धोखे से उनसे सात लाख रुपये एक बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए। शिकायत के बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच के दौरान पता चला कि ठगी गई 30 प्रतिशत राशि झारखंड के एक खाते में और शेष 70 प्रतिशत गुजरात के एक खाते में भेजी गई थी। सुरेंद्र नगर के एक बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी चेक के जरिए पैसे निकालते हुए नजर आया। झारखंड और गुजरात में छापेमारी के दौरान ये गिरफ्तारियां हुई। इस मामले में झारखंड के ही एक अन्य आरोपी जितेंद्र कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| |
|---|
| **कार्य का नाम और इसकी स्थितिः 39-SRDEE-G-DLI-2025-26** दिल्ली मंडल में पुराने एवं दोषपूर्ण एटी पैनलों/केबलों के प्रावधान/प्रतिस्थापन के साथ विद्युत आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करने के संबंध में विद्युत कार्य। |
| **निविदा की अनुमानित लागतः** रु. 1,26,99,860.00 |
| **कार्यालय का पताः** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली |
| **बयाना राशिः** रु. 2,13,500.00 |
| **निविदा निवेदन की अंतिम दिनांक व समयः** 17.11.2025, 16:00 बजे |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समयः** 17.11.2025, 16:00 बजे |
| **वेब साइट व नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली। |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3318/25


# एक करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी का आरोपी गोवा से पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की साइबर पुलिस ने 1.10 करोड़ के बड़े साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। एक आरोपी को गोवा से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पीड़ित और उसके परिवार को एक फर्जी कंपनी में नौकरी देने और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके यह रकम ठगी थी। आरोपी का नाम कुणाल सतीश हेलकर (24) निवासी सतारा, पुणे, महाराष्ट्र बताया गया है।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार दीक्षा कनौजिया ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की थी। इसके बाद द्वारका साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। शिकायतकर्ता का कहना था कि कुणाल सतीश हेलकर नाम के एक व्यक्ति ने नौकरी के ऑफर, कंपनी पार्टनरशिप और इन्वेस्टमेंट के मौकों के बहाने धोखाधड़ी, जालसाजी और झूठे लालच देकर उनसे और उनके परिवार से लगभग 1.10 करोड़ की ठगी की है। आरोपी ने सबसे पहले 20 फरवरी 2024 को लिंक्डइन के जरिए शिकायतकर्ता से संपर्क किया और उसे अपनी कथित कंपनी विजया डिजिटल कॉर्पोरेशन में 45,000 की सैलरी पर डिजिटल एसोसिएट न्यूज एडिटर की नौकरी का ऑफर दिया। समय के साथ उसने प्लानर मीडिया ग्रुप, स्पीक कम्युनिटी नेटवर्क और विजया डिजिटल कॉर्पोरेशन जैसी कई फर्जी कंपनियां बनाई और खुद को बड़े-बड़े प्रोफेशनल के तौर पर पेश किया। झूठा दावा किया कि उसका यूनेस्को इंडिया से संबंध है। मनगढ़ंत ऑफर लेटर, फर्जी रसीदें, जाली दस्तावेज और हेरफेर की गई ऑनलाइन पहचान का इस्तेमाल करके, आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके रिश्तेदारों को गैजेट खरीदने, डीडीए फ्लैट अलॉटमेंट, इंटर्नशिप फीस और रोजगार स्कीमों सहित अलग-अलग बहानों से बड़ी रकम ट्रांसफर करने के लिए उकसाया। जांच के दौरान पूरी डिजिटल ट्रैकिंग और निगरानी के बाद आरोपी को गोवा से दबोच लिया गया।

# फर्श बाजार में ई रिक्शा पलटने से शख्स की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के फर्श बाजार इलाके में जानलेवा हादसा हुआ। दरअसल एक स्कूटी की टक्कर से बचने के लिये चालक द्वारा ई रिक्शा तेजी से मोड़ दिया गया। ई रिक्शा पलट गया जिससे एक शख्स की मौत हो गई और एक महिला घायल हुई।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को हेडगेवार आरोग्य संस्थान से फर्श बाजार थाने में एक हादसे में कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी मिली। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि कोमल सिंह चंदेल (74) पुत्र भोले सिंह चंदेल निवासी एफ-43, गली नंबर 5, चंदर नगर, कृष्णा नगर को सिर और चेहरे पर चोट लगने के कारण मृत लाया गया था। वह एक ई-रिक्शा में यात्रा कर रहे थे और यह हादसा गली नंबर 17, साठ फुटा रोड, फर्श बाजार में हुआ। ड्राइवर ने एक स्कूटी की टक्कर से बचने के लिए ई-रिक्शा को साइड में मोड़ा, जिससे ई-रिक्शा पलट गया। एक और महिला भी रिक्शा में सवार थी। उसके दाहिने पैर में मामूली चोटें आई हैं। महिला का नाम पुष्पा (26) पत्नी किशोर निवासी गांव घोंडली, कृष्णा नगर बताया गया है। ई रिक्शा ड्राइवर नाज मोहम्मद (38) पुत्र यासीन, निवासी बी-301, एनएसए कॉलोनी, फर्श बाजार को हिरासत में ले लिया गया है। उसे भी दाहिने हाथ में मामूली चोटें आई हैं। ई-रिक्शा को भी कब्जे में लिया गया है।

## विवेक विहार में कई दुकानों के शटर उखाड़े

नई दिल्ली। शाहदरा जिले के विवेक विहार थाना अंतर्गत कई दुकानों के शटर उखाड़कर चोरी का मामला सामने आया है। यह वारदात बी ब्लॉक मार्केट में हुई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच क्रैक टीम के हवाले कर दी है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह 5:27 बजे, बी ब्लॉक मार्केट, विवेक विहार में शटर तोड़ने के संबंध में एक पी.सी.आर. कॉल प्राप्त हुई थी। आईओ एसआई संदीप अन्य स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर कॉलर अनिलेश पुत्र वेदव्रत निवासी 9/156, वसुंधरा, गाजियाबाद मिले। जांच करने पर पाया गया कि कुछ दुकानों के शटर थोड़े खुले हुए थे। दुकानों बी-7, बी-14, और बी-17/3 से लगभग चार से पांच हजार रुपये चोरी होने की बात पता चली है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आजम खान, पुत्रः रहीस खान, निवासीः मकान संख्या–106ए, ब्लॉक गली संख्या–6 लक्ष्मी गार्डन, इंद्रपुरी, गाजियाबाद** ने **FIR No.: 90/2012, Date:04/03/2012, U/s: 379 IPC, पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आजम खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आजम खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना गाजीपुर, दिल्ली** के अभियुक्त **आजम खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 24.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सचिन
जेएमएफसी–03, पूर्व जिला, कमरा संख्या 16,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14322/ED/2025



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुरबान, पुत्रः** तशलीम, **पताः** मकान नं. सी–81, गली नं.–01, सीतापुरी, डाबड़ी, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 382/2022 U/s 380/454/411/34 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुरबान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कुरबान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 382/2022 U/s 380/454/411/34 IPC, थानाः राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुरबान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–02
कमरा नं. 356, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12284/WD/2025
(Court Matter)


## चार स्कूलों को बम की धमकी वाले मिले ईमेल

नई दिल्ली। राजधानी के चार स्कूलों को शुक्रवार सुबह बम की धमकी भरे ईमेल मिले। इसके बाद अधिकारियों को पूरी जांच के लिए परिसरों को तुरंत खाली कराना पड़ा। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सभी स्कूलों को मिले बम की धमकी वाले ईमेल जांच के बाद फर्जी निकले। अग्निशमन विभाग के अनुसार द्वारका के सेक्टर 16 स्थित सीआरपीएफ स्कूल में बम रखे होने की धमकी के संबंध में फोन पर पहली सूचना सुबह 8.15 बजे मिली। इसके बाद नांगलोई के संत दर्शन पब्लिक स्कूल से सुबह 8.20 बजे फोन पर इसी तरह की सूचना मिली। सुबह करीब 8.51 बजे गोयला डेयरी क्षेत्र स्थित शांति ज्ञान निकेतन से भी ऐसी ही कॉल आई और धमकी की चौथी सूचना सुबह 10.33 बजे प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल से मिली। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय पुलिस, बम निरोधक इकाइयों और खोजी कुत्तों के साथ डीएफएस की कई टीम संबंधित स्थलों पर पहुंचीं। सभी परिसरों की गहन जांच की गई और कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। सत्यापन के बाद धमकी भरे मेल फर्जी घोषित कर दिए गए। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस दहशत फैलाने वालों की पहचान करने के लिए ईमेल के स्रोत का पता लगा रही है।

# महिला की चाकू मारकर हत्या नाबालिग समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले के आदर्श नगर थाना एरिया में गुरुवार देर रात 30 साल की एक महिला मृत पायी गयी जबकि दूसरी घायल मिली। पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू की और कुछ ही घंटों के भीतर एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि इस वारदात के बारे में जानकारी बृहस्पतिवार रात 9.30 बजे के आसपास मिली। मृत महिला की पहचान निर्मला उर्फ बंगालन (30) के रूप में जबकि घायल महिला की पहचान खजूरी खास की रहने वाली फिरोजी (30) के रूप में हुई है। फिरोजी को पहले बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया था लेकिन बाद में एलएनजेपी अस्पताल के लिये रेफर कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर घायल मिली फिरोजी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। मामले में तीन संदिग्धों को पकड़ा गया है। इनके एक नाबालिग भी शामिल है। जांच के दौरान पता चला कि मृतका आलम नाम के एक व्यक्ति के लिए काम करती थी, जिसने कथित तौर पर कुछ दिन पहले विक्की की पत्नी और उसके साथियों को पीटा था। इसका बदला लेने के लिए विक्की पुत्र राजबीर, निवासी एच-396, शकूरपुर बस्ती ने अंकित उर्फ आलोक पुत्र रमेश साहनी, और एक नाबालिग दोनों निवासी गली नंबर 11, 20 फीट रोड, मुकुंदपुर के साथ मिलकर साजिश रची। शुक्रवार को विक्की अंकित और नाबालिग को अपनी स्कूटी पर मौके पर ले गया, जहां अंकित ने दोनों महिलाओं पर चाकू से हमला किया, यह मानकर कि वे आलम से जुड़ी हुई हैं। अपराध के पीछे का मकसद आलम से बदला लेना था। इस मामले में जेजे एक्ट के उचित प्रावधान भी लागू होंगे क्योंकि आरोपी विक्की ने अपराध करने के लिए नाबालिग का इस्तेमाल किया है। आगे की जांच जारी है।

# दिल्ली में पहली बार होने वाली है कृत्रिम बारिश बुराड़ी में किया गया सफल परीक्षणः स्काईमेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली सरकार पहली बार कृत्रिम बारिश करवाने की तैयारी कर चुकी है। इस बारे में जहां मौसम अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली में पहली बार कृत्रिम बारिश की जाएगी। कंपनी का कहना है कि इस प्रकार की बारिश का सफल परीक्षण सरकार ने बुराड़ी क्षेत्र में किया है। कंपनी की मानें तो इस बात की जानकारी खुद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी गुरुवार को घोषणा की है, जिसमें बताया गया है कि सफल ट्रायल बुराड़ी क्षेत्र में हो चुका है। कंपनी ने विस्तार से बताया कि इस ट्रायल को आईआईटी कानपुर की टीम ने दिल्ली सरकार और मौसम विभाग (आईएमडी) के सहयोग से ट्रायल फ्लाइट संचालित किया। इस ट्रायल फ्लाइट ने आईआईटी कानपुर, मेरठ के खेकड़ा, दिल्ली के बुराड़ी के अलावा सादकपुर भोजपुर अलीगढ़ कानपुर मार्ग कवर किया। इस दौरान खेकड़ा और बुराड़ी के बीच फ्लेयर्स यानी सिल्वर आयोडाईड और सोडियम क्लोराइड छोड़े गए ताकि बादलों के व्यवहार और तकनीकी उपकरणों की तैयारी का परीक्षण हो सके। स्काईमेट का कहना है कि अगर मौसम ने साथ दिया, तो आगामी 29 अक्टूबर 2025 को राजधानी में पहली वैज्ञानिक बारिश देखने को मिलेगी। कंपनी ने बताया कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने इस परियोजना को 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक मंजूरी दी है। इसके तहत आईआईटी कानपुर के सीसना 206-एच (वीटी-आईआईटी) विमान को इस कार्य के लिए अधिकृत किया गया है। यह विमान विज्युल फ्लाइट रूल के तहत उड़ान भरेगा और हर उड़ान के दौरान सुरक्षा व वायु यातायात नियंत्रण (एटीसी) नियमों का पालन किया जाएगा। परियोजना को 23 सरकारी विभागों की स्वीकृति भी मिल चुकी है। कंपनी ने बताया कि यह पूरा प्रोजेक्ट दिल्ली सरकार, आईआईटी कानपुर, आईएमडी, और आईआईटीएम पुणे का संयुक्त प्रयास है। दोनों संस्थानों के बीच पिछले महीने एमओयू (समझौता ज्ञापन) साइन किया गया था, जिसके तहत पांच प्रायोगिक क्लाउड सीडिंग ट्रायल किए जाएंगे। इन ट्रायल्स का मुख्य फोकस उत्तर-पश्चिम दिल्ली के प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों पर रहेगा।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली-6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कार्य का नाम एवं स्थान** | अंबाला-लुधियाना सेक (वंदे भारत रूट) पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर IV/ अंबाला सेक्शन में 264.700 किमी से 359.00 किमी तक-रेल गाड़ियों के सुरक्षित संचालन के लिए ट्रैक के साथ सुरक्षा बाड़ (आर.सी.सी दीवार/ सुरक्षा अवरोध) का प्रावधान। | | |
| **अनुमानित/ निदेशात्मक परियोजना लागत** | ₹ 126,94,25,233.86/- | **कार्य पूरा करने की अवधि** | 12 माह |
| **जमा की जाने वाली जमानती राशि** | | ₹ 64,97,100.00/- | |
| **विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज** | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **23.10.2025** से **18.11.2025** तक उपलब्ध होगी। | | |
| **बोली पूर्व सम्मेलन** | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली तथा ऑनलाइन वीडियों कॉफ्रेंसिंग लिंक के माध्यम द्वारा। में दिनांक **29.10.2025** को **11:30** बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। | | |
| **पूर्वावलोकन प्रश्नो की प्राप्ति की अंतिम तिथि** | | 30.10.2025 18:00 बजे तक | |
| **पूर्वावलोकन प्रश्नों का उत्तर** | | 04.11.2025 18:00 बजे तक | |
| **ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय** | **18.11.2025** को **11:30** बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज **04.11.2025** से **18.11.2025** तक **www.ireps.gov.in** वेब साइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। | | |
| **ई–निविदा खुलने की तिथि और समय** | **18.11.2025** को **11:30** बजे। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। | | |

सं.: 74-डब्लु/1/1/451/डब्लु.ए./अंबाला दिनांक: 23.10.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3301/2025


## मुख्यमंत्री ने छावला बीएसएफ कैंप में पेयजल परियोजना का किया शिलान्यास

# देश की सुरक्षा में तैनात बीएसएफ के जवान हमारे देश की ढाल : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



देश की सुरक्षा में तैनात बीएसएफ के जवान हमारे देश की ढाल हैं, इनके लिए सुविधा सुनिश्चित करना हमारी सरकार का कर्तव्य है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली स्थित छावला बीएसएफ कैंप में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की परियोजना के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बीएसएफ के जवानों के साथ भैया-दूज का पर्व भी मनाया। मुख्यमंत्री ने जवानों की मांग पर कैंप परिसर में सिंथेटिक ट्रैक निर्माण का भी आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार छावला के इस विशाल कैंप के जवान अभी तक जल बोर्ड के पेयजल से वंचित थे। विशेष बात यह है कि जो पाइप लाइन बिछाई जा रही है, उसका पानी आसपास के ग्रामीण इलाकों तक भी पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पानी की यह पाइप लाइन छावला बीएसएफ़ कैंप से छावला गांव की फिरनी रोड तक बिछाई जाएगी। द्वारका वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़ने वाली यह नई पाइपलाइन न केवल बीएसएफ़ कैंप परिसर बल्कि आसपास के स्थानीय निवासियों को स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करेगी। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संदीप सहरावत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी व क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए सतत प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार सेना के जवानों, नागरिकों और ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए सतत प्रयासरत है। दिल्ली सरकार उनके प्रशिक्षण और सुविधाओं से जुड़े अन्य कार्यों को भी प्राथमिकता से पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार के लिए हमारे वीर जवानों की आवश्यकताएं सर्वोच्च प्राथमिकता पर हैं। यह परियोजना क्षेत्र के हजारों लोगों और बीएसएफ़ जवानों के लिए राहत लेकर आएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब उन्होंने हाल ही में छावला कैंप का दौरा किया था, तब उन्हें बीएसएफ़ कैंप में पानी की समस्या का पता चला था। अब शीघ्र ही इस समस्या का निदान हो जाएगा।

### भैया दूज का पर्व सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक

मुख्यमंत्री ने छावला कैंप के जवानों के साथ भैया-दूज पर्व भी मनाया और उनकी लंबी उम्र की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। देश की सीमाओं पर तैनात प्रत्येक सिपाही हमारे लिए गर्व का प्रतीक है। उनके समर्पण की बदौलत ही 140 करोड़ भारतीय निश्चिंत होकर जीवन व्यतीत करते हैं। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री मोदी हर वर्ष दीपावली अपने सैनिक भाइयों के साथ मनाते हैं। उनकी यह भावना कि देश की सेना ही हमारा परिवार है, हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मानते हैं कि जब देश सुरक्षित होता है, तभी वह समृद्ध बनता है। मुख्यमंत्री के अनुसार देश के जवान देश को सुरक्षित बनाए रखे हुए हैं और प्रधानमंत्री देश की समृद्धि और विकास का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों मिलकर भारत को एक 'विकसित राष्ट्र' और 'विश्व गुरु' बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली–6 निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई–निविदा आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम एवं स्थान** | सहारनपुर–लक्सर (मुरादाबाद – सहारनपुर) सेक्शन पर वरि. मंडल इंजीनियर–II/दिल्ली एवं लक्सर से बलिया खेड़ी तक के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सेक्शन (गाजियाबाद–मेरठ–सहारनपुर) में प्री कास्ट / कास्ट आर.सी.सी दीवार, सुरक्षा बाड़, (दोहरी डब्ल्यू टाईप), सुरक्षा अवरोधक, छोटे आकार के अंडर पास का प्रावधान । |
| 2. | **अनुमानित / निदेशात्मक परियोजना लागत** | रुपये 130,41,73,461.25/- |
| 3. | **कार्य पूरा करने की अवधि** | 12 माह |
| 4. | **जमा की जाने वाली जमानती राशि** | रुपये 66,70,900/- |
| 5. | **विस्तृत ई–निविदा सूचना तथा निविदा दस्तावेज** | उपर्युक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 23.10.2025 से 18.11.2025 तक उपलब्ध होगी। |
| 6. | **बोली पूर्व सम्मेलन** | मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, कश्मीरी गेट, दिल्ली तथा ऑनलाइन वीडियो कॉफ्रेंसिंग लिंक के माध्यम द्वारा। में दिनांक 29.10.2025 को 14:30 बजे बोली पूर्व सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। |
| 7. | **पूर्वावलोकन प्रश्नों की प्राप्ति की अंतिम तिथि** | 30.10.2025 18:00 बजे तक |
| 8. | **पूर्वावलोकन प्रश्नो का उत्तर** | 03.11.2025 18:00 बजे तक |
| 9. | **ई–निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय** | 18.11.2025 को 11:30 बजे तक। निविदाकर्ता द्वारा निविदा दस्तावेज 04.11.2025 से 18.11.2025 तक **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 10. | **ई–निविदा खुलने की तिथि और समय** | 18.11.2025 को 11:30 बजे। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

सं0 – 74–डब्लु/1/2/405/डब्लु.ए./सीएसईबी–II दिनांक : 23.10.2025 3300/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मुख्यमंत्री ने द्वारका-पोचनपुर छठ पूजा समिति के घाट का किया निरीक्षण

# छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को नहीं होनी चाहिए असुविधा : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली में छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को द्वारका सेक्टर-23बी स्थित पोचनपुर छठ पूजा समिति के घाट का निरीक्षण के दौरान यह बात कही। इस दौरान उन्होंने घाट पर चल रही तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक संदीप सहरावत, छठ पूजा समिति के सदस्य एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कहा कि दिल्ली सरकार की ओर से छठ महापर्व की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं। वहीं, यमुना सफाई मामले में मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यमुना सफाई के लिए सभी स्तरों से मिल रहा सहयोग इस कार्य को और सशक्त बना रहा है।



### घाट की रंगाई-पुताई के कार्य में किया श्रमदान

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं घाट की रंगाई-पुताई के कार्य में श्रमदान किया, जिससे स्थानीय लोगों में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब जनप्रतिनिधि और जनता मिलकर किसी आयोजन की तैयारी करते हैं, तो वह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक एकता और सहभागिता का उत्सव बन जाता है।

### मां यमुना की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि मां यमुना की सफाई का कार्य पिछले आठ महीनों से युद्ध स्तर पर जारी है। सरकार ने यमुना को स्वच्छ और अविरल बनाने का संकल्प लिया है और यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसे तब तक जारी रखा जाएगा जब तक मां यमुना पूर्ण रूप से स्वच्छ न हो जाएं। उन्होंने कहा कि अब इस प्रयास के परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। यमुना की सफाई के अभियान में दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकारों के साथ-साथ केंद्र सरकार का भी सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### छठ पर्व पर सोमवार को सरकारी अवकाश रहेगा: सीएम

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की है कि छठ पर्व के अवसर पर सोमवार 27 अक्टूबर को सरकारी अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस पर्व पर सोमवार को इसलिए अवकाश किया जा रहा है, क्योंकि चार दिन के इस पर्व के तीसरे दिन व्रती सूर्यास्त के समय नदी या तालाब के किनारे जाकर अस्तगामी सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। यह छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन सुबह से ही तैयारी शुरू हो जाती है और पूरा परिवार किसी ने किसी कार्य को पूरा करने में लगा रहता है। मुख्यमंत्री के अनुसार इसी तथ्य को ध्यान में सरकार ने सोमवार 27 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश किया गया है। मुख्यमंत्री ने इस पर्व को लेकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी और कहा है कि छठ पर्व प्रकृति को समर्पित पर्व है, जिसमें सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा होती है।

### छठी मईया के पूजन के लिए भव्य और दिव्य आयोजन करेगी सरकार : रविंद्र इंद्राज

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार छठी मईया के पूजन, लोक आस्था के सम्मान और भक्ति के लिए भव्य और दिव्य आयोजन करेगी। दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को बवाना विधानसभा में बेगमपुर के भरत विहार घाट, शाहबाद डेयरी के पंच मंदिर घाट और रोहिणी के पंसाली घाट के निरीक्षण के दौरान यह बातें कही। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों तथा स्थानीय निवासियों के साथ स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और श्रमदान भी किया। समाज कल्याण मंत्री ने सफाई कर्मियों के साथ स्वच्छता कार्य करने के साथ ही श्रमिकों के साथ घाटों के निर्माण कार्यों में भी सहभागिता की। मंत्री इन्द्राज ने कहा कि मॉडल घाटों और सांस्कृतिक आयोजनों से दिल्ली में नई परम्परा की शुरुआत हो रही है। पूरी दिल्ली अब तक के सबसे भव्य आयोजन के लिए तैयार हो रही है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा, नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के भव्य आयोजन के बाद अब छठ महापर्व का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

### छठ घाटों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है निगम

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने बताया कि दिल्ली नगर निगम ने सभी वार्डों में छठ पूजा के सुचारू आयोजन के लिए फंड आवंटित किया है। हमने छठ घाटों पर प्रकाश की व्यवस्था करने के लिए प्रति वार्ड 40 हजार रुपए की राशि जारी की है। इस राशि का इस्तेमाल छठ घाटों के अंदर एवं आस पास रोशनी की व्यवस्था करने के लिए खर्च किया जाएगा। उन्होंने दिल्ली नगर निगम छठ पूजा के इस पावन पर्व के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सत्या शर्मा ने कहा कि निगम के विद्युत विभाग द्वारा 250 वार्डों में कुल 841 छठ घाटों की पहचान की गई है। विद्युत विभाग अपने कर्मियों को जल्द से जल्द लाइटिंग कार्य पूरा करने के लिए तैनात करेगा, क्योंकि उचित प्रकाश व्यवस्था न केवल उत्सव में रंग भर देगी बल्कि बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी जो घाटों पर पूजा करने आएंगे। सत्या शर्मा ने कहा कि सभी संबंधित विभागों को समय पर तैयारी और निगरानी के लिए आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं ताकि वार्ड स्तर पर कार्य समय पर पूरे किए जा सकें। निगम घाटों पर समुचित स्वच्छता व्यवस्था भी सुनिश्चित करेगा ताकि लोग स्वच्छ और सुखद वातावरण में पर्व मना सकें।

## छठ पूजा उत्सव के लिए उचित व्यवस्था करने में विफल रही है भाजपा सरकारः कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि छठ पूजा उत्सव की तैयारियों व उचित व्यवस्था करने में बुरी तरह फैल साबित हो गई है। तमाम दावों के बावजूद रेखा सरकार छठ पूजा के लिए बंदोबस्त नहीं कर सकी है, जिसका खामियाजा लाखों पूर्वांचलियों को भुगतना पड़ेगा। श्रद्धालुओं को छठ जैसे महापर्व पर अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि गत वर्षों में पहले अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सरकार ने छठ पूजा के नाम पर लोगों को ठगा। अब वर्तमान भाजपा सरकार भी उसी राह चलते हुए दिल्ली के पूर्वांचल भाईयों की भावनाओं और धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने में पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ छठ घाटों पर अपने बड़े-बड़े होर्डिंग लगवाकर, टीवी पर प्रचार करके अपनी इमेज बिल्डिंग बनाने का काम कर रही है। काम के तौर पर यमुना पर दिखावे के लिए सिर्फ 4-5 पाईंट बनाकर छठ के बड़े आयोजन का बखान करना दिल्ली के पूर्वांचल भाई-बहनों को भ्रमित करना है। यादव ने कहा कि 10 दिन पहले हमने प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को दिल्ली के पूर्वांचली भाई बहनों की अपने गृह राज्य जाने के लिए बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़ आदि प्रदेशों के लिए विशेष ट्रेनों और रियायती किराए की व्यवस्था करने के संबध में पत्र लिखा था। लेकिन सिर्फ 4 विशेष ट्रेन चलाकर भाजपा सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है जबकि रेलवे स्टेशनों पर अवव्यवस्था और इतनी मारा मारी है कि लोग छठ मानने के लिए ट्रेनां में चौगुना संख्या में भरकर जाने को मजबूर है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने बेशक यमुना के पानी को डाईवर्ट करने की कोशिश की है, लेकिन यमुना उतनी ही गंदी और प्रदूषित है, ।यमुना की स्थायी सफाई के लिए सरकार ने कोई ठोस कार्य किया ही नहीं है। मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, पर्यावरण मंत्री सहित अन्य भाजपा नेताओं ने अधिकारियों के साथ यमुना के दौरे करने में कोई कसर नही छोड़ी है, क्योंकि प्रचार ही सरकार की स्थिरता का आधार है। उन्होंने कहा कि वास्तविकता की जानकारी न होने के कारण कोई 1400 घाट, कोई 1500 घाट बनाने की बात कह रहा है। जमीनी स्तर पर व्यवस्था का आकलन कोई नही कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्वांचली श्रद्धालु दूषित यमुना के जहरीले जल में आस्था का पर्व छठ को मनाने को मजबूर है।

## दिल्ली के विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है सरकार : रेखा गुप्ता




हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- तीस करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

दिल्ली सरकार राजधानी के समग्र विकास के लिए पूर्ण रूप से समर्पित है और विधायक एवं निगम पार्षदों द्वारा प्रस्तावित सभी विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण की गई विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम में यह संबोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने नवनिर्मित नए छठ घाट का उद्घाटन कर उसे जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मी नगर में निर्मित यह नया घाट न केवल पूर्वांचल समाज की आस्था का प्रतीक है, बल्कि दिल्ली की सांस्कृतिक एकता और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक भी बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वांचल समाज दिल्ली की रीढ़ है, जो अपनी मेहनत, सेवा और समर्पण के माध्यम से राजधानी के विकास में निरंतर योगदान दे रहा है। मुख्यमंत्री ने पूर्वांचल समाज द्वारा उन्हें 'पूर्वांचल की बेटी' कहकर संबोधित करने पर कहा कि यह उनके लिए गौरव और उत्तरदायित्व दोनों का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में लक्ष्मी नगर के विधायक अभय वर्मा, निगम पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी परियोजनाएं क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

### सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर है और प्रदूषण मुक्त दिल्ली बनाने के लिए जन-सहभागिता के साथ ठोस कदम उठा रही है। इस अवसर पर उन्होंने धोबी समाज से अपील की कि वे पारंपरिक कोयले की प्रेस की जगह इलेक्ट्रिक प्रेस का उपयोग करें ताकि प्रदूषण कम हो सके। इसी तरह, सर्दियों में लकड़ी जलाकर गर्मी प्राप्त करने वाले चौकीदार भाइयों से भी उन्होंने इलेक्ट्रिक हीटर के उपयोग का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयासों को सरकार प्रोत्साहित करेगी, ताकि दिल्ली का पर्यावरण प्रदूषण मुक्त बन सके।

### नए विकास कार्यों में गलियां, सड़के व सीवर शामिल

मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटित परियोजनाओं में लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हुए विभिन्न विकास कार्य शामिल हैं। इनमें 16 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 153 गलियां और सड़कें, 12 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से तैयार 75 सीवर व पानी की लाइनें तथा 1 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से निर्मित गणेश नगर कॉम्प्लेक्स की पुलिया शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एस ब्लॉक पांडव नगर से अक्षरधाम मेन रोड तक के सर्वे कार्य, शाहदरा लिंक ड्रेन के सौंदर्यीकरण के लिए सर्वे तथा नवनिर्मित छठ घाट का भी लोकार्पण शामिल है।

## बंपर दिवाली के बाद छठ पर 38 हजार करोड़ के व्यापार का अनुमान, दिल्ली में 6 करोड़ का व्यापारः कैट

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

बंपर दिवाली के बाद अब छठ पूजा व्यापारियों के लिए बड़ी खुशखबरी लेकर आ रही है। अनुमान है कि देशभर में छठ पूजा के चलते 38 हजार करोड़ का व्यापार हो सकता है। वहीं दिल्ली के व्यापारियों व दुकानदारों के लिए भी कम खुशी की बात नहीं कि अकेले राजधानी में ही 6 हज़ार करोड़ से अधिक के व्यापार की संभावना बनी हुई है। इस बारे में व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल का कहना है कि उपरोक्त अनुमान सही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष यह आंकड़ा लगभग 31,000 करोड़ रुपये और 2023 में लगभग 27000 करोड़ रुपये था। जाहिर है इस बार जीएसटी की दरें घटी है जिससे यह स्पष्ट है कि हर वर्ष छठ पर्व के व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि इस बार और ज्यादा बढ़ेगी। उन्होंने



बताया कि दिल्ली में छठ पूजा पर लगभग 6 हज़ार करोड़ से अधिक के व्यापार होने की उम्मीद है। देश के विभिन्न राज्य जहां छठ पूजा सबसे अधिक भव्यता से मनाई जाती है उसमें बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा और महाराष्ट्र, विदर्भ, मध्य प्रदेश शामिल हैं। खंडेलवाल ने बताया कि अनुमान है कि इस पर्व पर करीब 15 करोड़ श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष पूरे देश में व्रत, स्नान, अर्घ्य और पूजा के पारंपरिक विधान में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष दिल्ली में भी छठ पूजा के विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिसमें दिल्ली सरकार द्वारा लगभग 1500 घाटों का निर्माण किया गया है। दिल्ली के घाटों जैसे यमुना घाट, वासुदेव घाट, लालबाग, मुनक नहर, कालिंदी कुंज, वज़ीराबाद, मजनूं का टीला, मुनक नहर, गीता कॉलोनी आदि पर लाखों श्रद्धालु पहुंचकर अर्घ्य अर्पित कर पूजा करेंगे। उन्होंने बताया कि छठ पूजा से संबंधित प्रमुख वस्तुओं में सुप, दौरा, डलिया, मिट्टी के दीपक, बांस की टोकरी, सूप और सुथनी, फल विशेषकर केला, नारियल, सेब, गन्ना, नींबू, गेहूं और चावल का आटा, मिठाइयां, प्रसाद हेतु ठेकुआ और खजूर, पूजा सामग्री, साड़ी और पारंपरिक वस्त्र, सजावट सामग्री, दूध और घी, पूजा पात्र, टेंट व सजावट के सामान, ट्रांसपोर्ट एवं आतिथ्य सेवाएँ शामिल हैं वहीं पारंपरिक परिधान जैसे साड़ियाँ, लहंगा-चुन्नी, सलवार-कुर्ता (महिलाओं के लिए) और कुर्ता-पायजामा, धोती (पुरुषों के लिए) की ख़रीदारी भी बड़े पैमाने पर हो रही है।, जिससे स्थानीय व्यापारियों और लघु उद्योगों को सीधा लाभ मिल रहा है।

## प्रदूषण पर रेखा सरकार ठोस उपायों की बजाए क्लाउड सीडिंग पर बहा रही है जनता का पैसाः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार प्रदूषण रोकथाम में बिना किसी ठोस उपाय किए विफल हो चुकी है। ऐसे में सीएम रेखा गुप्ता क्लाउड सीडिंग के नाम पर करदाताओं के करोड़ों रुपये बर्बाद कर रही है। यादव ने कहा कि आर्टिफिशियल बारिश क्लाउड सीडिंग के द्वारा दिल्ली के दमघोटू और खतरनाक प्रदूषण पर नियंत्रण पाने में रेखा गुप्ता सरकार ने यह सुनिश्चित नही किया है कि इससे कितनी सफलता मिलेगी। जबकि 3.21 करोड़ खर्च के ट्रायल में 90 मिनट की उड़ान से बादलों में रसायन छोड़कर 100 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र कवर करके सिर्फ 5-15 प्रतिशत ज्यादा बारिश हो सकती है। विशेषज्ञों की माने तो इसकी सफलता के साथ-साथ नुकसान की भी आशंका है। बादलों में डाले जाने वाला सिल्वर आयोडाइड कम विषैला है लेकिन एक्सपोजर से सांस, अस्थमा के मराजों के लिए नुकसान पहुंचाएगा और त्वचा में जलन जैसी समस्याओं से दिल्लीवालों को जूझना पड़ सकता है। यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण सहित दिल्ली की योजनाओं को पूरा करने पर ध्यान देने से अधिक अपनी इमेज बिल्डिंग पर ध्यान ज्यादा दे रही है। जिस पर 8 मार्च-23 सितम्बर, 2025 के बीच 6 महीनों में 7.33 करोड़ रुपये खर्च कर डाले। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को राजधानी दिल्ली के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए स्थायी और दीर्घकालीन उपायों को लागू करना होगा। क्योंकि दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण वाहन, टूटी हुई सड़कों के धूल कण, निर्माण धूल कण, औद्योगिक इंकाई, पावर प्लांट, वेस्ट जलाना और कृषि अवशेष पराली आदि जलाना है। उन्होंने क्लाउड सीडिंग से कृतिम बारिश करना पूरी तरह बादलों की घनता पर निर्भर है और दिल्ली सरकार का पहला क्लाउड सीडिंग का ट्रायल लगभग फेल रहा। जबकि दूसरे ट्रायल का समय निश्चित होने के बाद बादलों की घनता न होने के कारण किए नही गए और ट्रायल के लिए तय 29 अक्टूबर को बादलों की घनता के बाद ही क्लाउड सीडिंग संभव होगी। मतलब साफ है कि क्लाउड सीडिंग प्रदूषण नियंत्रण का स्थायी इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सांसे मिलने की कोई गारंटी नही है। जबकि 20-90 मिनट के एक सफल ट्रायल में सिर्फ 20-30 प्रतिशत हवा ही अस्थाई रूप से साफ हो सकती है। भारत के कुछ क्लाउड सीडिंग के पायलट ट्रायल में सिर्फ 3 प्रतिशत ही कृत्रिम बारिश बढ़ी है।

## खादी एवं ग्रामोद्योग को नई दिशा दे रही है दिल्ली सरकार : सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वदेशी', 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए तथा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में, दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को खादी एवं ग्राम उद्योग को नई दिशा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है।

लगभग चार साल बाद आज दिल्ली खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड (डीकेवीआईबी) की 54वीं बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने की। बैठक में डीएसआईआईडीसी के साथ समन्वय में यह निर्णय लिया गया कि दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक भव्य एम्पोरियो स्थापित किया जाएगा, जिसका लक्ष्य दिल्ली के दिल में एक 'वन-स्टॉप' अनुभव उपलब्ध



कराना है, जहां भारत के लगभग 650 जीआई टैग उत्पादों को क्यूरेटेड ढंग से प्रदर्शित और बेचा जाएगा ताकि देशी-विदेशी उपभोक्ता हमारी हस्तशिल्प धरोहर को एक ही छत के नीचे देख-परख कर खरीद सकें।

### लीगल कंसल्टेंट्स की होगी नियुक्ति

सिरसा ने कहा कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि डीकेवीआईबी के नए एक्ट और नियम तैयार करने के लिए लीगल कंसल्टेंट्स की नियुक्ति की जाएगी। इससे बोर्ड के कामकाज को और मज़बूत और व्यवस्थित किया जा सकेगा। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने इस वर्ष के बजट में 50 करोड़ रुपये का आवंटन किया है, जिससे बोर्ड कारीगरों के प्रशिक्षण, स्किलिंग, फंडिंग और उनके उत्पादों के विपणन तक की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करेगा।

### बैठक में 17 प्रमुख एजेंडे पर की गई चर्चा

सिरसा ने बताया कि बैठक में 17 प्रमुख एजेंडे पर चर्चा की गई, जिनमें मुख्य रूप से कुटीर उद्योगों के लिए कौशल वृद्धि योजना, कारीगरों को वित्तीय सहायता, और स्वदेशी उत्पादों के लिए साझा बिक्री मंच (कॉमन प्लेटफ़ॉर्म) की स्थापना जैसे निर्णय शामिल रहे।

## दिल्ली सचिवालय में आयोजित की गई उच्च-स्तरीय बैठक

# गौशालाएं आत्मनिर्भर बन जाएं तो होगा आदर्श उदाहरण: कपिल मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

यदि ये गौशालाएं आत्मनिर्भर बन जाएं, तो यह समाज और पर्यावरण दोनों के लिए आदर्श उदाहरण होगा। विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने घुमनहेड़ा गांव में नई गौशाला की स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अभिरुचि आमंत्रण से संबंधित दिल्ली सचिवालय में शुक्रवार को आयोजित एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार गौवंश के संरक्षण और संवर्धन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हम इस दिशा में गंभीरता से कार्य करेंगे। सभी सुझावों का स्वागत है क्योंकि हमारा उद्देश्य गायों को सड़कों से निकालकर एक सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में लाना है।



जानकारी के अनुसार बैठक में विकास आयुक्त शूरवीर सिंह, पशुपालन इकाई के वरिष्ठ अधिकारी, एनजीओ जैसे इस्कॉन, गोपाल गौ सदन सहित कई अन्य सामाजिक संस्थाओं और हितधारकों ने भाग लिया। इस बैठक का आयोजन विकास विभाग की पशुपालन इकाई ने किया था। बैठक के दौरान गौशालाओं के संचालन, रखरखाव और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण विचार साझा किए गए।

दिल्ली सरकार के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, ऐसे में गौवंश को सड़कों से निकालकर सुरक्षित वातावरण में लाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए ये पहल न केवल दिल्ली की सड़कों को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने की दिशा में एक ठोस कदम साबित होगी बल्कि पशु कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी एक सराहनीय प्रयास साबित होगी।

### वर्तमान में चार गौशालाएं हैं संचालित

सरकार से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 1994 में विकास विभाग की पंचायत इकाई ने पशुपालन इकाई को गौशालाओं के संचालन हेतु भूमि 99 वर्षों की लीज़ पर आवंटित की थी। उस समय पांच गौशालाओं की स्थापना की गई थी, जिनमें से वर्तमान में चार गौशालाएं संचालित हैं। घुमनहेड़ा स्थित आचार्य सुशील मुनि गौसदन का लाइसेंस, अनुबंध शर्तों के उल्लंघन और गौवंश की अत्यधिक मृत्यु होने की वजह से निरस्त कर दिया गया था। अब इस पांचवीं गौशाला को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत पुनः स्थापित किया जाएगा।

### ऐसे होगी गौशाला संचालित करने की चयन प्रक्रिया

नई गौशाला की स्थापना, संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी चयनित एनजीओ, ट्रस्ट, फाउंडेशन या कॉर्पोरेट संस्था को दी जाएगी, जिसे अभिरुचि आमंत्रण प्रक्रिया के माध्यम से चुना जाएगा। भूमि का आवंटन लाइसेंस डीड के आधार पर किया जाएगा और चयनित संस्था गौशाला के निर्माण, संचालन और रखरखाव की सभी जिम्मेदारियां स्वयं के व्यय पर निभाएगी। प्रारंभिक अवधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी, जिसे उनके कार्य प्रदर्शन के आधार पर अगले पाँच वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। चयनित संस्था को एक वर्ष के भीतर गौशाला की स्थापना हेतु पर्याप्त संसाधन और जनशक्ति उपलब्ध करानी होगी।

## महापौर की कमेटी बैठक बेनतीजा, कर्मियों में रोष व्याप्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ नई दिल्ली

- एमटीएस कर्मियों की हड़ताल 26वें दिन भी रही जारी

दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह की अध्यक्षता में दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के एमटीएस कर्मियों के लिए गठित की गई 9 सदस्यीय कमेटी की बैठक बेनतीजा निकली, जिसके चलते हड़ताली कर्मियों में शासन-प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित बैठक में यूनियन के दो प्रतिनिधियों को बुलाया गया लेकिन बैठक बिना किसी ठोस परिणाम के समाप्त हो गई। कमेटी के सामने निगम प्रशासन द्वारा दिए गए आंकड़ों पर बड़ा विवाद छिड़ गया। निगम की ओर से बताया गया कि विभाग में 93 हजार कर्मचारी हैं, जबकि यूनियन ने दस्तावेज़ों के साथ स्पष्ट किया कि वास्तविक संख्या केवल करीब 9 हजार के आसपास है। यूनियन के मुताबिक यह



'आंकड़ों की बाज़ीगरी' एमटीएस कर्मियों को गुमराह करने और सरकार को गलत जानकारी देने की साजिश है। बता दें निगम मुख्यालय सिविक सेंटर पर एमटीएस कर्मी पिछले 26 दिनों से अपनी वेतन विसंगतियों और अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं और गत 14 अक्टूबर को हुई सदन बैठक में 9 सदस्यीय कमेटी बनाने की घोषणा की गई थी। इसी बैठक में शुक्रवार को एमटीएस कर्मियों के मामले में कोई सकारात्मक निर्णय नहीं हो पाया।

गुरुग्राम से शुरु हुई सेल्सफोर्स रन 2025

# बच्चों की शिक्षा और हरितकरण के लिए देगा योगदान

**ट्रस्ट और वाधवानी फाउंडेशन भारत में 12 हजार विद्यार्थियों के लिए डिजिटल क्लासरूम्स की व्यवस्था करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दुनिया के नं. 1 एआई सीआरएम, सेल्सफोर्स ने गुरुग्राम में सेल्सफोर्स रन की शुरुआत की। यह सेल्सफोर्स इंडिया की फ्लैगशिप वार्षिक सामुदायिक दौड़ है। यह भारत में छः स्थानों पर और पहली बार सिंगापुर में भी आयोजित की जा रही है। जिसमें सेल्सफोर्स के कर्मचारी, फ्यूचरफोर्स के इंटर्न, ग्राहक और पार्टनर्स हिस्सा ले रहे हैं। इस बारे में अरुंधति भट्टाचार्य, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, सेल्सफोर्स - साउथ एशिया ने कहा, ''सेल्सफोर्स रन हमारी गति की संस्कृति है।




यह दौड़ सामुदायिकता, सहयोग और साझा उद्देश्य के साथ समाज को अपना योगदान देने की भावना को जीवंत करती है। मेघशाला ट्रस्ट की फाउंडर एवं मैनेजिंग ट्रस्टी, ज्योति त्यागराजन ने कहा, ''मेघशाला में हम टीचर्स को तैयार करते हैं, जो अपनी कक्षाओं में हमारी सीख प्रदान करते हैं। दूरदराज के टीचर्स भी हमारी सीख प्राप्त कर सकें, इसके लिए हम उन्हें ऐप आधारित टेक्नोलॉजी द्वारा खुद से जोड़ते हैं, ताकि वो अपने स्कूलों में लर्निंग का बेहतर अनुभव प्रदान करने में समर्थ बनें। सेल्सफोर्स के साथ हमारी साझेदारी की मदद से हम भारत में विद्यार्थियों को डिजिटल कक्षाएं प्रदान कर रहे हैं, ताकि वो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। इस अभियान में हिस्सा लेकर और वंचित समुदायों के लिए शिक्षा में परिवर्तन में मदद करके हम मेधावी बच्चों के साथ समाज को अपना योगदान प्रदान कर रहे हैं। डब्लूआरआई इंडिया की सीईओ, माधवी पाई ने कहा, हम लोगों के जीवन में सुधार लाने, प्रकृति की रक्षा और बहाली करने तथा जलवायु परिवर्तन का समाधान करने पर केंद्रित रहकर काम करते हैं। इसमें सेल्सफोर्स का सहयोग एवं उत्साह सराहनीय है। हमारे सहयोग द्वारा इनोवेटिव समाधानों और सस्टेनेबल विधियों की मदद से हरित भविष्य का निर्माण करने की उनकी सामुहिक ऊर्जा बहुत उत्साहवर्धक है। हमें इस अभियान का हिस्सा बनने की खुशी है। इससे हमारे समुदायों और गृह के लिए ठोस परिवर्तन लाने में मदद मिलेगी। सेल्सफोर्स द्वारा इस साल 4 करोड़ रुपए का योगदान दिया जा रहा है। इस फंड के तहत मेघशाला ट्रस्ट और वाधवानी फाउंडेशन भारत में 12,000 विद्यार्थियों के लिए डिजिटल क्लासरूम्स की व्यवस्था करेंगे। वहीं डबलूआरआई और क्लाईमेट कलेक्टिव फाउंडेशन दक्षिण एशिया में क्लाईमेट टेक एंट्रप्रेन्योर्स को सहयोग देंगे तथा 50,000 पेड़ लगाने में अपना योगदान देंगे।

**खबर संक्षेप**

### अवैध नशा बेचने के मामले में 3 पकड़ाए



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने कार्रवाही करते हुए अवैध नशा बेचने व उपलब्ध करवाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर को अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाही करते हुए एनएचपीसी चौक सेक्टर-37 के पास से शाहबाज खान निवासी दयाल नगर नीयर ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद व हिमांशु निवासी गांव कुंजपुरा करनाल हाल सेक्टर-88 फरीदाबाद को 1.600 किलोग्राम गांजा व कार सहित काबू किया है।

### 3 लाख 74 हजार रुपए की ठगी, एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** कार चालान की एपीके फाइल भेज कर 3,74,500 रुपए की ठगी में खाता उपलब्ध करवाने वाले खाताधारक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अगवानपुर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि 8 सितंबर को उसके व्हाट्सएप पर कार के चालान से संबंधित मैसेज आया, एक एपीके फाइल थी जब उसने उस फाइल को खोल के चेक किया तो उसके खाता से 3,74,500 रुपए कट गए। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।



चरण सुहावे, गुरु चरण यात्रा का फरीदाबाद में हुआ भव्य स्वागत

# चरण सुहावे, यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक आध्यात्मिक सेतुः मुख्यमंत्री सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की पावन धरती शुक्रवार को एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण की साक्षी बनी, जब सरबंसदानी, दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज और माता साहिब कौर जी के पवित्र जोड़ा साहिब की चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा का फरीदाबाद में भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धा, भक्ति और एकता का यह अनुपम संगम शहर के प्रत्येक कोने में दिखाई दिया। इस स्वागत कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिरकत की। मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के एनआईटी-5 स्थित श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा का स्वागत किया। मुख्यमंत्री सैनी ने यात्रा के साथ चल रहे केंद्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी का हरियाणा आगमन पर स्वागत किया। उन्होंने श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा में साध- संगत और यात्रा की अगवानी करने वाले पंज प्यारों का भी पटका ओढ़ा कर सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने यात्रा की रवानगी से पहले गुरुद्वारा में मत्था टेका और अरदास सुनी। इसके उपरांत उन्होंने पवित्र जोड़ा साहिब के भी दर्शन किए। इससे पहले शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार रविंदर सिंह राणा, श्री गुरु दरबार साहिब गुरुद्वारा के प्रधान सरदार इंदर जीत सिंह व सिख समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि दिल्ली से आरंभ होकर बिहार स्थित तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब तक जाने वाली इस महान यात्रा का पहला विश्राम स्थल फरीदाबाद रहा। दिल्ली का प्रवेश द्वार कहे जाने वाला यह शहर आज गुरु चरणों की धूल से पावन हो उठा है। जिस नगर में गुरु के पवित्र चरण रुकें, वह नगर अपने आप ही तीर्थ बन जाता है और आज फरीदाबाद लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक महान तीर्थ स्थल बन चुका है। उन्होंने इस यात्रा के आयोजन के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और इस यात्रा के आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

**खास बातें**

- फरीदाबाद की धरा बनी श्रद्धा, एकता और सेवा की प्रतीक
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वागत कार्यक्रम में की शिरकत
- गुरु गोबिंद सिंह जीरू त्याग, वीरता और न्याय के प्रतीक

**गुरु गोबिंद सिंह जी, त्याग, वीरता और न्याय के प्रतीक**



नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जब यह पवित्र जोड़ा साहिब यहां पहुंचा है तो दशमेश पिता का सम्पूर्ण तेज, त्याग और बलिदान हमारे बीच साकार हो उठा है। उन्होंने धर्मए राष्ट्र और मानवता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने मुगल अत्याचार के विरुद्ध बलिदान दिया। उन्होंने अन्याय से लडने के लिए एक साधारण मनुष्य को खालसा बनाया, एक ऐसी शक्ति बनाया जिसका संकल्प धर्म की रक्षा और निर्बलों की सहायता करना था। यह जोड़ा साहिब हमें उनकी उस महान प्रतिज्ञा की याद दिलाता है कि सवा लाख से एक लड़ाऊँ, तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊँ। यह प्रतिज्ञा केवल युद्ध की नहीं थी, बल्कि आत्म-सम्मान, साहस और न्याय की थी, जो आज भी हर भारतीय के लिए जीवन का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने चारों पुत्रों का बलिदान दिया ताकि देश के अन्य पुत्र-पुत्रियां सुरक्षित रह सकें।



**माता साहिब कौर जीरू करुणा और शक्ति की प्रतिमूर्ति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में माता साहिब कौर जी का भी पवित्र जोड़ा साहिब शामिल है। माता साहिब कौर जी को खालसा पंथ की मां होने का गौरव प्राप्त है। जब गुरु जी ने खालसा पंथ की स्थापना की, तो उन्होंने माता साहिब कौर जी से अमृत में पताशे डलवाए, ताकि खालसा के अनुयायियों में वीरता के साथ-साथ मिठास और करुणा भी बनी रहे।

**चरण सुहावे, यात्रा दिल्ली से पटना साहिब तक**

नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह चरण सुहावे यात्रा दिल्ली, जो भारत की राजधानी है और पटना साहिब, जो गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मभूमि है के बीच एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक सेतु का निर्माण कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार, गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके बलिदान को चिरस्थायी बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष, श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व को भव्य रूप से मनाने का काम किया। इसके अलावा जिस भूमि पर श्री गुरु नानक देव जी ने 40 दिन रहकर तपस्या की, उस भूमि को सरकार ने सिरसा स्थित गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब को दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को राज्यभर में श्रृद्धा और सम्मान के साथ मनाएगी। 1 नवंबर से लेकर 24 नवंबर तक हरियाणा प्रदेश के चारों कौनों से चार यात्राएं निकलेंगी, जिनका समापन 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि, जहां समय-समय पर गुरुओं के चरण कमल पड़े, उस स्थान पर होगा। इसे लेकर सरकार ने व्यापक कार्य योजना बनाई है।

जिलाधिकारी व नगर आयुक्त ने किया छठ घाट का निरीक्षण

# इस बार भी हिडन छठ घाट पर होगा आकर्षक लेजर शो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

छठ पर्व की चल रही तैयारी का जायजा लेने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ व नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया । इस बार भी हिडन छठ घाट पर होगा आकर्षक लेजर शो। का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं के साथ आने वाले आगंतुकों के लिए भी बैठने की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर हिडन छठ घाट तथा हिंडन नदी की सफाई का कार्य चलते हुए मिला जिसको रफ्तार देने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त ने निगम द्वारा की जा रही तैयारी के बारे में विस्तार से बताया तथा तैयारी के साथ-साथ छठ पर्व पर किए जा रहे आकर्षक आयोजन के बारे में भी बताया। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम छठ पर्व की तैयारी में जुटा हुआ है। नगर आयुक्त ने बताया कि इस बार भी हिंडन नदी छठ घाट पर आकर्षक लेजर शो का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लेज़र बीम शो में लेज़र लाइट्स, 3डी एनिमेशन और ध्वनि-संयोजन के माध्यम से कहानियां जीवंत रूप में दिखाई जाएगी।

लेज़र एनिमेशन स्टोरी शो की प्रस्तुतियां धार्मिक, सांस्कृतिक और मनोरंजन आयोजनों में लोकप्रिय है। प्रकाश विभाग द्वारा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करते हुए 70 से अधिक घाटों पर लगभग 700 लाइटों की व्यवस्था की गई है जो की अस्थाई व्यवस्था है जिसमें हिंडन छठ घाट के अलावा पांचो जोन अंतर्गत प्रमुख घाटों पर अस्थाई लाइट व्यवस्था कराई गई है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **करण पुत्र श्री विनोद कुमार पताः बी–191, विकास नगर उत्तम नगर, नई दिल्ली ने एफआईआर संख्या 702/2020 धारा 356/379/34 मा.द.स. के तहत** थानाः विकासपुरी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **करण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **करण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 702/2020 धारा 356/379/34 भा.द.स. के तहत थाना विकासपुरी, दिल्ली के उक्त करण** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऋषभ कपूर
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी–05
साउथ–वेस्ट जिला, कोर्ट नं.09
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14172/WD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनोज कुमार, पुत्रः रमेश कुमार, पताः म.नं. 9/9, गली नं. 11, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, नई दिल्ली** ने **FIR No. 346/25, dated 28.07.2025, U/s 137(2)/65 Bhartiya Nyaya Sanhita-2023 & Sec-6 POCSO Act, पुलिस थाना तिगरी, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनोज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 346/25, dated 28.07.2025, U/s 137(2)/65 Bhartiya Nyaya Sanhita-2023 & Sec-6 POCSO Act, पुलिस थाना तिगरी, नई दिल्ली** के अभियुक्त **मनोज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मोना तारडी केरकेट्टा
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–01
दक्षिण, कोर्ट नं. 302
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/13596/SD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितेश यादव, पुत्रः दीन दयाल यादव, पताः बलराम पंडित का मकान, मकान संख्या 38, गली संख्या 4, भगत सिंह पार्क, सिरसपुर, छोटूराम स्कूल के पास, सेक्टर–23, द्वारका, दिल्ली** ने **FIR No. 202/2021, U/s: 411 IPC, पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रितेश यादव** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रितेश यादव** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अभियुक्त **रितेश यादव** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री नीतिका कपूर
जेएमएफसी–06, दक्षिण–पश्चिम, 5वीं मंजिल, कमरा संख्या 514
द्वारका न्यायालय, नई दिल्ली

DP/13907/DW/2025

बीपीटीपी बिल्डर्स के खिलाफ प्रदर्शन

# लिमिट से ज्यादा चार्ज वसूलने का आरोप लोग बोले- मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर 76 स्थित बीपीटीपी बिल्डर के ऑफिस पर विभिन्न आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने अपनी मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि बिल्डर उनसे चार्ज के नाम पर पैसे तो वसूल रहा है, लेकिन सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नही करा पा रहा है। बीपीटीपी बिल्डर के ऑफिस प्रदर्शन करते हुए लोगों ने कहा कि जो वादे उनको फ्लैट बेचते समय बिल्डर ने किए थे। उनमें से कोई वादा पूरा नही हो रहा है। बीपीटीपी में आज बिल्डर हद से ज्यादा चार्ज वसूल रहा है। कई साल पहले वो जह बीपीटीपी में आए थे, तो उनसे एक हजार रूपए का चार्ज लिया जाता था, लेकिन आज उनसे 9 हजार 6 महीने का चार्ज मांग कर है। लोगों से लगातार चार्ज अलग-अलग नामों से वसूलें जा रहे है।

**सड़कों की हालात बेहद खराबः प्रमोद कुमार**




सेक्टर-88 के रहने वाले प्रमोद कुमार ने बताया कि बीपीटीपी में सड़कों की हालात बेहद खराब हो चुकी है। लोगों को समय पर बिजली नही मिल पा रही है सोसाइटियों में बिजली का ना आना अब आम बात हो गई है। सोसाइटी में लोगों को पीने का पानी बाहर से खरीदकर पीना पड़ रहा है। सोसाइटी में नियमित रूप से पानी की सप्लाई नही हो रही है। सोसाइटी में मेंटीनेंस की तरफ बिल्डर कोई ध्यान नही दे रहा है। फरीदाबाद का बीपीटीपी इलाका एक नाम जो कभी ड्रीम सिटी कहकर बेचा गया था। जहां हर सुविधा का वादा किया गया था, चौड़ी सड़कें, साफ वातावरण, हरियाली और 24 घंटे की सुविधाए लेकिन आज, यही ड्रीम सिटी हकीकत में लोगों के लिए परेशानी बन चुकी है। लोगों ने कहा कि कोई कहीं से भी सोसाइटी में घुस जाता है, क्योंकि जो गेट दिखाए गए थे वो अब पूरी तरह से खराब हो चुके है। गेट खराब हालात में पड़े हुए है। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार बिल्डर और प्रशासन दोनों को शिकायत दी, लेकिन सुनवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिला काम कुछ नहीं हुआ। अब हर उम्र के लोग अब सडक़ों पर उतर आए हैं, क्योंकि अब सब्र का बांध टूट चुका है।

भूपानी थाना प्रभारी संग्राम दहिया ने बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार किया गया।

मामले में 2 और आरोपी गिरफ्तार

# बहन के घर आए भाई के साथ मारपीट कर मारी थी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बहन के घर आए भाई के साथ मारपीट कर गोली मारने के आरोप में पुलिस ने दो और आरोपियों को काबू किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वंश निवासी नंगला एनक्लेव पार्ट-1 की शिकायत पर थाना सारन में हत्या के प्रयास में मारपीट की धाराओं के अंतर्गत एक मामला दर्ज किया गया जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता की बहन की फरवरी 2020 में आशीष निवासी नंगला गाजीपुर रोड पार्ट 2 के साथ शादी हुई थी, 19 अक्टूबर को उसकी बहन का फोन आया कि उसका पति व ससुर गाली गलौच व उसको घर से बाहर निकालने की धमकी दे रहे है जिस पर वह अपने भाई रोबिन व पिता के साथ बहन के घर पहुंचे, जहां पर पहले से ही जीजा आशिष ने अपने दोस्त भूरा, विक्रम अवाना, कल्लू अवाना, मोनू, सुशील, राकी व 15-20 अन्य लडक़े को बुला रखा था, जहां पर उन्होंने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और इसी दौरान उसके भाई को गोली मार दी।

उन्होंने आगे बताया कि क्राईम ब्रांच एवीटीएस सिकरोना की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए रोहित पांडे व नीरज निवासी नंगला गाजीपुर रोड, गाजीपुर कच्ची कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि रोहित व नीरज दोनों आशीष के दोस्त है, आशीष ने उन्हें फोन करके अपने घर पर बुलाया था। जिन्होंने शिकायतकर्ता व उसके भाई व पिता के साथ मारपीट की थी। दोनों आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

नशेड़ी पिता ने ही नाबालिग बेटी से की दरिंदगी

# पड़ोसी महिला की सूझबूझ से खुल गया राज, पिता गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भूपानी थाना क्षेत्र में एक कालोनी में नाबालिग बच्ची के साथ पिता ने दुष्कर्म किया। बच्ची को जब दर्द हुआ तो उसने पड़ोस में रहने वाली बुजुर्ग महिला को बताया। महिला बच्ची को जब डाक्टर के पास ले गई तो पता चला कि बच्ची के साथ गलत काम हुआ है। जिसके बाद लड़की ने पूछताछ में अपने पिता की काली करतूतों को उजागर कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने लड़की के मजिस्ट्रेट के सामने बयान लेकर मामला दर्ज किया और मेडिकल कराने के बाद आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। एक कालोनी में आटो ड्राइवर अपने दो बच्चियों के साथ रहता है।

एसीबी ने दाखिल की चार्जशीट

# सीएलयू के नाम पर करोड़ों मांगने पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप तय

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम


सीएलयू के नाम पर 30 से 50 करोड़ रुपए मांगने के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वर्तमान कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह पर भ्रष्टाचार के आरोप तय हो गए हैं। एसीबी ने नारनौल में एएसजे हर्षाली चौधरी की अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी है। एसीबी ने प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7 के तहत राव नरेंद्र सिंह को आरोपी बनाया है। एसीबी के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वर्तमान में हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह द्वारा धर्मेंद्र कुहाड़ से पलवल में 30 एकड़ जमीन की सीएलयू यानी चेंज ऑफ लैंड यूज कराने की ऐवज में 30 से 50 करोड़ रुपए की मांग की थी। इसकी शिकायत धर्मेंद्र कुहाड़ द्वारा स्टिंग ऑपरेशन करके ऑडियो/ वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली थी। धर्मेंद्र ने स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो/ ऑडियो रिकॉर्डिंग को इनेलो के विधायक रामपाल माजरा को दे दिया। पूर्व विधायक रामपाल माजरा द्वारा एक शिकायत लोकायुक्त को साल 2014 में दी थी। लोकायुक्त द्वारा शिकायत को जांच के लिए भारतीय पुलिस सेवा के विक्रम राजा को सौंपा था। शिकायत की जांच की अंतिम रिपोर्ट 27 अप्रैल 2015 को लोकायुक्त हरियाणा को सौंपी थी।

जांच रिपोर्ट पर लोकायुक्त द्वारा दर्ज करने के लिए 16 दिसंबर को चीफ सेक्रेटरी को सिफारिश की गई थी। चीफ सेक्रेटरी ने एसीबी के महानिदेशक को केस दर्ज करने की सिफारिश की थी। इस पर 29 जनवरी 2016 को प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 7 के तहत केस दर्ज कर लिया। मामले की जांच पूरी करने के बाद अब एसीबी ने मामले में चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी है।



# त्योहारों में यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे की खास पहल

# 12075 विशेष ट्रेनें



| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02251 | पटना | नई दिल्ली | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, वीर, रवि |
| 02252 | नई दिल्ली | पटना | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शनि |
| 02253 | पटना | नई दिल्ली | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शनि |
| 02254 | नई दिल्ली | पटना | 11.08.25 | 16.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, वीर, रवि |
| 08439 | पुरी | पटना जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08440 | पटना जं. | पुरी | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02811 | भुवनेश्वर | यशवन्तपुर जं. | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02812 | यशवन्तपुर जं. | भुवनेश्वर | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08581 | विशाखापत्तनम | एसएमवीटी बेंगलुरु | 14.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08582 | एसएमवीटी बेंगलुरु | विशाखापत्तनम | 15.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08547 | विशाखापत्तनम | तिरुपति | 12.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 08548 | तिरुपति | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 08579 | विशाखापत्तनम | चर्लपल्ली | 12.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 08580 | चर्लपल्ली | विशाखापत्तनम | 13.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03230 | पटना जं. | पुरी | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03229 | पुरी | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03208 | बक्सर | क्यूल | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03207 | क्यूल | बक्सर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03209 | झाझा | दानापुर | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03210 | दानापुर | झाझा | 21.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05297 | पाटलिपुत्र | बलिया | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 05298 | बलिया | पाटलिपुत्र | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03215 | पटना जं. | थावे जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03216 | थावे जं. | पटना जं. | 01.10.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 03677 | धनबाद जं | गोरखपुर जं. | 21.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03678 | गोरखपुर जं | धनबाद जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03043 | हावड़ा जं. | रक्सौल जं. | 27.09.25 | 15.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03044 | रक्सौल जं. | हावड़ा जं. | 28.09.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03511 | आसनसोल जं. | पटना जं | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03512 | पटना जं. | आसनसोल जं. | 19.10.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03131 | सियालदह | गोरखपुर जं. | 30.09.25 | 18.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | मंगलवार, गुरुवार |
| 03132 | गोरखपुर जं | सियालदह | 01.10.25 | 19.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुधवार, शुक्रवार |
| 03527 | आसनसोल जं. | गोरखपुर जं. | 26.09.25 | 07.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03528 | गोरखपुर जं. | आसनसोल जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03007 | हावड़ा जं. | खातीपुरा | 28.09.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03008 | खातीपुरा | हावड़ा जं. | 30.09.25 | 04.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03109 | कोलकाता टर्मिनल | वडोदरा जं. | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03110 | वडोदरा जं. | कोलकाता टर्मिनल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 03417 | मालदा टाउन | उधना जं. | 27.09.25 | 08.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03418 | उधना जं. | मालदा टाउन | 29.09.25 | 10.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 03187 | कोलकाता टर्मिनल | मधुबनी | 30.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03188 | मधुबनी | कोलकाता टर्मिनल | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 03465 | मालदा टाउन | दीघा | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03466 | दीघा | मालदा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03101 | सियालदह | मालतीपाटपुर | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 03102 | मालतीपाटपुर | सियालदह | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 03135 | सियालदह | पटना जं. | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03136 | पटना जं. | सियालदह | 05.10.25 | 16.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 03430 | मालदा टाउन | चर्लपल्ली | 30.09.25 | 11.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 03429 | चर्लपल्ली | मालदा टाउन | 02.10.25 | 13.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 04131 | कानपुर सेंट्रल | एसएमवीटी बेंगलुरु | 21.09.25 | 09.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 04132 | एसएमवीटी बेंगलुरु | कानपुर सेंट्रल | 24.09.25 | 12.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07019 | जयपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07020 | हैदराबाद | जयपुर जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07029 | अगरतला | चर्लपल्ली | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07030 | चर्लपल्ली | अगरतला | 26.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07053 | काचीगुडा | बीकानेर जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07054 | बीकानेर जं. | काचीगुडा | 23.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07075 | हैदराबाद | गोरखपुर जं. | 22.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07076 | गोरखपुर जं. | हैदराबाद | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07193 | हैदराबाद | कोल्लम जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07194 | कोल्लम जं. | हैदराबाद | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07230 | हैदराबाद | कन्याकुमारी | 24.09.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07229 | कन्याकुमारी | हैदराबाद | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07651 | जालना | छपरा | 27.08.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07652 | छपरा | जालना | 29.08.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07153 | नरसापुर | एसएमवीटी बेंगलुरु | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07154 | एसएमवीटी बेंगलुरु | नरसापुर | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07005 | चर्लपल्ली | रक्सौल जं. | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07006 | रक्सौल जं. | चर्लपल्ली | 09.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07717 | तिरुपति | हिसार | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 07718 | हिसार | तिरुपति | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07017 | चर्लपल्ली | तिरुपति | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07018 | तिरुपति | चर्लपल्ली | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07131 | तिरुपति | नरसापुर | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07132 | नरसापुर | तिरुपति | 29.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07233 | चर्लपल्ली | नरसापुर | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07234 | नरसापुर | चर्लपल्ली | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07445 | काकीनाडा टाउन | लिंगमपल्ली | 22.09.25 | 24.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | सोम, बुध, शुक्र |
| 07446 | लिंगमपल्ली | काकीनाडा टाउन | 27.09.25 | 29.11.25 | त्रि–साप्ताहिक | मंगल, गुरु, शनि |
| 07447 | काकीनाडा टाउन | चर्लपल्ली | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07448 | चर्लपल्ली | काकीनाडा टाउन | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07605 | तिरुपति | अकोला जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 07606 | अकोला जं. | तिरुपति | 28.09.25 | 23.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07609 | जालना | तिरुपति | 23.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 07610 | तिरुपति | जालना | 24.09.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 07521 | कड़पा | गुंतकल जं. | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07522 | गुंतकल जं. | कड़पा | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07057 | पूर्णा जं. | जालना | 28.09.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 07058 | जालना | पूर्णा जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 07281 | पूर्णा जं. | जालना | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07282 | जालना | नांदेड़ | 22.09.25 | 30.11.25 | प्रतिदिन | प्रतिदिन |
| 07046 | चर्लपल्ली | नाहरलगुन | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 07047 | नाहरलगुन | चर्लपल्ली | 23.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 08611 | संतरागाछी जं. | अजमेर जं. | 22.09.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 08612 | अजमेर जं. | संतरागाछी जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02863 | संतरागाछी जं. | यशवन्तपुर जं. | 25.09.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 02864 | यशवन्तपुर जं. | संतरागाछी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08109 | संतरागाछी जं. | पटना जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08110 | पटना जं. | संतरागाछी जं. | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 08629 | रांची | गोरखपुर जं. | 18.10.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 08630 | गोरखपुर जं | रांची | 19.10.25 | 02.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 06085 | एर्नाकुलम जं. | पटना जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06086 | पटना जं. | एर्नाकुलम जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 06055 | पोत्तनूर जं. | बरौनी जं. | 27.09.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 06056 | बरौनी जं. | पोत्तनूर जं. | 09.09.25 | 02.12.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 06063 | कोयंबटूर जं. | धनबाद जं. | 26.09.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 06064 | धनबाद जं. | कोयंबटूर जं. | 22.09.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 01667 | रानी कमलापति | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार, मंगल |
| 01668 | दानापुर | रानी कमलापति | 28.09.25 | 02.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध |
| 01701 | जबलपुर | दानापुर | 26.09.25 | 05.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शुक्र |
| 01702 | दानापुर | जबलपुर | 27.09.25 | 06.11.25 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, शनिवार |
| 09821 | सोगरिया | दानापुर | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09822 | दानापुर | सोगरिया | 29.09.25 | 03.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 02192 | रीवा | रानी कमलापति | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 02191 | रानी कमलापति | रीवा | 27.09.25 | 01.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01704 | रीवा | डॉ. अम्बेडकर नगर | 27.09.25 | 25.10.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 01703 | डॉ. अम्बेडकर नगर | रीवा | 28.09.25 | 26.10.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09059 | उधना जं. | खोरधा रोड जं. | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09060 | खोरधा रोड जं. | उधना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09025 | वलसाड | दानापुर | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09026 | दानापुर | वलसाड | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09045 | उधना जं. | पटना जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09046 | पटना जं. | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09007 | वलसाड | खातीपुरा | 02.10.25 | 30.10.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09008 | खातीपुरा | वलसाड | 03.10.25 | 31.10.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09031 | उधना जं. | जयनगर | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09032 | जयनगर | उधना जं. | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09343 | डॉ. अम्बेडकर नगर | पटना जं. | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09344 | पटना जं. | डॉ. अम्बेडकर नगर | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09195 | वडोदरा जं. | मऊ | 06.10.25 | 24.11.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09196 | मऊ | वडोदरा जं. | 07.10.25 | 25.11.25 | साप्ताहिक | मंगलवार |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस | बढ़नी | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09044 | बढ़नी | बांद्रा टर्मिनस | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09117 | उधना जं. | सूबेदारगंज | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09118 | सूबेदारगंज | उधना जं. | 04.10.25 | 29.11.25 | साप्ताहिक | शनिवार |
| 09075 | मुंबई सेंट्रल | काठगोदाम | 01.10.25 | 26.11.25 | साप्ताहिक | बुधवार |
| 09076 | काठगोदाम | मुंबई सेंट्रल | 02.10.25 | 27.11.25 | साप्ताहिक | गुरुवार |
| 09185 | मुंबई सेंट्रल | कानपुर अनवरगंज | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |
| 09186 | कानपुर अनवरगंज | मुंबई सेंट्रल | 06.10.25 | 01.12.25 | साप्ताहिक | सोमवार |
| 09039 | उधना जं. | धनबाद जं. | 03.10.25 | 28.11.25 | साप्ताहिक | शुक्रवार |
| 09040 | धनबाद जं. | उधना जं. | 05.10.25 | 30.11.25 | साप्ताहिक | रविवार |

## पूजा स्पेशल गाड़ियों का राज्यवार विवरण

| राज्य | गाड़ियों की संख्या | राज्य | गाड़ियों की संख्या | राज्य | गाड़ियों की संख्या | राज्य | गाड़ियों की संख्या | राज्य | गाड़ियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिहार | 2220 | छत्तीसगढ़ | 60 | जम्मू एवं कश्मीर | 99 | महाराष्ट्र | 2190 | तेलंगाना | 307 |
| आंध्र | 382 | दिल्ली | 1098 | झारखण्ड | 244 | ओडिशा | 139 | त्रिपुरा | 90 |
| अरुणाचल | 16 | गोवा | 61 | कर्नाटक | 528 | पंजाब | 59 | उत्तर प्रदेश | 1170 |
| असम | 80 | गुजरात | 839 | केरल | 257 | राजस्थान | 961 | उत्तराखंड | 115 |
| चंडीगढ़ | 30 | हरियाणा | 344 | मध्य प्रदेश | 150 | तमिलनाडु | 281 | पश्चिम बंगाल | 355 |
| | | | | | | | | कुल | 12075 |

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें /RailMinIndia



# सनी की 2026 में रिलीज होंगी कई धमाकेदार फिल्में

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के एक्शन हीरो सनी देओल के फैंस के लिए साल 2025 बहुत खास रहा। इस साल उनकी फिल्म 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। 'जाट' को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और यह 2025 की हिट फिल्मों में से एक बनी। हमेशा से ही सनी देओल की दमदार एक्टिंग, डायलॉग्स और एक्शन सींस ने सबको प्रभावित किया। इस सफलता से सनी देओल का कॅरियर फिर से चमक उठा, जैसे उनकी पुरानी हिट फिल्में 'गदर' और 'बॉर्डर' की याद आ गई। लेकिन, असली मजा तो 2026 में आने वाला है। सनी देओल की कई बड़ी फिल्में गबरू, बॉर्डर 2, लाहौर 1947 और रामायण पार्ट 1 साल 2026 में रिलीज होने वाली हैं, जो फैंस को एक्शन, ड्रामा और इमोशन का पूरा पैकेज देंगी।

## लाइफ Style

# तापसी डोसा खाते हुए पढ़ी अपनी अफवाह

सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से अभिनेत्री तापसी पन्नू को लेकर खबर आ रही थी कि वो भारत छोड़कर पति के साथ डेनमार्क में शिफ्ट हो गई हैं। कहा जा रहा था कि उन्होंने भारत छोड़कर अपने पति और बैडमिंटन खिलाड़ी मैथियास बोए के साथ डेनमार्क में स्थायी रूप से बसने का फैसला कर लिया है। लेकिन, अब खुद तापसी ने इन खबरों पर पूरी तरह विराम लगा दिया है। तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर साफ किया कि उनका ऐसा कोई प्लान नहीं है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा- 'क्या इससे कम झूठी और कम सनसनीखेज हेडलाइन नहीं मिल सकती थी? जरा रिसर्च कर लिया करो, इतनी जल्दी क्या है!'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तापसी ने फेक रूमर्स फैलाने वालों को आड़े हाथों लिया और फैंस को बताया कि वो मुंबई में हैं। तापसी ने पोस्ट में साफ किया कि वह फिलहाल मुंबई में अपने घर पर हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में लिखा- 'इस उमस भरी मुंबई की सुबह में डोसा खाते हुए सोच रही हूं कि ये सब आखिर है क्या!' उनकी यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और फैन्स ने भी इस पर जमकर रिएक्शन देना शुरू कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में तापसी ने अपने डेनमार्क वाले घर के बारे में भी खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने घर में भारतीय पारिवारिक परंपरा को जिंदा रखा है। उन्होंने कहा था, 'मैथियास के माता-पिता हमारे साथ ही रहते हैं, उनका अपना फ्लोर है। डेनिश संस्कृति में ये आम बात नहीं है, लेकिन मुझे लगा कि परिवार के साथ रहना ही घर को घर बनाता है।' तापसी ने आगे बताया कि वह काम के हिसाब से भारत और डेनमार्क के बीच समय बांटती हैं- 'ज़्यादातर शूटिंग्स सर्दियों में होती हैं, इसलिए मैं उस वक्त भारत में रहती हूं। जब भारत में गर्मी या बारिश होती है, तब हम डेनमार्क चले जाते हैं। इस तरह दोनों देशों के मौसम और काम के बीच तालमेल बन जाता है।' काम के मोर्चे पर तापसी जल्द ही 'गांधारी में दिखाई देंगी, जो एक इंटेंस रिवेंज ड्रामा है।



## हॉलीवुड मसाला

# 9-1-1: नैशविले में आई थीं नजर



**नई दिल्ली।** '9-1-1: नैशविले' फेम एक्ट्रेस इसाबेल टेट का 23 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनके अचानक निधन से हॉलीवुड और उनके फैंस में शोक की लहर दौड़ गई है। इसाबेल टेट ने 19 अक्टूबर को अपने घर में अंतिम सांस ली। उनकी टैलेंट एजेंसी मैक्रे एजेंसी ने सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि की है। इसाबेल टेट की मौत का कारण शार्कोट-मैरी-टूथ रोग से जुड़ी जटिलताओं को बताया गया है। यह एक रेयर न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है जो मांसपेशियों को कंट्रोल करने वाली नसों को अफेक्ट करती है। इसाबेल को यह न्यूरोमस्कुलर बीमारी मात्र 13 साल की उम्र में पता चली थी। इस बीमारी के कारण धीरे-धीरे उनकी टांगों की मांसपेशियां कमजोर होती गईं।



# स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5 का फाइनल एपिसोड जल्द होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 की रिलीज का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। तो 'स्ट्रेंजर थिंग्स' को चाहने वाले सभी फैंस का इंतजार हुआ खत्म, क्योंकि जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है 'स्ट्रेंजर थिंग्स'। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का बहुप्रतीक्षित पांचवां और फाइनल सीजन अगले महीने रिलीज होगा। प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीजन का आखिरी एपिसोड, जिसका नाम 'द राइटसाइड अप' है, लगभग दो घंटे लंबा होगा। यह एपिसोड 1 जनवरी, 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के साथ-साथ 350 से ज्यादा सिनेमाघरों में भी दिखाया जाएगा। सिनेमाघरों की लिस्ट अभी घोषित नहीं की गई है। यह शो छह बच्चों की कहानी पर आधारित है, जो हॉकिन्स शहर और पूरी दुनिया को बचाने के लिए वेक्ना नामक खतरनाक दुश्मन से लड़ते हैं। 2022 में, शो के निर्माता ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की थी कि पांचवां सीजन शो का आखिरी सीजन होगा। उन्होंने बताया, 'सात साल पहले हमने इस कहानी की पूरी योजना बनाई थी। हमें लगा था कि यह चार या पांच सीजन में पूरी होगी।



# आमिर को अभिनव ने बताया चालाक लोमड़ी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में विवादों के साथ आजकल फिल्ममेकर अभिनव कश्यप का नाम खूब जुड़ रहा है। आमिर खान के साथ अभिनव कश्यप ने एक ऐड फिल्म में साथ काम किया था। जब अभिनव से आमिर के साथ काम किए जाने पर सवाल किया गया तो उन्होंने कुछ ऐसा कहा कि हर तरफ अफरा तफरी मच गई। अभिनव ने आमिर को लेकर कहा है कि, वो मैनिपुलेटिव और कंट्रोलिंग हैं। अभिनव कश्यप का कहना है कि भले ही आमिर खान को बॉलीवुड का मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहा जाता हो, लेकिन उनके साथ काम करना आसान नहीं है। आमिर को लेकर अभिनव ने कहा, 'वो सबसे चालाक लोमड़ी है बटला। वो सलमान से भी छोटा है हाइट में, लेकिन क्या मैनिपुलेटिव आदमी है और तो और वो सबसे शातिर चोर है। मैंने आमिर के साथ 2-3 विज्ञापन किए हैं।



# स्पिरिट के ऑडियो टीजर में चला आवाज का जादू

**मुंबई।** एनिमल के बाद संदीप रेड्डी वांगा के डायरेक्शन में बन रही फिल्म स्पिरिट का इंतजार हो रहा है। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आ रहे हैं। अब प्रभास के जन्मदिन के मौके पर फिल्म का पहला ऑडियो टीज़र रिलीज किया गया है। एक्टर की आवाज भर सुनकर फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। ऑडियो में एक कैदी की बात होती और फिर प्रभास की दमदार आवाज हैरान कर देती है। फिल्म की पहली झलक का इंतजार बढ़ गया है। संदीप रेड्डी वांगा ने कबीर सिंह और एनिमल जैसी सुपरहिट फिल्में डायरेक्ट की हैं, इस बार प्रभास के साथ एक साउंड स्टोरी लेकर आए हैं। एक मिनट के ऑडियो टीज़र में जेलर और उसका असिस्टेंट एक एक्स-कॉप से पूछताछ करते सुनाई देते हैं। इसी दौरान प्रभास की भारी और दमदार आवाज़ सुनाई देती है, सर बचपन से मेरी एक बुरी आदत रही है।

## टीवी मसाला



# 1 करोड़ के सवाल का दिया गलत जवाब बिग बी बोले-आज हमको नींद नहीं आएगी

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 23 अक्टूबर की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट रचित के साथ हुई। वे शानदार खेल दिखाकर 1 करोड़ रुपए के सवाल तक पहुंचे, लेकिन जवाब पर संशय होने के बावजूद खेल खेला। वे 1 करोड़ रुपए का गलत जवाब देकर सीधा 5 लाख रुपए के अमाउंट पर पहुंचे, तो अमिताभ बच्चन ने आखिर में कहा, 'आज हमको नींद नहीं आएगी। कंटेस्टेंट से अमिताभ बच्चन ने जो 50 लाख का सवाल पूछा था, वह केमिस्ट्री से जुड़ा था। सवाल है- 'इनमें से किस खनिज का नाम फ्रांस के एक गांव के नाम पर पड़ा है, जहां यह पहली बार खोजा गया था?' विकल्प हैं- अ. मैग्नेटाइट, ब. एप्समाइट, स. बॉक्साइट, द. डैन्बराइट। उन्होंने विकल्प स. बॉक्साइट को लॉक करने को कहा, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 1 करोड़ रुपए के सवाल का सामना किया। सवाल है- अब तक का सबसे गहरा पानी के अंदर बचाव 1973 में हुआ था, जिसमें लगभग आधा किलोमीटर पानी के भीतर किस पनडुब्बी में फंसे दो लोगों को बचाया गया था? विकल्प हैं- अ. कोन्सुल, ब. पाइसेस 3, स. डीएसबी-2 एल्विन, द. नेप्च्यून 4। कंटेस्टेंट ने 1 करोड़ के सवाल पर लाइफ लाइन 50-50 का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटा दिए गए और ब. पाइसेस 3 और द. नेप्च्यून 4 रहने दिए। काफी सोचने-विचारने के बाद कंटेस्टेंट रचित ने विकल्प डी. नेप्च्यून को चुना, तो उनकी पत्नी हैरान रह गईं। अमिताभ बच्चन ने उनसे कहा, 'मान्यवर अगर आप क्विट कर जाते तो अच्छा होता, यह गलत उत्तर है।

## बिग बॉस 19 : मृदुल बने घर के नए कैप्टन

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में आए दिन रोमांच बढ़ता जा रहा है। अब प्रतियोगियों को नेहल के बाद एक नया कैप्टन मिल गया है। ये देखना दिलचस्प होगा कि ये नया कैप्टन घरवालों के लिए कैसा साबित होता है। बिग बॉस 19 में इस समय नए कैप्टन को लेकर जंग हो रही है। आए दिन नए-नए टास्क दिए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मृदुल तिवारी अब घर के नए कैप्टन बन गए हैं। यानी कि प्रतियोगियों की कमान अब मृदुल के हाथ में होगी। इस खबर के सामने आते ही यूजर्स की प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। एक यूजर ने कहा, 'तथाकथित सकारात्मक समूह ने गौरव खन्ना को वोट नहीं दिया, 'बसीर और अमाल ने एक दूसरे को वोट दिया, लेकिन अमाल बसीर को दोस्त बताकर ही कहानी फैलाई गई।' वहीं दूसरे यूजर ने कहा कि मृदुल क्यों। इसके अलावा अन्य यूजर्स भी इस फैसले से हैरान हैं।



# ओटीटी पर थ्रिलर-सस्पेंस और पौराणिक कहानियों ने दी दस्तक

**मुंबई।** हर हफ्ते की तरह इस बार भी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मनोरंजन का बड़ा धमाका देखने को मिलेगा। इस वीकेंड दर्शकों के लिए ऐसी कई वेब सीरीज और फिल्में रिलीज हो रही हैं, जो हर स्वाद के दर्शकों के लिए कुछ खास लेकर आई हैं- चाहे वो रोमांस पसंद करने वाले हों, या पौराणिक कथाओं के दीवाने। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स, प्राइम वीडियो, जियोहॉटस्टार और जी5 जैसे बड़े प्लेटफॉर्म्स पर कई चर्चित रिलीज एक साथ टकरा रही हैं।

### दे कॉल हिम ओजी

तेलुगु सुपरस्टार पवन कल्याण की एक्शन थ्रिलर 'दे कॉल हिम ओजी' इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हो रही है। फिल्म में इमरान हाशमी और प्रियंका मोहन भी अहम किरदार निभा रहे हैं। कहानी ओजस गम्भीरा नाम के पूर्व गैंगस्टर की है, जो दस साल बाद मुंबई लौटता है अपने पुराने दोस्त से बदला लेने। डायरेक्टर सुजीत ने फिल्म को एक स्टाइलिश एक्शन टच दिया है, जिसमें दोस्ती, धोखा और बदले की एक मजबूत कहानी बुनी गई है।





### परम सुंदरी

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी'अमेजन प्राइम वीडियो पर 24 अक्टूबर को रिलीज हो चुकी है। यह एक हल्की-फुल्की रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जो उत्तर भारत के एक बिजनेसमैन और केरल की एक महिला की कहानी दिखाती है। दोनों की संस्कृतियों, सोच और जीवनशैली के टकराव में पनपता प्यार दर्शकों को भावनाओं के साथ खूब हंसी भी देगा।

### महाभारतः एक धर्मयुद्ध

जियोहॉटस्टार पर आने वाली 'महाभारतः एक धर्मयुद्ध' को भारत की पहली एआई-जनरेटेड सीरीज कहा जा रहा है। बिना किसी लाइव कास्ट के बनाई गई इस एनिमेटेड सीरीज में कुरुक्षेत्र के युद्ध को एक नए दृष्टिकोण से दिखाया गया है। इसमें युद्ध के बाद के परिणामों और पात्रों की मानसिक स्थिति को भी गहराई से दिखाया गया है। यह सीरीज जियोहॉटस्टार पर 25 अक्टूबर 2025 से स्ट्रीमिंग शुरू होगी।

### कुरुक्षेत्र पार्ट 2

नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही 'कुरुक्षेत्र पार्ट 2' एनिमेशन और पौराणिक कथाओं का शानदार संगम है। इसे अनु सिक्का ने बनाया है। इस सीरीज में 18 योद्धाओं की नजरों से युद्ध की कहानी कही गई है — अर्जुन की उलझन, भीष्म की विवेकशीलता, और द्रौपदी का साहस। यह सीरीज दर्शकों को महाभारत के भावनात्मक पहलुओं से जोड़ती है। यह सीरीज आज यानी 24 अक्तूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

# ये खलनायक 61 बार बना था नारद मुनि

**नई दिल्ली।** जरूरी नहीं कलाकार लीड रोल में ही चमके, कुछ चंद स्क्रीन टाइम में भी अपनी अलग छाप छोड़ ही देते हैं। एक्टर जीवन भी उन्हीं चुनिंदा बेहतरीन कलाकारों में थे जो अपने छोटे से रोल में भी जान डाल देते थे। जीवन का असली नाम ओमकार नाथ धर था। इंडस्ट्री में आने के बाद उन्होंने अपना नाम जीवन कर लिया था। कश्मीर के एक अमीर परिवार से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता जीवन बचपन से ही अभिनेता बनना चाहते थे, लेकिन उस दौर में अभिनय को कोई अच्छा पेशा नहीं माना जाता था। मगर वह अपने सपनों के लिए अडिग थे। ऐसे में उन्होंने अभिनय की राह चुनने के लिए 18 साल की उम्र में घर से भागकर मुंबई आने का फैसला किया।



### बेटे भी अभिनय में हैं एकदम आगे

जीवन की तरह उनके बेटे ने भी बॉलीवुड में नाम किया है। जीवन के बेटे किरण कुमार हैं जिन्होंने साल 1960 में लव इन शिमला से अपना करियर शुरू किया था। वह रईस, कुलवधू, तेजाब, सीआईडी, पत्थर के फूल, खुदा गवाह, विश्वात्मा, अधर्म, धड़कन, क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता, मोक्ष जैसी फिल्मों में काम किया है। आखिरी बार उन्हें बॉलीवुड मूवी खेल खेल में देखा गया था।

### 200 से ज्यादा फिल्मों में किए काम

जब जीवन मुंबई आए, तब उन्होंने मोहन सिन्हा के स्टूडियो में रिफ्लेक्टर ब्वॉय का काम किया था। यहीं से उन्हें अपनी पहली फिल्म मिली। उनकी पहली फिल्म फैशनेबल इंडिया है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 200 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके जीवन ने सिर्फ 61 फिल्मों में नारद मुनि का किरदार निभाया था। साल 1950 में त्रिलोक कपूर और निरुपा रॉय स्टारर हर हर महादेव में नारद मुनी के रूप में जीवन पॉपुलर हो गए थे। नारद मुनि के अलावा वह खलनायक के रूप में भी कामयाब रहे। उन्होंने अमर अकबर एंथनी, धरम वीर, मेला, अफसाना, आबरू, हीर रांझा, धर्मात्मा, लावारिस जैसी फिल्मों में काम किया।

## पीयूष ने रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से गढ़ी नई परिभाषा

# हमारा बजाज से लेकर फेविकोल के जोड़ तक, यूं बदला एड जगत का चेहरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई


'शरमा के दुल्हन जो ब्याह के आई..', पीयूष पांडे का वो एड जिसके अमिताभ भी थे कायल। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने साल 2019 में पीयूष पांडे के काम की सराहना करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। ऐसे ही कई यादगार एड के लिए पीयूष को जाना जाता था। पीयूष अब हमारे बीच नहीं रहे। उन्होंने अपनी रचनात्मकता, सरलता और भारतीयता के रंगों से नई परिभाषा गढ़ी।

### कौन थे पीयूष पांडे?

जयपुर में 1955 में जन्मे पीयूष पांडे नौ भाई-बहनों में से एक थे। उनके परिवार में कला और सृजन की परंपरा रही। बहन ईला अरुण ने गायकी और अभिनय में नाम कमाया, तो भाई प्रसून पांडे ने निर्देशन की दुनिया में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने राजस्थान के लिए रणजी ट्रॉफी में भी हिस्सा लिया था। क्रिकेटर, चाय बागान में कामगार और मजदूर के रूप में जीवन के अलग-अलग रंग देखने के बाद उन्होंने 27 साल की उम्र में विज्ञापन जगत में कदम रखा। तब किसी ने नहीं सोचा था कि यह युवक एक दिन भारतीय एड वर्ल्ड का चेहरा बन जाएगा। उनकी शादी नीता पांडे से हुई।

### मिले सुर मेरा तुम्हारा राष्ट्रीय एकता का स्वर

विज्ञापन से परे, उन्होंने ऐसे अभियानों में भी अहम भूमिका निभाई जो भारत की एकता और विविधता को दर्शाते हैं। 'मिले सुर मेरा तुम्हारा'उनके दिल के बेहद करीब था। यह गीत केवल एक कैम्पेन नहीं, बल्कि एक भावनात्मक जुड़ाव था जिसने भारत को एक सूत्र में बांध दिया।



### राजनीति और प्रचार की नई भाषा

2014 के लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भारतीय राजनीति में भी विज्ञापन की नई भाषा दी- 'अबकी बार, मोदी सरकार।' यह नारा उस दौर का सबसे चर्चित राजनीतिक स्लोगन बना, जिसने चुनावी अभियानों की दिशा ही बदल दी। पीयूष पांडे ने साबित किया कि विज्ञापन सिर्फ उत्पादों को नहीं, विचारों को भी जन-जन तक पहुंचा सकता है।

### भारतीयता की छाप

पीयूष पांडे की खासियत थी कि उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं की भावनाओं को बेहद सादगी से पकड़ा। फेविकोल का 'अटूट बंधन' हो या कैडबरी का 'कुछ खास है', एशियन पेंट्स का 'हर खुशी में रंग लाए' हो या हच का प्यारा 'गुगली वूगली वूस', हर विज्ञापन में उन्होंने देसी मिट्टी की खुशबू डाली। यही कारण है कि उनके कैंपेन सिर्फ विज्ञापन नहीं, बल्कि संस्कृति के प्रतीक बन गए।

### सम्मान और उपलब्धियां

उनके योगदान को अनेक पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें पद्मश्री (2016), क्लियो लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2012), एडवर्टाइजिंग एजेंसिज एसोसिएशन ऑफ इंडिया लाइफटाइम अचीवमेंट (2010), एलआईए लीजेंड अवार्ड (2024) जैसे अवॉर्ड्स मिले हैं। इसके अलावा, उन्होंने अपनी रचनात्मक यात्रा और अनुभवों को 'पांडेमोनियम' नाम की पुस्तक में शब्दों का रूप दिया, जो विज्ञापन जगत के छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसके अलावा उन्होंने साल 2022 में 'ओपन हाउस विद पीयूष पांडे' नाम से भी एक पुस्तक लिखी थी।

### अमिताभ ने की थी तारीफ

साल 2019 में बिग बी ने पीयूष के फेविकॉल वाले एड की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा था- 'पांडे ब्रदर्स की शानदार सोच पीयूष और प्रसून... बहुत बढ़िया पीयूष जी बिल्कुल मौलिक और दिल को छू जाने वाला...कोई आश्चर्य नहीं कि आप वर्ल्ड चैंपियन हैं !!'

# अयोध्या: राम मंदिर में आसानी से दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु, बुकिंग के तुरंत बाद मिलेगा पास

## ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग से क्यूआर कोड वाला पास मिलेगा

अयोध्या के राम मंदिर में दर्शन अब सुगम होंगे। मंदिर ट्रस्ट ने बुकिंग के तुरंत बाद दर्शन पास देने की व्यवस्था शुरू की है। ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग से क्यूआर कोड वाला पास मिलेगा, जिससे श्रद्धालु निश्चित समय पर दर्शन कर सकेंगे। इस नई व्यवस्था से श्रद्धालुओं को लंबी लाइनों से मुक्ति मिलेगी और वे आसानी से दर्शन कर पाएंगे। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर में पास के माध्यम से दर्शन के निमित्त पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की समस्या को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने दूर कर दिया है। ट्रस्ट ने अब दर्शन व आरती पास की बुकिंग कराने वाले भक्तों को बुकिंग कन्फर्म होने के तुरंत बाद अपने आधिकारिक वाट्सएप अकाउंट से न केवल नोटिफिकेशन भेजना शुरू किया है, बल्कि पास की पीडीएफ फाइल भी भेजी जा रही।

यह नोटिफिकेशन के कंटेंट के साथ ही अटैच रहती है। इसके साथ उस मोबाइल नंबर पर टेक्स्ट मैसेज भेज कर पास बन जाने की सूचना भी दी जा रही है, जिसे भक्तों की ओर से बुकिंग के समय उपलब्ध कराया जाता है।

ट्रस्ट की इस सुविधा से श्रद्धालुओं को दर्शन पास के प्रिंटआउट के लिए परेशान नहीं होना पड़ रहा है और तीर्थ यात्री सेवा केंद्रों के काउंटरों पर अनावश्यक भीड़ भी नहीं लग रही।

*नई व्यवस्था से श्रद्धालुओं को लंबी लाइनों से मुक्ति मिलेगी*

*सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं*

### रामलला की तीन आरतियों के लिए भी पास जारी



राम मंदिर के भूतल पर विराजमान रामलला व प्रथम तल पर प्रतिष्ठित राम दरबार का पास के माध्यम से दर्शन दो प्रकार से होता है। ट्रस्ट की ओर से इसके लिए सुगम व विशिष्ट दर्शन पास बनाया जाता है। सुगम पासधारक श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ पर दायीं ओर आरक्षित लेन से प्रवेश दिया जाता है तो विशिष्ट पासवालों को रंगमहल बैरियर, गेट नंबर-दो से प्रवेश मिलता है।

राम मंदिर परिसर में भी इनके लिए अलग-अलग लेन आरक्षित की गई है। ये दर्शन पास आफलाइन व आनलाइन दोनों तरह से बनते हैं। आफलाइन पास ट्रस्टियों के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की अनुशंसा पर बनाए जाते हैं। इसी तरह से रामलला व राम दरबार की तीन आरतियों के लिए भी पास जारी किए जाते हैं।

# मदरसे में 13 साल की छात्रा से मांगा वर्जिनिटी सर्टिफिकेट



लखनऊ। मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना इलाके के दिल्ली रोड स्थित एक मदरसे में 13 वर्षीय छात्रा से वर्जिनिटी सर्टिफिकेट मांगने का शर्मशार करने वाला मामला सामने आया है। आरोप है कि मेडिकल रिपोर्ट लाने से इनकार करने पर छात्रा का नाम काटकर परिजनों को टीसी थमा दी गई। मदरसे ने एडमिशन के समय ली गई फीस भी वापस नहीं की। शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उधर, मदरसा संचालकों ने इस आरोप को गलत बताया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की शर्मा** पुत्रः **प्रेम शर्मा** पताः **आई–95, 70 फूटा रोड, किरारी, दिल्ली** ने case **FIR No. 486/2020 U/s 25/54/59 Arms Act., थानाः पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 486/2020 U/s 25/54/59 Arms Act., थानाः पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विक्की शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 01.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–02
पश्चिम, रूम नं. 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14247/OD/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पप्पू अहमद पुत्र** तुफैल अहमद **निवासी** मकान नं. 6976 4/एफ, बाड़ा हिंदू राव, पहाड़ी धीरज, गली खुम्हारन घास मंडी नजदीक अहाता किदारा चौक, दिल्ली–06 ने **CC No. 1975/20, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन उत्तर द्वारका, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू अहमद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पप्पू अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC No. 1975/20, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन उत्तर द्वारका, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पप्पू अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.12.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नंदिनी शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डिजिटल कोर्ट,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14266/DW/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रतन कुमार मुखिया, पुत्रः** श्री राम मुखिया, **पताः** मकान नं. एम–471, जे,जे, कॉलोनी, शकुरपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 52/2018 U/s 33/38 Delhi Excise Act, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रतन कुमार मुखिया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रतन कुमार मुखिया** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 52/2018 U/s 33/38 Delhi Excise Act, थानाः सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रतन कुमार मुखिया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुन्धरा छौंकर
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
कमरा नं. 108, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/13510/NW/2025 (Court Matter)


## धान खरीद शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक चलेगी

# यूपी के बाराबंकी जिले में धान खरीद के लिए बनाए गए 94 सेंटर, 1.75 लाख मीट्रिक टन का रखा गया लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ बाराबंकी

धान खरीद बाराबंकी जिले में शनिवार से शुरू हो जाएगी। इसके लिए जनपद में 94 क्रय केंद्र बनाए गए हैं, धान खरीद शुरू होकर 28 फरवरी 2026 तक चलेगी। अवकाश के दिन छोड़कर प्रतिदिन सुबह नौ से पांच बजे तक केंद्र खुले रहेंगे। 4500 से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है।

जिले में पिछली बार 1.35 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य शासन से मिला था, लेकिन विपणन विभाग ने 25 हजार मीट्रिक टन अधिक धान खरीदा था। इसके सापेक्ष बाराबंकी को इस बार 1.75 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य मिला है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए छह एजेंसियों में खरीद का जिम्मा दिया गया है। विपणन शाखा 98 हजार, पीसीएस 26 हजार, पीसीयू 30 हजार, यूपीएसएस 10 हजार, कृषि उत्पादन मंडी समिति पांच हजार और भारतीय खाद्य निगम छह हजार मीट्रिक टन धान खरीद करेगी।

> यूपी बाराबंकी जिले में धान की खरीद के लिए 94 केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों का लक्ष्य 1.75 लाख मीट्रिक टन धान खरीदना है, जिससे किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। यह कदम किसानों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### 2369 रुपए में खरीदा जाएगा धान



खरीद केंद्रों पर कृषकों से कामन और ग्रेड-ए किस्म के साथ ही हाईब्रिड धान भी खरीदा जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर सिर्फ उपज का 10 प्रतिशत ही हाईब्रिड धान खरीदा जाएगा। यदि इसके बाद भी हाईब्रिड धान की खरीद होती है तो जिलाधिकारी से अनुमति लेनी पड़ेगी। डीएम से अनुमति लेने के बाद ही एजेंसी 25 प्रतिशत और हाईब्रिड धान खरीद पाएगी। धान बेचने के दौरान किसानों से छनाई और उतराई का 20 रुपए लिए जाएंगे। यह पैसा समर्थन मूल्य में जोड़कर 48 घंटे के अंदर दे दिया जाएगा। इस बार 2369 रुपए प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है, जबकि पिछली बार 2300 रुपए प्रति क्विंटल था।

### पंजीकरण में यह लगाएं कागज

खसरा, खतौनी के साथ विभाग की वेबसाइट (एफसीएस.यूपी.इन) पर पंजीकरण हो रहा है। 100 क्विंटल धान बेचने वाले किसानों का सत्यापन नहीं होगा। कोई भी किसान (किसान मित्र) एप का मोबाइल फोन में डाउनलोड कर घर बैठे भी पंजीकरण कर सकता है। इस बार भुगतान व धान बेचने संबंधी जानकारी मोबाइल पर एसएमएस के जरिए मिलती रहेगी। जिन किसानों को पहले का पंजीकरण है, वह सिर्फ जनसेवा केंद्र पर जाकर संशोधन भर सकते हैं। केंद्र पर सिर्फ आधार कार्ड ही ले जाना होगा।

### एक नजर केंद्रों पर क्रय केंद्र : 94

- खरीद का लक्ष्य : 1.75 लाख मीट्रिक टन
- धान कामन का समर्थन मूल्य : 2369
- धान ग्रेड-ए का समर्थन मूल्य : 2389
- हाईब्रिड धान का समर्थन मूल्य : 2369
- भुगतान होने के समय : खरीद के 48 घंटे के अंदर

### बर्थडे पर दबंगों ने पीटा, दलित की मौत

लखनऊ। दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में दलित किशोर की मौत के बाद रबूपुरा के महाराणा प्रताप चौक पर शुक्रवार सुबह परिजन और लोगों ने चक्का जाम कर दिया। रबूपुरा-झाझर रोड पर सुबह साढ़े सात से साढ़े नौ बजे तक दो घंटे चौक पर जाम से वाहनों की कतारें लग गईं। आक्रोशित लोग हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। मौके पर पहुंचे डीसीपी के आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खत्म किया।

### हाजीपुर में पुलिस ने की छापेमारी, मचा हड़कंप

रांची। झारखंड के देवघर जिले के मधुपुर स्थित एचडीएफसी बैंक में हुई करोड़ों रुपए की सोना और नकद लूट के मामले में झारखंड पुलिस ने हाजीपुर में छापेमारी की है। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने सदर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो आरपियों को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद पुलिस उन्हें अपने साथ लेकर कई अन्य स्थानों पर छापेमारी करती रही।

### झाड़-फूंक में अधेड़ की हत्या, जांच शुरू

लखनऊ। झाड़-फूंक के चक्कर में हरीपुर निवासी बसंतु पाल (55) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। अधेड़ का शव शुक्रवार सुबह जौनपुर जिले के सुजानगंज के बाबूगंज बाजार के निकट फत्तूपुर गांव की पुलिया के पास झाड़ियों में पड़ा मिला।

## औषधियों की गुणवत्ता सर्वोपरि नियंत्रण तंत्र को बनाएं सुदृढ़

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में औषधियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से औषधि नियंत्रण तंत्र को सुदृढ़ और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तर पर कार्य व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए अब 'जिला औषधि नियंत्रण अधिकारी' का पद सृजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि औषधि निरीक्षकों की संख्या को वर्तमान के सापेक्ष दोगुना किया जाए और इन पदों पर चयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अब साक्षात्कार के स्थान पर लिखित परीक्षा के माध्यम से भर्ती कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में औषधि नियंत्रण संवर्ग के पुनर्गठन एवं नए पदों के सृजन से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जिलों में औषधि निरीक्षकों की समुचित तैनाती सुनिश्चित की जाए और जिला स्तर पर प्रभावी पर्यवेक्षण व समयबद्ध जांच व्यवस्था लागू की जाए।

## यात्रियों से भरी बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई

गया। बिहार के गया जी जिले में शुक्रवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। महाराष्ट्र से बोधगया आ रही तीर्थयात्रियों की बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

## पेज एक का शेष

### बिहार को अब लालटेन...

जंगल राज और परिवारवाद का आरोप : मोदी ने समस्तीपुर और बेगूसराय में चुनावी जनसभाओं में एनडीए और 'महालठबंधन' (राजद-कांग्रेस) के बीच मुकाबले का जिक्र करते हुए विपक्षी गठबंधन पर 'जंगल राज' और परिवारवाद का आरोप लगाया। उन्होंने युवाओं के पलायन और 'जमीन के बदले नौकरी' जैसे घोटालों के लिए राजद-कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया, जबकि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए द्वारा राज्य में सुशासन और विकास का दावा किया।

### भारत का बड़ा व्यापारिक ...

500 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। जो वर्तमान में 191 बिलियन डॉलर का है। उधर, अमेरिका ही लगातार चौथे साल 2024-25 में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है। दोनों का व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर का है।

### मिले सुर मेरा तुम्हारा...

सरकार, दो बूंद जिंदगी की, एमपी गजब है, ठंडा मतलब कोका-कोला, बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर, हमारा बजाज, हर घर कुछ कहता है, भाई, हच है ना! जैसी कई आइकॉनिक लाइन्स दी। ये लाइन्स हर किसी की जुबान पर चढ़ गए और उनसे जुड़े उत्पादों को घर-घर में पहचान मिली। उनके नेतृत्व में ओगिल्वी इंडिया को एक स्वतंत्र सर्वेक्षण में 12 वर्षों तक नंबर एक एजेंसी का दर्जा दिया गया। पांडे ने कई पुरस्कार जीते हैं। 2016 में उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

### बेंगलुरु जा रही बस...

बस में कुल 41 लोग सवार थे, जिसमें ड्राइवर भी शामिल था। जिला कलेक्टर ने बताया कि हादसे के वक्त सुबह 2:30 से 3:30 बजे के बीच अधिकांश यात्री सो रहे थे, इसलिए कई लोग समय रहते बस से बाहर नहीं निकल पाए। जलने वाले शवों के डीएनए सैंपल इकट्ठा किए गए हैं। बस में कोई फायर कंट्रोल उपकरण मौजूद नहीं था, जिससे सुरक्षा मानकों और आपातकालीन तैयारियों में कमी का पता चला है।

### जनवरी से नहीं...

समान एआई बॉट्स को प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाएगा। ओपनएआई ने अपने यूजर्स को इस बदलाव के बारे में पहले ही चेतावनी दे दी है। कंपनी ने बताया कि वाट्सएप पर चैटजीपीटी बॉट बंद हो जाएगा, लेकिन यूजर्स के पास चैटजीपीटी इस्तेमाल करने के कई विकल्प मौजूद रहेंगे। ओपनएआई ने कहा कि यूजर्स चैटजीपीटी की वेबसाइट, मोबाइल एप (आईओएस और एंड्रॉयड) और एआई-सक्षम ब्राउजर चैटजीपीटी एटलस के जरिए चैटजीपीटी तक पहुंच जारी रख सकते हैं। यूजर्स अपने चैटजीपीटी अकाउंट को वाट्सएप में चैटजीपीटी प्रोफाइल से लिंक करके सभी चैट्स को सेव कर सकते हैं।

### मेटा ने क्यों...

नियमों के तहत काम करें। ओपनएआई ने कहा कि चैटजीपीटी वाट्सएप से तो हटेगा, लेकिन उसका अनुभव वेब, एप और ब्राउजर प्लेटफॉर्म्स पर और भी बेहतर होगा।

### तत्काल सुधारों की कमी...

अधिक निंदनीय बन जाती है। यहां बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। भारत ने इस हमले का जवाब ऑपरेशन सिंदूर नामक सैन्य अभियान के जरिए दिया था। जिसकी मदद से हमारी सशस्त्र सेनाओं ने संयुक्त रूप से पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 100 से अधिक आतंकवादियों को चंद मिनटों में मौत के घाट उतार दिया था।

**टीआरएफ ने ली थी हमले की जिम्मेदारी:** टीआरएफ ने एक बार नहीं बल्कि दो बार पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी। हमले के बाद इसी साल जुलाई महीने में आई परिषद की रिपोर्ट में भी टीआरएफ का नाम और उक्त हमले में उसकी भूमिका का जिक्र किया गया था। लेकिन पाकिस्तान ने अपनी नापाक चाल चलते हुए यूएनएससी के प्रेस वक्तव्य से टीआरएफ का नाम हटा दिया था।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 400 केवी सब स्टेशन एचवीपीएनएल धानौंदा में सभी 3 अदद 315 एमवीए 400/220 केवी आईसीटीएस पर स्थापित अग्नि-शमन प्रणाली (अर्थात फायर हाइड्रेंट) की मरम्मत, रखरखाव और ओवरहोलिंग। | 23.10.2025 24.11.2025 | रु. 49,36,706/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | विभिन्न प्रकार के 33 केवी सी एंड आर पैनल्स की अधिप्राप्ति (एसएएस सहित और एसएएस रहित) (पंचकूला)। | 23.10.2025 22.11.2025 | रु. 22,29,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | विभिन्न प्रकार के 132/66 केवी सी एंड आर पैनल्स की अधिप्राप्ति (एसएएस सहित और रहित) (पंचकूला)। | 24.10.2025 23.11.2025 | रु. 37,44,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | हॉट ट्रांसफॉर्मर के तौर पर 220 केवी सब स्टेशन चोरमार में अतिरिक्त 100 एमवीए 220/33 केवी ट्रांसफार्मर का प्रावधान। ट्रांसफॉर्मर को 220 केवी साइड से ऊर्जा युक्त बनाये रखा जाना है और सब स्टेशन के 33 केवी बस के साथ इसके जुड़ाव के लिए प्रावधान करना होगा। (टो वॉल, पीसीसी का बकाया कार्य, ग्रेवल की आपूर्ति व फैलाना) (हिसार)। | 23.10.2025 10.11.2025 | रु. 10,01,103/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | प्रस्तावित 220 केवी जीआईएस सब स्टेशन आईएमटी फेज-III, एचएसआईआईडीसी रोहतक से 132 केवी आईएमटी फेज-III, एचएसआईआईडीसी रोहतक-खरखौदा डी/सी लाइन को अकॉमोडेट करने के लिए 132 केवी सब स्टेशन खरखोदा में एक अदद 132 केवी लाइन बे की रचना (सिविल कार्य)। | 21.10.2025 03.11.2025 | रु. 7,26,129/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | पहले ही अनुमोदित 33 केवी सब स्टेशन सनोली रोड-II (25 एमवीए) की फिडिंग हेतु 132 केवी सब स्टेशन सेक्टर-29, पानीपत में एक 33 केवी लाइन बे की रचना (सिविल कार्य)। | 21.10.2025 03.11.2025 | रु. 3,95,176/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in संवाद–13/2026/120/39708/I/88/7 दि. 24.10.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | सिरसा जिले में बारागुढा में आवासीय एक्मोडेशन सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (फायर अलार्म सिस्टम का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 23.10.2025 30.10.2025 | 11.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में गांव खरड़ में कुश्ती हॉल का निर्माण (एचटी / एलटी लाइन की शिफ्टिंग का प्रावधान केवल)। | 23.10.2025 30.10.2025 | 72,833/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | गांव समैण, फतेहाबाद में राजीव गांधी खेल परिसर / स्टेडियम की मरम्मत (ई.आई. केवल)। | 23.10.2025 30.10.2025 | 2.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प सिरसा | सिरसा जिले में गांव दड़बा कलां में राजकीय पशु चिकित्सालय के निर्माण हेतु डीएनआईटी (जीएसटी के बिना) + 1 कार्य। | 23.10.2025 30.10.2025 | 65.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में नैरो बैंड अल्ट्रा वॉयलेट बी फोटोथैरेपी मल्टीयूटिलिटी फोटोथैरेपी यूनिट की खरीद के लिए निविदा। | 27.10.2025 11.11.2025 | 1.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में एचवीएसी सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए निविदा। | 27.10.2025 16.11.2025 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह, हरियाणा में लॉन्ड्री सेवाओं के लिए निविदा। | 27.10.2025 17.11.2025 | ईएमडी 1.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार, नूह में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए निविदा। | 27.10.2025 10.11.2025 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, झज्जर | खेड़ी खुमार का वर्टीकल ड्रेनेज प्रोजैक्ट। | 20.10.2025 27.10.2025 | 91.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034766492 jhajjarasco@gmail.com |
| 10 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | 5 वर्ष के लिए बीएस-VI नॉमर्स पूरा करने वाली 150 पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन मिनी बसों के एएमसी हेतु एजेंसी / फर्म को किराये पर लेने के लिए ऑनलाइन निविदा। | 24.10.2025 07.11.2025 | 2700 लाख | https://hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 11 | जिला परिषद सोनीपत | झुंडपुर में उप स्वास्थ्य केन्द्र। | बंद होने की तिथि 29.10.2025 | 47.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 12 | जिला परिषद सोनीपत | जैडपी सोनीपत के तहत विभिन्न स्थानों पर 48 अदद पानी के टैंकर की आपूर्ति + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 03.11.2025 | 162.26 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeengzp.snp@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/240/39695/I/88/7 दि. 24.10.25

चिंतन

# भारत ने अमेरिका को दे दिया दो टूक जवाब

कौन भूल सकता है उन दिनों को जब भारत को भिखारियों, सपेरों और काले जादू का देश कहा जाता था। 1947 में आजादी के बाद उपनिवेश की परछाई से निकल कर दुनिया में एक अलग हैसियत हासिल करने के लिए लंबे संघर्ष, कड़ी मेहनत और बड़े हौसले की एक खास कहानी है। वो समय था जब भारत के बारे में भविष्यवाणी की गई थी कि इसका ढहना तय है, वह आज ग्लोबल जियो और इकोनॉमिक पॉलिटिक्स का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। वो अब दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है। आजादी के समय 2.7 लाख करोड़ रुपये वाली जीडीपी अब चार ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन चुकी है। जिस विशाल आबादी को बोझ समझा जा रहा था, उसी की बदौलत तरक्की की ऐसी रफ्तार मिली, जो कोरोना महामारी और युद्धों के बीच भी थमी नहीं। महामारी के दौरान पूरी दुनिया हमारी दवाओं पर निर्भर थी। देश की विकास यात्रा की कहानी बताने वाले आंकड़ों को देखकर दुनिया हैरान है। विश्व में सबसे तेज विकास दर, ग्लोबल जीडीपी ग्रोथ में लगभग 17 फीसदी का योगदान। आयात से आत्मनिर्भरता और निर्यात की ओर बढ़ते कदम। पिछले एक दशक में एक्सपोर्ट में 76 फीसदी से भी ज्यादा वृद्धि और सर्विस एक्सपोर्ट करीब दोगुना। इंजीनियरिंग के सामानों, इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाओं या खाने-पीने तक ही नहीं अब दूसरे देश हमसे हथियार भी खरीद रहे हैं। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत ने 80 देशों को 2.76 बिलियन डॉलर के हथियार बेचे हैं। ऑपरेशन सिंदूर ने भारतीय हथियारों की ताकत दिखाई है। उससे भी बड़ा बदलाव आया है। अनेक देश हमारे हथियारों को पाने को लालायित हैं। हालात ये हैं कि सभी वैश्विक मंचों पर हमारी बात को न केवल गंभीरता से सुना जाता है बल्कि अमल किया है। भारत का रुख दुनिया पर असर डालने वाले भू-राजनीतिक मुद्दों की दिशा तय करने की ताकत रखता है। जो देश 2047 तक विकसित मुल्कों की कतार में खड़ा होने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा हो और कोई चाहे कि उसे डराकर, धमकाकर झुकाया जा सकता है तो ये कोरे पागलपन के अलावा कुछ नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। शुक्रवार को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इसका दो टूक जवाब भी दे दिया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत पर कोई भी देश, खासकर अमेरिका, व्यापारिक समझौते के लिए दबाव नहीं बना सकता। हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन किसी भी डेडलाइन या दबाव में निर्णय नहीं होगा। गोयल ने जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित बर्लिन ग्लोबल डायलॉग में कहा कि हम अमेरिका से बातचीत कर रहे हैं, लेकिन हम जल्दबाजी में सौदे नहीं करते और न ही किसी के सिर पर बंदूक रखकर डील करते हैं। भारत की नीति दीर्घकालिक सोच पर आधारित है, न कि क्षणिक दबाव पर। भारत लंबी सोच रखता है। हम किसी दबाव या जल्दबाजी में निर्णय नहीं लेते। अगर हम पर टैरिफ लगाया गया है तो हम उससे निपटने के नए तरीके ढूंढ रहे हैं। नए बाजार तलाश रहे हैं। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है जब ट्रंप लगातार बोल रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा। ऐसा कुछ नहीं है। भारत ने अमेरिकी टैरिफ से निपटने के उपाय कर लिए हैं। अब वो भारत नहीं है, जिसे किसी तरह के दबाव में झुकाया जा सके। नया भारत अपनी राह खुद बना रहा है, वो अपने फैसले भी खुद करेगा। अब ये दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है, जो अपनी शर्तों पर चलता है। कोई सात समंदर दूर बैठकर इसे डरा-धमका नहीं सकता।



दृष्टिपात
अरविंद जयतिलक

# राष्ट्र सेवा के शताब्दी वर्ष में आरएसएस

आरएसएस के सौ साल की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो उसकी भूमिका और व्यापकता की सार्थकता जितना स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण की रही है, उतना ही स्वतंत्रता के उपरांत भारत राष्ट्र को गढ़ने को लेकर रही है। आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपना शताब्दी वर्ष पूरा कर चुका है। अपने सौ वर्ष के कालखंड में आरएसएस ने भारत राष्ट्र की महान सेवा की है। सेवा-समर्पण की उसकी सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रवादी यात्रा रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि विश्व इतिहास में शायद ही कोई ऐसा संगठन हो जिसकी सांस्कृतिक चेतना इतनी विशाल और मानवतावादी हो। अपने सौ साल की यात्रा में आरएसएस ने साबित किया है कि उसका दृष्टिकोण जितना राष्ट्रवादी है, उतना ही मानवातावादी भी। उसकी चेतना के दायरे में सिर्फ भारत राष्ट्र ही नहीं बल्कि समस्त विश्व भी है जिसे वह अपना कुटुम्ब समझता है। आरएसएस के सौ साल की यात्रा पर दृष्टिपात करें तो उसकी भूमिका और व्यापकता की सार्थकता जितना स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति समर्पण की रही है, उतना ही स्वतंत्रता के उपरांत भारत राष्ट्र को गढ़ने को लेकर रही है। आजादी दिलाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अहम भूमिका रही है। आजादी की जंग के दौरान संघ के संस्थापक डा. केशव राव बलिराम हेडगवार ने हर एक स्वयंसेवक को शाखा के बाद किसी भी पार्टी से जुड़कर आजादी की लड़ाई में योगदान करने को प्रेरित किया था। जब 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरु हुआ तब उन्होंने इसे संपूर्ण समर्थन दिया और स्वयं सत्याग्रह में भाग लेकर 9 मास का सश्रम कारावास काटा। उनके निर्देश पर संघ के स्वयंसेवक आजादी की लड़ाई के संवाहक बने और ब्रिटिश हुकुमत की बर्बरता को सहा भी। डा0 साहब के सिद्धांतों पर चलते हुए संघ के दूसरे सरसंघ चालक माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर जिन्हें गुरुजी भी कहा जाता है, ने भी स्वयंसेवकों को जंग में कूद पड़ने के लिए आह्नान किया।

उन्होंने 1942 में संघ के एक कार्यक्रम में कहा भी कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत छोड़ो आंदोलन का सहभागी है। जब कांग्रेस के नेता गिरफ्तार कर लिए गए और आंदोलन भटकाव के मोड़ पर आ गया उस दौरान संघ के स्वयंसेवकों ने ब्रिटिश हुकुमत की क्रूरता की परवाह किए बिना आंदोलन की कमान अपने हाथों में ले लिया। यही नहीं, संघ के स्वयंसेवक विदर्भ क्षेत्र के कई जिलों में अंग्रेजी हूकुमत को उखाड़ फेंका। 1942 के आंदोलन की सहभागी रही अरुणा आसफ अली ने तब दैनिक समाचार पत्र हिंदुस्तान को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा भी कि आंदोलन के दिशाहीन होने पर दिल्ली के संघ के प्रांत संघचालक हंसराज गुप्ता ने अपने घर में मुझे शरण दी और सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया। देश जानना चाहता है कि फिर धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार किस मुंह से आजादी की जंग में राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ की अप्रतिम भूमिका की अनदेखी कर रहे हैं? जानना आवश्यक है कि संघ के स्वयंसेवकों ने अक्टुबर 1947 से ही कश्मीर सीमा पर पाकिस्तानी सेना की गतिविधियों पर बगैर किसी प्रशिक्षण के लगातार नजर रखी। यह काम न तो नेहरु-माउंटबेटन सरकार कर रही थी और न ही हरि सिंह की सरकार। जब पाकिस्तानी सेना ने कश्मीर पर कबायली आक्रमण किया तब भारतीय सैनिकों के साथ सैकड़ों स्वयंसवेकों ने भी अपनी शहादत दी। यह तथ्य है कि कश्मीर के महाराजा हरि सिंह कश्मीर का भारत में विलय को लेकर असमंजस में थे। तब सरदार पटेल ने गुरु गोलवरकर से



मदद मांगी। गुरुजी कश्मीर के महाराजा से मिले और उसके बाद ही महाराजा ने कश्मीर के भारत में विलय का प्रस्ताव दिल्ली भेजा। जब भारत विभाजन के दंगे भड़के और नेहरु सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी थी उस दौरान स्वयंसेवकों ने पाकिस्तान से जान बचाकर आए लाखों शरणार्थियों के लिए शिविर लगाए।

बेहतर होगा कि संघ के आलोचक इस सच्चाई को समझें कि राष्ट्रीय स्वयसेवक संघ एक राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन है और अपनी स्थापना 27 सितंबर, 1925 से ही भारतवर्ष की सेवा कर रहा है और अपने राष्ट्रवादी विचारों से भारत को पुष्ट कर रहा है। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी 40 हजार से अधिक शाखाओं के माध्यम से देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले में सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य कर रहा है। जंगल झाड़ में रह रहे आदिवासियों के सामाजिक, सांस्कृतिक व शैक्षिक उद्वार के लिए कार्य कर रहा है। संघ के लाखों स्वयंसेवक उपेक्षा, उपहास, विरोध और अवरोध के बावजूद भी अपने सामाजिक-सांस्कृतिक लक्ष्यों की ओर अग्रसर हैं। हर देश का समाज राष्ट्र की उन्नति के लिए कुछ व्यवस्थाएं खड़ी करता है। सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों को जन्म देता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी उसी तरह एक देशव्यापी देशभक्त, अनुशासित चरित्रवान व निःस्वार्थ सामाजिक व सांस्कृतिक संगठन है। उसकी शाखाएं राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला है जहां स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय व सामाजिक गुणों से लैस किया जाता है। संघ के अनेकों संगठन मसलन सेवा भारती, विद्या भारती, स्वदेशी जागरण मंच, हिंदू स्वयंसेवक संघ, भारतीय मजदूर संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और भारतीय किसान संघ अपने कार्यों से देश की रचनात्मक विकास में योगदान दे रहे हैं। सच तो यह है कि संघ की उपस्थिति और उसकी भूमिका भारतीय समाज के हर क्षेत्र में 1925 से ही महसूस किया जा रहा है।

उदाहरण के तौर पर सन् 1962 के भारत-चीन युद्ध में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु संघ की भूमिका से इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने संघ को 1963 के गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। सिर्फ दो दिनों की पूर्व सूचना पर तीन हजार से भी ज्यादा राष्ट्रभक्त स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में वहां उपस्थित हो गए। पाकिस्तान से युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री को भी संघ याद आया था। उन्होंने संघ से आग्रह किया कि कानून व्यवस्था संभालने में मदद करे और दिल्ली की यातायात का नियंत्रण अपने हाथ में ले। यही नहीं, घायल जवानों को जब रक्त की जरूरत पड़ी स्वयंसेवक आगे बढ़कर रक्तदान किए। भारत-पाक युद्ध के दौरान संघ के स्वयंसेवक कश्मीर की हवाई पट्टियों से बर्फ हटाने का काम किए। आरएसएस को लेकर गांधी जी की सोच व्यापक सकारात्मक और श्रद्धापूर्ण थी। गौर करें तो इन 100 सालों में संघ अपने ऊपर लगने वाले आरोपों को झूठा साबित करने में सफल रहा है। संघ के इतिहास और विचारधारा पर फब्तियां कसने वाले लोगों को जानना चाहिए कि संघ के संस्थापक डा. केबी हेडगेवार उन गिने-चुने क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने तत्कालीन ब्रिटिश शासन से भारत की मुक्ति के लिए संघर्ष किया। आजादी के दौरान या बाद कभी भी कोई ऐसा पुख्ता सुबूत देखने को नहीं मिला, जिसको लेकर यह दावा किया जाए कि संघ का आचरण राष्ट्रहित के खिलाफ रहा है। समाजवाद का ठेका उठा रखे छद्म समाजवादियों को भी ज्ञात होना चाहिए कि 1966 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कठिन परिश्रम और कार्यकुशलता के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भरपूर तारीफ की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य संपूर्ण समाज को संगठित कर हिंदू जीवन दर्शन के प्रकाश में समाज का सर्वांगीण विकास करना है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. विवेक बाल्याण




# जम्मू-कश्मीर के अधिमिलन से स्वतंत्र भारत को मिला आकार

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की गाथा केवल अंग्रेज़ों के विरुद्ध संघर्ष तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें उन सैकड़ों रियासतों का योगदान भी शामिल है जिन्होंने स्वतंत्र भारत के भविष्य को आकार दिया। इनमें सबसे संवेदनशील और निर्णायक अध्याय रहा-जम्मू-कश्मीर रियासत के भारत में अधिमिलन का। ब्रिटिश संसद ने 18 जुलाई 1947 को भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम पारित किया, जिसके अनुसार 15 अगस्त 1947 से भारत और पाकिस्तान दो नए डोमिनियन बने। इस अधिनियम के अनुसार 562 रियासतों को यह अधिकार दिया कि वे चाहें तो भारत या पाकिस्तान में विलय कर सकती हैं । अधिकांश रियासतों ने सहज रूप से भारत का अंग बनने का निर्णय लिया, लेकिन जम्मू कश्मीर का मामला जटिल और विवादास्पद बना दिया गया। जम्मू कश्मीर की भौगोलिक स्थिति, सामरिक महत्व, मुस्लिम बहुल जनसंख्या और हिंदू शासक की उपस्थिति, इन सबने इसे ब्रिटिशों की "डिवाइड एंड रूल" नीति का केंद्र बना दिया। महाराजा हरि सिंह को धार्मिक असमानता के कारण अक्सर संदेह की दृष्टि से देखा गया, जबकि उन्होंने कभी अपनी प्रजा के साथ भेदभाव नहीं किया। जम्मू-कश्मीर के अंतिम डोंगर शासक महाराजा हरि सिंह कभी भी स्वतंत्र रहना नहीं चाहते थे। वे भारत की प्रगति में सहभागी बनना चाहते थे और अपनी रियासत का सुरक्षित और उज्जवल भविष्य भारत के साथ ही देखते थे। किंतु कुछ पाकिस्तान समर्थक ताकतों और शेख अब्दुल्ला के 'कश्मीर छोड़ो' आंदोलन ने स्थिति को कठिन बना दिया। इस आंदोलन के चलते राज्य में अराजकता फैली और शांति व्यवस्था भंग हुई। शेख अब्दुल्ला का आंदोलन कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा भी समर्थन प्राप्त कर रहा था। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता अब्दुल्ला को ब्रिटिशों से स्वतंत्रता नहीं, बल्कि राजशाही से सत्ता छीननी थी। आंदोलन असफल रहा, और अब्दुल्ला को गिरफ्तार कर तीन साल की सजा दी गई। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का शेख अब्दुल्ला के प्रति झुकाव किसी से छिपा नहीं था। जब अब्दुल्ला जेल में थे, नेहरू ने महाराजा पर दबाव बनाया कि उन्हें रिहा किया जाए और सत्ता सौंपी जाए। उन्होंने यहां तक कहा कि भारत तभी जम्मू-कश्मीर का अधिमिलन स्वीकार करेगा, जब शेख अब्दुल्ला को सत्ता दी जाएगी। इतिहासकारों का मानना है कि यह शर्त पूरी तरह अनुचित थी। महाराजा हरि सिंह उस समय पाकिस्तान समर्थित जनजातीय आक्रमणों के खतरे से जूझ रहे थे। मगर नेहरू की जिद के चलते अधिमिलन का निर्णय विलंबित हुआ और पाकिस्तान को मौका मिल गया कि वह जम्मू-कश्मीर पर हमला कर सके और हुआ भी वैसे ही। 22 अक्टूबर 1947 को पाकिस्तानी सेना ने कबायलीयों के रूप में जम्मू कश्मीर के मुज़फ्फरबाद से सीमा पार की और श्रीनगर तक पहुँचने लगे। इस गंभीर स्थिति में गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने निर्णायक भूमिका निभाई। वे पहले से ही सभी रियासतों के भारत में एकीकरण की प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। उन्होंने महाराजा हरि सिंह को स्पष्ट संदेश भेजा-"जम्मू-कश्मीर का भविष्य भारत के साथ है, और भारत आपकी हर संभव सहायता करेगा।" अंततः 26 अक्टूबर 1947 को महाराजा हरि सिंह ने भारत सरकार को सहायता के लिए पत्र लिखा और 'इंस्ट्रूमेंट ऑफ़ एक्सेशन' (अधिमिलन पत्र) पर हस्ताक्षर किए। अगले ही दिन, 27 अक्टूबर 1947 को गवर्नर-जनरल लॉर्ड माउंटबैटन ने इसे स्वीकार किया और भारतीय सेना को श्रीनगर भेजा गया। बड़गाम की लड़ाई में भारतीय सेना ने आक्रमणकारियों को पीछे धकेला। इस प्रकार जम्मू-कश्मीर कानूनी, संवैधानिक और सैन्य रूप से भारत का अभिन्न अंग बन गया। हालाँकि अधिमिलन पूर्ण और वैध था, लेकिन बाद की राजनीति ने हालात को जटिल बना दिया। शेख अब्दुल्ला और नेहरू के संबंधों के चलते भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 लागू हुआ, जिसने जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण में बाधा पैदा करना का काम किया। इसका परिणाम यह हुआ कि राज्य में भारत का संविधान पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाया और अलगाववादी सोच को बढ़ावा मिला। 26 अक्टूबर 1947 का यह ऐतिहासिक निर्णय हमें याद दिलाता है कि जब राष्ट्रहित सर्वोपरि हो और नेतृत्व दृढ़ संकल्पित हो, तब कोई शक्ति भारत की एकता को तोड़ नहीं सकती। आज जब जम्मू-कश्मीर नई दिशा में बढ़ रहा है, तब यह स्वीकार करना ही होगा कि सत्य वही था जिसे महाराजा हरि सिंह और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दशकों पहले पहचाना था। इसलिए 26 अक्टूबर के ऐतिहासिक दिन को याद रखना आज भी अत्यंत आवश्यक है और इसे जम्मू-कश्मीर दिवस कहा जाना उतना ही उचित होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

## मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था। उसने एक सपना देखा। सपने में उससे एक परोपकारी साधु कह रहा था कि, बेटा! कल रात को तुम्हें एक विषैला सांप काटेगा और उसके काटने से तुम्हारी मृत्यु हो जाएगी। वह सर्प अमुक पेड़ की जड़ में रहता है। वह तुमसे पूर्व जन्म की शत्रुता का बदला लेना चाहता है। सुबह हुई। राजा सोकर उठा। और सपने की बात को लेकर विचार करने लगा। सोचते- सोचते राजा इस निर्णय पर पहुंचा कि मधुर व्यवहार से बढ़कर शत्रु को जीतने वाला और कोई हथियार इस पृथ्वी पर नहीं है। उसने सर्प के साथ मधुर व्यवहार करके उसका मन बदल देने का निश्चय किया। शाम होते ही राजा ने उस पेड़ की जड़ से लेकर अपनी शय्या तक फूलों का बिछौना बिछवा दिया, सुगन्धित जलों का छिड़काव करवाया, मीठे दूध के कटोरे जगह जगह रखवा दिये और सेवकों से कह दिया कि रात को जब सर्प निकले तो कोई उसे किसी प्रकार कष्ट पहुंचाने की कोशिश न करें।

राजा के पलंग तक जाने तक सांप का निश्चय पूरी तरह से बदल दिया। उधर समय से कुछ देर बाद सांप राजा के शयन कक्ष में पहुंचा। सांप ने राजा से कहा, राजन! मैं तुम्हें काटकर अपने पूर्व जन्म का बदला चुकाने आया था, परन्तु तुम्हारे सौजन्य और सद्व्यवहार ने मुझे परास्त कर दिया। अब मैं तुम्हारा शत्रु नहीं मित्र हूं। मित्रता के उपहार स्वरूप अपनी बहुमूल्य मणि मैं तुम्हें दे रहा हूं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**हादसों पर चिंता नहीं, चिंतन की जरूरत**

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, बहुत ही बड़ी चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में वर्ष 2022 में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इसमें लगभग 1 लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है। इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न! – **संजय यदु**, बिलासपुर

## ट्रेंड

**छठ महापर्व की शुभकामनाएं**



छठ महापर्व आस्था व परंपरा के साथ-साथ प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम उत्सव है। एक जिला-एक नदी के अंतर्गत सरकार नदियों के संरक्षण के लिए सतत प्रयत्नशील है। आइए, छठ पर नदियों-घाटों को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। छठ महापर्व की सभी को शुभकामनाएं।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

**निर्दोष लोगों की मृत्यु दुःखद**



हैदराबाद-बेंगलुरु हाइवे पर बस में आग लगने से कई निर्दोष लोगों की मृत्यु अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। इस त्रासदी में जान गंवाने वाले यात्रियों के शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

**कला क्षेत्र में अपूरणीय क्षति**



एड जगत को नया आयाम देने वाले पीयूष पांडे के निधन की खबर से स्तब्ध हूँ। उन्होंने हमेशा अपनी कला एवं रचना के माध्यम से सभी के दिलों पर राज किया। उनके जाने से कला क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।
- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र

**अस्तित्वगत बदलाव**



एआई सब कुछ बदल देगा। यह हमारे जीने के तरीके, काम करने के तरीके और संवाद करने के तरीके में एक अस्तित्वगत बदलाव है। लेकिन यह हमारे खुद को संरचनाओं में व्यवस्थित करने के तरीके में भी एक पूर्ण परिवर्तन है।
- शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# कनाडा पोस्ट का जश्न मनाने दिवाली पर डाक टिकट जारी



'कनाडा पोस्ट' ने देश के बहुसांस्कृतिक ताने-बाने का जश्न मनाने के लिए दिवाली की थीम पर आधारित एक नया डाक टिकट जारी किया है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में दिवाली के उपलक्ष्य में पारंपरिक रंगोली वाला डाक टिकट जारी करने के लिए 'कनाडा पोस्ट' का आभार जताया। 'कनाडा' पोस्ट ने एक बयान में कहा, "दीपावली न सिर्फ कनाडा, बल्कि दुनियाभर में हिंदुओं, सिखों, बौद्ध, जैनियों और अन्य समुदायों द्वारा मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है तथा इस अवसर पर देश की सांस्कृतिक विविधता को मान्यता देते हुए एक डाक टिकट जारी कर हमें गर्व महसूस हो रहा है।" बयान में रंगोली के सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए इन्हें रचनात्मकता की अभिव्यक्ति और स्वागत का शानदार जरिया बताया गया है। इसमें कहा गया है, "रंगोली कला का सुंदर नमूना है। दिवाली पर अक्सर अनाज, फूलों की पंखुड़ियों, रंगीन रेत या चावल की मदद से कमरों, आंगन और प्रवेश द्वार पर सुंदर रंगोली उकेरी जाती है।" 'कनाडा पोस्ट' देश की प्रमुख डाक सेवा प्रदाता कंपनी है। यह 2017 से हर साल दिवाली की थीम पर आधारित डाक टिकट जारी करती आई है। 2025 में जारी डाक टिकट को भारतीय मूल की रितु कनाल ने तैयार किया है।

## ऑफ बीट

# शिकार को अलग तरीके से डसते हैं जहरीले सांप



जहरीले सांप छह करोड़ से अधिक वर्षों से धरती पर विचरण करते रहे हैं। इन प्राचीन जीवों के इतने लंबे समय तक अपना अस्तित्व बनाए रखने में सफल होने का श्रेय कुछ हद तक शिकार के भागने से पहले ही उसे आश्चर्यजनक गति से डसने की इनकी क्षमता को भी जाता है। अब एक नया अध्ययन इस बात पर विस्तार से प्रकाश डालता है कि सांप अपने शिकार को किस तरह निशाना बनाते हैं। धरती पर सांप की अनुमानित चार हजार नस्लें हैं, जिनमें से लगभग 600 जहरीली हैं। हालांकि, सांप के डसने के तरीके का विश्लेषण करने वाले ज्यादातर हालिया अध्ययनों का दायरा कुछ कारकों के कारण सीमित रहा है। पहला, इनमें सांप के डसने के तरीके को रिकॉर्ड करने के लिए सिर्फ एक कैमरे का इस्तेमाल किया गया है। इसका मतलब यह है कि हमें सिर्फ एक दिशा का दृश्य मिलता है, जबकि सांप सभी दिशा में रेंग सकते हैं। दूसरा, ज्यादातर वीडियो अपेक्षाकृत निम्न गुणवत्ता के हैं, जिसकी मुख्य वजह यह है कि इन्हें ऐसे क्षेत्रों में रिकॉर्ड किया गया, जहां रोशनी का स्तर काफी कम था। तीसरा, वीडियो रिकॉर्डिंग आम तौर पर सांप की किसी एक नस्ल या सीमित नस्लों पर केंद्रित रही है। इसका मतलब यह है कि हम यह जानने से चूक जाते हैं कि कई अन्य नस्लें कैसे अलग तरह से व्यवहार कर सकती हैं या अधिक रफ्तार से हमला कर सकती हैं।




# बिहार चुनाव के समय राहुल को याद आए चाचा केसरी, बरसी पर शीर्ष नेतृत्व ने की श्रद्धांजलि अर्पित

## आने वाले बिहार चुनाव से पहले एक राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सीताराम केसरी की याद 25 सालों बाद आई। चाचा केसरी के नाम से मशहूर सीताराम केसरी की 25 वीं बरसी पर उनके परिजनों ने एआईसीसी मुख्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद करने का छोटा सा कार्यक्रम रखने की इजाज़त मांगी गई जिसको तुरंत न केवल स्वीकार किया गया बल्कि सब इंतज़ाम पार्टी ने किया। राहुल गांधी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने इसमें शिरकत भी किया। वैश्य समुदाय से आने वाले सीताराम केसरी पटना के पास दानापुर में ही मूल रूप से रहा करते थे। बिहार की राजनीति वैश्य बिरादरी को भाजपा का कोर वोटर माना जाता है। ऐसे में चाचा केसरी को याद करते हुए राहुल गांधी द्वारा श्रद्धांजलि दिए जाने के राजनीतिक निहितार्थ निकाले का रहे हैं।

अब बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को एक भावनात्मक लेकिन राजनीतिक रूप से अहम पहल की। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस मुख्यालय, 24 अकबर रोड पर पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. सीताराम केसरी की 25वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की। यह आयोजन न केवल एक श्रद्धांजलि समारोह था, बल्कि आने वाले बिहार चुनाव से पहले एक राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा रहा है।



### बिहार से राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंचे थे

सीताराम केसरी, जो बिहार से ताल्लुक रखते थे, कांग्रेस संगठन में निचले स्तर से उठकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचे थे। वह उस दौर के कांग्रेस नेता थे जब पार्टी अपने वैचारिक धरातल और सामाजिक प्रतिनिधित्व दोनों को लेकर बेहद सजग थी। राहुल गांधी का इस अवसर पर शामिल होना कांग्रेस के पुराने समाजवादी और पिछड़े वर्गों से जुड़ाव को पुनर्जीवित करने की एक कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

### राहुल गांधी ने आयोजन की तैयारियों में दिखाई रुचि

पार्टी सूत्रों के अनुसार, बिहार में महागठबंधन के भीतर चल रही सीटों की बातचीत और संगठनात्मक समायोजन के बीच राहुल गांधी का यह कदम कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को जोड़ने की रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम प्रतीकात्मक नहीं था। राहुल गांधी ने स्वयं आयोजन की तैयारियों में रुचि दिखाई और यह सुनिश्चित किया कि केसरी जी की विरासत को पार्टी की मुख्य धारा में फिर से लाया जाए।

### 'जड़ों की ओर लौटने' की रणनीति

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी का यह कदम बिहार में कांग्रेस की 'जड़ों की ओर लौटने' की रणनीति है। जिस दौर में कांग्रेस जातीय और वर्गीय समीकरणों में कमजोर मानी जा रही थी, वहां केसरी जैसे नेता संगठन का चेहरा हुआ करते थे। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता के शब्दों में- राहुल गांधी ने आज न सिर्फ श्रद्धांजलि दी, बल्कि एक संदेश भी दिया कि कांग्रेस अपने उन सच्चे सिपाहियों को नहीं भूलती जिन्होंने संगठन को निःस्वार्थ भाव से आगे बढ़ाया। बिहार के बदलते राजनीतिक परिदृश्य में, जहां महागठबंधन के घटक दलों के बीच तालमेल को लेकर चर्चाएं जारी हैं, राहुल गांधी का यह कदम कांग्रेस के आत्मविश्वास और वैचारिक मजबूती को प्रदर्शित करता है। सीताराम केसरी की 25वीं पुण्यतिथि पर राहुल गांधी का यह श्रद्धांजलि आयोजन न केवल पार्टी के इतिहास को सम्मान देने का अवसर था, बल्कि आने वाले बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस की दिशा और दृष्टि को भी स्पष्ट करने का प्रयास कहा जा सकता है-'पुराने मूल्यों और नयी राजनीति के संगम की शुरुआत।'

**सीताराम केसरी कांग्रेस की आत्मा थे**

कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा कि श्री सीताराम केसरी जी कांग्रेस की आत्मा थे। वे जमीनी नेता थे, जिन्होंने संगठन को आम कार्यकर्ताओं के भरोसे पर खड़ा किया। ऐसे नेताओं की विचारधारा और सादगी आज के राजनीतिक दौर में हमारी राह दिखाती है।

## 100 शहाबुद्दीन आ जाएं...किसी का बाल बांका नहीं कर सकते

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के सिवान जिले में रैली को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने बिहार के बाहुबली नेता रहे शहाबुद्दीन का जिक्र किया। शाह ने कहा कि अगर 100 शहाबुद्दीन आ जाए तो भी किसी का बाल बांका नहीं कर सकते हैं। शहाबुद्दीन की विचारधारा को जीतने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने पूरे बिहार को जंगलराज से मुक्त किया और हम नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहे हैं। शाह ने कहा कि आज मैं कहने आया हूं कि अभी अभी आपने दीपावली मनाई है, छठ पर्व भी मनाएंगे, मगर सच्ची दीपावली 14 नवंबर को होगी, जब लालू के बेटे का सूपड़ा साफ हो जाएगा। जंगलराज नीतीश जी ने पूरे बिहार को जंगलराज से मुक्त कराया है।



### सिवान की भूमि राजेंद्र बाबू की भूमि

शाह ने कहा कि ये सिवान की भूमि महान राजेन्द्र बाबू की भूमि है। राजेंद्र बाबू हमारे देश के पहले राष्ट्रपति बने, संविधान सभा के अध्यक्ष रहे। आजादी के आंदोलन के प्रमुख नेता रहे उनकी इस भूमि को मैं बार-बार प्रणाम करता हूं।

### सोनिया-लालू की सरकार में आतंकियों को बिरयानी खिलाई गई

शाह ने कहा कि अभी हाल ही पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकियों ने हमला किया, जब केंद्र में सोनिया-लालू की सरकार थी, तो आतंकवादियों को बिरयानी खिलाई जा रही थी। लेकिन हमने ऑपरेशन सिंदूर करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया करने का काम किया।

### खेसारीलाल को दूध से नहलाया, सिक्कों से तोला



छपरा से आरजेडी प्रत्याशी के रूप में नामांकन के बाद खेसारी लाल यादव का समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। लोगों ने उन्हें दूध से नहलाया और सिक्कों से तोला। भीड़ में नारेबाजी और खुशी का माहौल देखने को मिला। खेसारी लाल ने कहा कि यह नाचने वाला अब भाजपा को हराएगा।

**बैकुंठपुर में बोले शिवराज**

## महागठबंधन भस्मासुर है यदि इन्हें वरदान मिला तो जनता को ही भस्म कर देंगे

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैकुंठपुर में चुनावी सभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन भस्मासुर की तरह है। अगर उन्हें आशीर्वाद मिला तो जनता को जलाकर भस्म कर देंगे। इनके राज में माफिया, अपराधी, गुंडे, बदमाशों का राज था। आम आदमी की जिंदगी दूभर हो गई थी। एनडीए मंगलराज चाहता है, जहां जनता का मंगल और कल्याण हो।



चौहान ने कहा कि रामराज का मतलब है हमारे बच्चे आईआईटी, आईआईएम में पढ़ें, एम्स जैसे अस्पताल बनें, गांव में शानदार सड़कें बनें, बिजली आए और किसानों के खेतों में पानी और अच्छे स्कूल।

### आरजेडी मतलब रंगबाज, जंगलराज, डकैती

राहुल गांधी और तेजस्वी की बारात ऐसी है, जिनके आधे बाराती जेल में और आधे बेल पर हैं। आरजेडी की फुल फॉर्म बताते हुए शिवराज ने कहा, रंगबाज, जंगलराज, डकैती।

### अगर मैं बिहार का सीएम बना तो 14 करोड़ लोग सीएम बनेंगे

महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाया, तो बिहार के 14 करोड़ लोग सीएम यानी चिंता मुक्त हो जाएंगे। हमारी राजनीति झूठ नहीं, भरोसे की राजनीति है। जो कहा है, वो करेंगे, और जो करेंगे, वही कहेंगे। अगर महागठबंधन की सरकार बनी, तो हर परिवार से एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा किया जाएगा। साथ ही राज्यभर की जीविका दीदियों को सशक्त बनाने के लिए एक विशेष योजना लागू की जाएगी।



**खबर संक्षेप**

### सैनी सरकार के एक साल पर पूरा होने पर गाना लांच

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में "एक साल बेमिसाल" नामक गीत जारी किया गया है। गाने को हरियाणा के प्रसिद्ध गायक नवीन पुनिया ने गाया है। गाने को नवीन लाम्बा ने लिखा है। हिसार के गांव लाड़वा की इस जोड़ी ने इससे पहले भी नशामुक्त हरियाणा और नॉनस्टॉप हरियाणा जैसे एक दर्जन के करीब गाने बनाये हैं। गाने का संगीत गुलशन भिवानी ने दिया है। दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने इस गाने के पोस्टर को लांच किया। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भी मौजूद रहे। नवीन पुनिया ने मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का धन्यवाद किया। नवीन पुनिया ने बताया कि यह गीत राज्य में विकास, सुशासन और नई उम्मीदों की दिशा में उठाए गए ठोस कदमों को समर्पित है। गीत में जनता के हित में लिए गए निर्णयों, गरीब और सामान्य वर्ग के कल्याण, युवाओं के लिए नए अवसर और किसानों को समर्थ बनाने की पहल को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस गीत का उद्देश्य सरकार की उपलब्धियों को सरल भाषा और मधुर धुन के माध्यम से घर-घर तक पहुँचाना है, ताकि हरियाणा के लोग बीते वर्ष में हुए सकारात्मक बदलावों को महसूस कर सकें।



## कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए लगाए प्रश्नचिन्ह

# प्रधानमंत्री मोदी के कर्पूरी ग्राम दौरे पर कांग्रेस का वार- जयराम रमेश ने पूछे 3 सीधे सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव के मौसम में पक्ष, विपक्ष किसी भी मौके पर एक दूसरे के ख़िलाफ़ निशाना लगाने से नहीं चूक रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के पैतृक गांव का दौरा करने पहुंचे। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए तीन सीधे सवाल दागे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री जब कर्पूरी ठाकुर जी की धरती पर कदम रखेंगे, तो उन्हें यह याद रखना चाहिए कि सामाजिक न्याय की जो ऐतिहासिक नींव ठाकुर जी ने रखी थी, उसका सबसे अधिक विरोध उन्हीं के वैचारिक पूर्वजों ने किया था।

जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा, कर्पूरी ठाकुर जी ने 1978 में पिछड़े वर्गों को 26 प्रतिशत आरक्षण देकर सामाजिक न्याय का जो ऐतिहासिक कदम उठाया था, उसका उस समय जनसंघ और आरएसएस ने खुलकर विरोध किया था। कर्पूरी ठाकुर जी के खिलाफ अपमानजनक नारे लगाए गए, उन्हें घेरने और उनकी सरकार गिराने की साजिश रची गई। क्या प्रधानमंत्री आज उस ऐतिहासिक गलती के लिए अपने वैचारिक पूर्वजों की ओर से माफी मांगेंगे?

**खास बातें**

- उनके पूर्वजों ने ही सबसे अधिक विरोध किया था
- आरक्षण नीति लागू करने के लिए ही उन पर कार्रवाई की गई थी

### चुनावी मौसम में एक-दूसरे पर निशाना लगाने में कमी नहीं छोड़ रहे



**ट्रबल इंजन की सरकार**

### तीसरा सवालः बिहार के 65 फ़ीसदी आरक्षण कानून को संवैधानिक

*तीसरे सवाल में जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी 'ट्रबल इंजन' सरकार ने बिहार विधानसभा द्वारा पारित 65 फ़ीसदी आरक्षण वाले प्रस्ताव को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया। उन्होंने कहा, जब कांग्रेस सरकार ने 1994 में तमिलनाडु के 69 फ़ीसदी आरक्षण को 9वीं अनुसूची में डालकर कानूनी सुरक्षा दी थी, तो भाजपा सरकार बिहार के लिए वैसा क्यों नहीं कर सकी? क्या यह वंचित समाज के साथ भेदभाव नहीं है?*

### पहला सवालः सामाजिक न्याय पर भाजपा की वैचारिक विरासत

कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार में अप्रैल 1979 में कर्पूरी ठाकुर जी की सरकार को आरक्षण नीति लागू करने के कारण ही गिराया गया था। जनसंघ और आरएसएस से जुड़े नेताओं ने उस समय जिस तरह का विरोध और अपमान किया, वह बिहार के सामाजिक न्याय आंदोलन के इतिहास में दर्ज है," जयराम रमेश ने कहा।

### दूसरा सवालः जाति जनगणना पर दोहरा रवैया

कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री से दूसरा सवाल करते हुए कहा कि "क्या यह सच नहीं है कि आपने 28 अप्रैल 2024 को जाति जनगणना की मांग करने वालों को 'अर्बन नक्सल' कह दिया था? क्या आपकी सरकार ने संसद (20 जुलाई 2021) और सर्वोच्च न्यायालय (21 सितंबर 2021) में जाति जनगणना से साफ इंकार नहीं किया था? लाखों दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और आदिवासियों की इस वैध मांग को आपकी सरकार ने वर्षों तक नजरअंदाज किया।

**कर्पूरी ठाकुर की विरासत को लेकर सियासी संग्राम तेज**

प्रधानमंत्री के इस दौरे से पहले कांग्रेस ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि सामाजिक न्याय और आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राष्ट्रीय बहस का केंद्र बने। कांग्रेस का कहना है कि प्रधानमंत्री केवल सम्मान दिखाने नहीं, बल्कि अपने अतीत और वर्तमान दोनों के सवालों का जवाब देने जाएं। दरअसल बिहार में दलित वोट बैंक को रिझाने की चौतरफा कोशिशें चल रही हैं। उसी संदर्भ में विपक्ष ने पीएम मोदी की घेराबंदी की कोशिश सवालों के माध्यम से करने की कोशिश की।

## खट्टर की स्वनिधि योजना पर समीक्षा

# जागरूकता बढ़ाने, पात्रों की पहचान लंबित ऋणों की शीघ्र स्वीकृति और वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली में 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों, आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय और वित्तीय सेवा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, और प्रमुख बैंकों/ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति संयोजकों के साथ प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। योजना के पुनर्गठन और विस्तार के लिए यह समीक्षा की गई। उन्होंने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और बैंकों से जागरूकता बढ़ाने, पात्र रेहड़ी-पटरी वालों की पहचान करने, लौटाए गए आवेदनों के शीघ्र निपटान,लंबित ऋणों की शीघ्र स्वीकृति और वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया।

खट्टर ने राज्यवार प्रगति के आकलन और परिचालन संबंधी चुनौतियों के समाधान में राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों, प्रमुख सचिवों, मिशन निदेशकों, वित्तीय सेवा विभाग अधिकारियों और वरिष्ठ बैंकिंग अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण की पहली किस्त से दूसरी और अंततः तीसरी किस्त तक आगे बढ़ने में सहायता के लिए ठोस प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने लाभार्थियों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने के महत्व का उल्लेख किया। उन्होंने सभी रेहड़ी-पटरी वालों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के माध्यम से स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को और गति देने के लिए 3 नवंबर से 2 दिसंबर तक संकल्प अभियान के शुभारंभ की घोषणा की। खट्टर ने रेहड़ी पटरी कर्मियों को सहायता प्रदान करने और राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, शहरी स्थानीय निकायों और बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र के साथ साझेदारी में स्वनिधि के कार्यान्वयन प्रतिबद्धता दोहराई।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्याः 27-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 23.10.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | ओएचई/एमयूटी, ओएचई/एमडीएनआर, ओएचई/एसएमक्यूएल और ओएचई/जेडीडब्ल्यू के अधिकार क्षेत्र में टीआरडी परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में विविध कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 40,61,339.90/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 81,200/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 04.11.2025 (10:30 बजे) से 18.11.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 18.11.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3303/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जितेंद्र सिंह उर्फ नन्हे पुत्र रणधीर सिंह निवासी मकान नंबर 368, वीपीओ– रानी खेड़ा, दिल्ली–86** ने **FIR No. 1002/2014 U/S 323/341/506/34 IPC, अन्तर्गत थाना अमन विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेंद्र सिंह उर्फ नन्हे** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जितेंद्र सिंह उर्फ नन्हे** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 1002/2014 U/S 323/341/506/34 IPC, अन्तर्गत थाना अमन विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जितेंद्र सिंह उर्फ नन्हे** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को **सुबह 10:00 बजे** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री शगुन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**उत्तर पश्चिम न्यायालय संख्या 109, प्रथम तल**
**रोहिणी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/13678/RD/2025(Court Matter)**

## कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन वेणुगोपाल ने यह बात कही

# छत्तीसगढ़ के किस जिला का कौन होगा कांग्रेस अध्यक्ष, तय करने हुई मैराथन

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने बताया कि वे संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ की कार्यवाही में सक्रिय रूप से जुटे हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि जनरल सेक्रेटरी (इंचार्ज) छत्तीसगढ़ सचिन पायलेट, एआईसीसी द्वारा छत्तीसगढ़ में नियुक्त किए गए ऑब्जर्वर और वरिष्ठ नेताओं के साथ 'वन-टू-वन' बैठकों का संचालन किया, जिनका उद्देश्य नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति और स्थानीय संगठन का पुनर्गठन है।



### चुनाव योग्य प्रत्याशियों की सिफारिशें तैयार कर रहे

सूत्रों के अनुसार यह अभियान प्रदेश स्तर पर कांग्रेस के जमीनी स्तर को मजबूत करने और आगामी चुनावों के मद्देनज़र क्षेत्रीय नेतृत्व का पुनर्गठन सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है। अव्ज़र्वर स्थानीय परिस्थितियों, जातीय-सामाजिक संतुलन, कार्यकर्ता-फीडबैक और क्षेत्रीय समीकरणों का मूल्यांकन कर चुनाव योग्य प्रत्याशियों की सिफारिशें तैयार कर रहे हैं। इन सिफारिशों को केंद्र में भेजकर अंतिम नामांकन से पूर्व वरिष्ठ नेतृत्व की मंजूरी ली जाएगी और इसी के लिए केसी वेणुगोपाल और सचिन पायलट जैसी हाई-लेवल बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। मैराथन बैठकें हो रही हैं। जल्द ही छत्तीसगढ़ के लिए नए जिलाध्यक्षों की घोषणा संभावित है।

**संगठन को चुस्त बनाना उद्देश्य**

*कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य केवल नामों का बदलाव नहीं है, बल्कि जिलास्तरीय नेतृत्व में सामाजिक संतुलन (एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं का प्रतिनिधित्व), क्षेत्रीय संतुलन और प्रदर्शन-आधारित जिम्मेदारियों को लागू कर संगठन को चुस्त बनाना बताया जा रहा है। अन्य राज्यों में इसी मॉडल के तहत नियुक्तियों पर 'प्रोबेशन' या कार्यकाल के दौरान मूल्यांकन जैसे प्रयोग भी किए जा रहे हैं, उदाहरण के तौर पर कुछ मीडिया रिपोर्टों में ऐसे नियमों और निगरानी व्यवस्था के प्रयोग का उल्लेख पाया गया है। यह संकेत देता है कि एआईसीसी संगठन सृजन में पारदर्शी और जवाबदेह नियुक्ति की दिशा में कदम उठा रहा है।*

### गुटबाजी कम करने की कोशिश

छत्तीसगढ़ में जिला अध्यक्षों के बदलने से स्थानीय समीकरणों में हलचल की उम्मीद है। नए अध्यक्षों के चयन से माना जा रहा है कि गुटबाज़ी कम करने और संगठनात्मक समन्वय बढ़ाने की कोशिश होगी। सामाजिक और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व का बेहतर खाली स्थान भरा जा सकेगा (विशेषकर आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिहाज से)। विधानसभा, लोकसभा स्तर पर कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को तेज़ किया जा सकेगा क्योंकि स्थानीय नेतृत्व ही कार्यकर्ता-संग्रह और मैदान की सक्रियता सुनिश्चित करता है।

# टाटा मोटर्स का नाम हुआ 'टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स ने आधिकारिक रूप से अपना नाम बदलकर टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी ) कर लिया है। कंपनी के शेयर अब स्टॉक एक्सचेंजों पर 'टीएमपीवी' नाम के तहत ट्रेड हो रहे हैं। यह बदलाव कंपनी के कमर्शियल व्हीकल (सीवी) बिजनेस के डिमर्जर के बाद हुआ है, जो इस महीने की शुरुआत में प्रभावी हुआ था।

## कंपनी के शेयर अब टीएमपीवी के नाम से ट्रेड हो रहे

### 1:1 के अनुपात में मिलेगा शेयर

निवेशकों को टाटा मोटर्स के प्रत्येक 1 शेयर पर टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल बिजनेस (टीएमएलसीवी) का 1 शेयर मिलेगा। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल (टीएमएलसीवी)के शेयर नवंबर में बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है। यह डिमर्जर 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हो चुका है, जबकि शेयर एडजस्टमेंट 14 अक्टूबर को हुआ।




### डिमर्जर का उद्देश्य

टाटा मोटर्स के बोर्ड ने अगस्त 2024 में डिमर्जर को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य दोनों सेगमेंट, कमर्शियल व्हीकल्स और पैसेंजर व्हीकल्स को अलग-अलग पहचान देना और उनके बिजनेस मॉडल्स के हिसाब से रणनीति बनाना था।

### निवेशकों के लिए इसका क्या मतलब है?

इस डिमर्जर के बाद निवेशकों के पास अब दो अलग-अलग कंपनियों के शेयर होंगे। एक कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट पर आधारित और दूसरा पैसेंजर व्हीकल बिजनेस पर। दोनों के अलग-अलग बिजनेस मॉडल और ग्रोथ ड्राइवर्स होने से निवेशकों को ज्यादा पारदर्शिता और वैल्यू क्रिएशन के अवसर मिल सकते हैं।

# वीआईटी द्वारा वीआईटीईईई 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित

**वेल्लोर।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) ने वीआईटीईईई 2026 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक इंजीनियरों को अपने सपनों के करियर की ओर अगला कदम बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। छात्र अब वीआईटी के वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती और भोपाल परिसरों में संचालित प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए www.viteee.vit.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वीआईटीईईई 2026 एक ही चरण में, 28 अप्रैल 2026 से 3 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। aयह परीक्षा भारत भर के 134 परीक्षा शहरों और 9 अंतर्राष्ट्रीय परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों को अपने अध्ययन स्थल या मूल क्षेत्र के आधार पर स्थान चुनने की सुविधा मिलेगी। विश्व स्तरीय बुनियादी ढाँचे, मज़बूत उद्योग संबंधों और उत्कृष्ट प्लेसमेंट अवसरों के साथ, वीआईटी इंजीनियरिंग शिक्षा के लिए भारत के सबसे पसंदीदा संस्थानों में से एक बना हुआ है।

## सीजीएसटी भवन के उद्घाटन अवसर पर वित्त मंत्री बोलीं

# जीएसटी अधिकारी ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र रहें

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ विनम्र एवं सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करना चाहिए। गाजियाबाद में सीजीएसटी भवन के उद्घाटन के अवसर पर सीतारमण ने कर अधिकारियों से तेजी से पंजीकरण मंजूरी एवं शिकायत निवारण के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने और क्षेत्रीय इकाइयों से सक्रिय रूप से व्यापार करने में सुगमता लाने का भी आह्वान किया। वित्त मंत्री ने कहा कि ऐसा करने से केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) स्पष्ट संदेश देगा कि कदाचार, कर्तव्य की उपेक्षा या अनैतिक व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा, ''आपके और व्यापारी के बीच कोई लोहे की दीवार नहीं है, बस हवा का एक झोंका है।

### तेजी से पंजीकरण मंजूरी करने का आव्हान



### बुरे करदाताओं को पकड़ने नियमों का पालन करें

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ईमानदार करदाताओं के साथ व्यवहार करते समय अधिक सहानुभूति एवं शिष्टाचार दिखाना चाहिए और उन्हें यह एहसास दिलाना चाहिए कि अगली पीढ़ी के जीएसटी के तहत उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। मंत्री ने कहा, '' अगर करदाताओं में कुछ लोग बुरे लोग हैं तो उन्हें पकड़ने के लिए नियमों का पालन करें लेकिन हर किसी को संदेह की नजर से न देखें।''

### करदाताओं को बेहतर महसूस होगा

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण है कि आप विनम्र बने रहें। अगली पीढ़ी का जीएसटी केवल दरों, श्रेणियों, सरलीकरण के बारे में नहीं है। इससे करदाता को बेहतर महसूस होना चाहिए।''इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विनम्रता को कानून व नियमों के साथ समझौते के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

### बेईमान करदाताओं को कोई राहत न दें

वित्त मंत्री ने कहा, ''अच्छे काम करते रहें, सुधारों की गति बनाए रखें और हमेशा याद रखें कि हमारा अंतिम लक्ष्य ईमानदार करदाताओं का जीवन आसान बनाना है। बेईमान करदाताओं को किसी भी तरह से राहत न दें। अगर हम ऐसा करेंगे, तो आर्थिक वृद्धि एवं समृद्धि निश्चित रूप से आएगी।'' उन्होंने कहा कि कर अधिकारियों को बेईमान करदाताओं से निपटते समय 'व्यक्तिनिष्ठ' होने की जरूरत नहीं है और उन्हें केवल निर्धारित नियमों या मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन करना चाहिए।

## वैश्विक बाजारों में रहा कमजोर रुख

# सोना फिसलकर 1,25,600 प्रति 10 ग्राम, चांदी भी टूटी

### सोना 18 अक्टूबर को 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हुआ था बंद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोर रुझान के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमतें गिरकर 1,25,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 18 अक्टूबर को 1,32,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना टूटकर 1,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। शनिवार को यह 1,31,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमतें भी गिरकर 1,52,600 रुपये प्रति



किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गईं।

पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। सर्राफा संघ ने कहा कि दिवाली उत्सव के बीच चार दिनों तक कारोबार बंद रहने के बाद स्थानीय सर्राफा बाजार में कारोबारी गतिविधियां शुक्रवार को फिर से शुरू हो गईं। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, पिछले सत्र में 0.67 प्रतिशत बढ़ने के बाद शुक्रवार को हाजिर सोना 38.47 डॉलर यानी 0.93 प्रतिशत टूटकर 4,087.55 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता

सप्ताह की शुरुआत में तेज बिकवाली के बाद व्यापारी सतर्क रहे और ताजा लिवाली से बचते नजर आये। गांधी ने कहा कि भारत में कई बाजार त्योहारी छुट्टियों के मौसम में बंद हैं, और दिवाली त्योहार खत्म होने के बाद, दुनिया के दूसरे सबसे बड़े सोने के उपभोक्ता भारत में मांग में गिरावट आने की उम्मीद है। विदेशी बाजारों में चांदी हाजिर 1.66 डॉलर टूटकर 48.12 डॉलर प्रति औंस रह गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# घरेलू शेयर बाजार में छह दिनों बाद आई गिरावट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

विदेशी पूंजी की निकासी और बैंकों एवं एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली के बीच घरेलू शेयर बाजार लगातार छह कारोबारी सत्रों की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 344.52 अंक यानी 0.41 प्रतिशत गिरकर 84,211.88 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 599.25 अंक की गिरावट के साथ 83,957.15 अंक पर आ गया था। निफ्टी 96.25 अंक की गिरावट के साथ 25,795.15 अंक पर बंद हुआ। इसके 50 में से 34 शेयरों में गिरावट रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर में सबसे अधिक 3.20 प्रतिशत की गिरावट आई। अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। घरेलू शेयर बाजार लगातार छह सत्रों की तेजी के बाद नुकसान में रहे। इसके पीछे ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली हावी होने के अलावा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की टिप्पणी का भी हाथ रहा। गोयल ने जर्मनी में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत जल्दबाजी में सौदे नहीं करता है और न ही समयसीमा तय करके या दबाव में आकर समझौते करता है। छुट्टियों से प्रभावित इस कारोबारी सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 259.69 अंक यानी 0.30 प्रतिशत चढ़ा जबकि निफ्टी में कुल 85.3 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की तेजी रही।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# पतंजलि योगपीठ में गढ़ा गया चिकित्सा विज्ञान का नया इतिहास

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ में चिकित्सा विज्ञान का नया इतिहास गढ़ा गया। स्वामी रामदेव महाराज तथा आचार्य बालकृष्ण महाराज की उपस्थिति में यज्ञ-अग्निहोत्र के अनुष्ठान व वेदमंत्रों के साथ पंतजलि इमरजेंसी एण्ड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का अनौपचारिक प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी ने कहा कि आज चिकित्सा विज्ञान के अनुष्ठान का नया अध्याय प्रारंभ हो रहा है। पतंजलि की यह व्यवस्था चिकित्सकीय लोकतांत्रिक व्यवस्था है



जो रोगियों के लिए न्यायप्रधान है। उन्होंने घोषणा की कि हरिद्वार में तो इस हॉस्पिटल का मात्र बीजारोपण है, दिल्ली, एन.सी.आर. में एम्स, अपोलो या मेदांता से भी बड़ा वर्जन बहुत जल्द सामने आएगा। विशेष बात यह रहेगी कि यह कॉरपोरेट हॉस्पिटल नहीं कापरेट हास्पिटल होगा जिसमें व्यापार नहीं रोगियों की सेवा की जाएगी। हमारा उद्देश्य एकीकृत चिकित्सा पद्धति के तहत रोगियों को आरोग्य प्रदान करना है। स्वामी ने कहा कि पतंजलि में बहुत समय से विचार था कि जहाँ पर नितांत आवश्यक हो, वहाँ माडर्न मैडिकल साइंस का आश्रय लिया जाए। पूरी दुनिया के लिए यह एक नई दृष्टि होगी कि केवल इमरजेंसी के तौर पर ही हम इस विधा का प्रयोग करेंगे। हमारे पास इस नई दृष्टि से समन्वित व आप्लावित समर्पित चिकित्सकों की त्रिवेणी का संगम है।

**NOTICE**

IN THE COURT OF HON'BLE Smt. M.A. BARALIYA, ADDL. MEMBER, MACT 4th Floor, Room No. 411 (New, G+9, building) DISTRICT COURT, AKASHWANI CHOWK, NAGPUR.

C.P. No. 702/23
Process No. 7160 F.F. 20/11/2025

Petitioner : Chandrashekhar
-versus-
Respondent : Vijay
To,
Vijaykumar Pradeepkumar, R/o 723, A.H. Block, Plam Vihar, Gurgaon, Haryana.

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act

You are hereby noticed to appear in this Court of Hon'ble ADDL. MEMBER, MACT, Nagpur, in person or by a pleader duly instructed on Dated 20/11/2025, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court this 29th day of September, 2025.

Nagpur Date : 29/09/2025 Seal Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur
Prasanna Publicity 9326927622

**NOTICE**

IN THE COURT OF HON'BLE Smt. M.A. BARALIYA, ADDL. MEMBER, MACT 4th Floor, Room No. 411 (New, G+9, building) DISTRICT COURT, AKASHWANI CHOWK, NAGPUR.

C.P. No. 1271/23
Process No. 4835 F.F. 1/11/2025

Petitioner : Sunanda
-versus-
Respondent : New India
To,
Kashish Pradeep Sharma, R/o Aw-4, Sanjay Gandhi Tranport Nagar, North West Delhi.

Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act

You are hereby noticed to appear in this Court of Hon'ble ADDL. MEMBER, MACT, Nagpur, in person or by a pleader duly instructed on Dated 1/11/2025, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this 21st day of July, 2025.

Nagpur Date : 21/07/2025 Seal Registrar (Judl.) M.A.C.T. Nagpur
Prasanna Publicity 9326927622

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE
1) TATA MOTORS TATA_INTRA REG. NO. DL1LAL1592-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TLP1109FB REG. NO. HR38AG4650-YOM-2023
3) TATA MOTORS LPT1109COP REG. NO. HR38AE9259-YOM-2023
4) TATA MOTORS TLP1109FB REG. NO. HR38AG2448-YOM-2023

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 3 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | ओएचई/बीजीजेड और ओएचई/आरओके के अधिकार क्षेत्र में टीआरडी परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता में सुधार के संबंध में विविध कार्य। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 35,30,263.14/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 70,600/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 04.11.2025 (10.30 बजे) से 18.11.2025 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 18.11.2025 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 07041032 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 29-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक: 23.10.2025 3305/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सईदा, पत्नी:** नफीस, **पता:** मकान नं. 135 गली नंबर 3, डी ब्लॉक, दयालपुर, करावल नगर, दिल्ली **FIR No. 226/20, U/s: 33/58 DE Act, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सईदा,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सईदा,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सईदा, FIR No. 226/20, U/s: 33/58 DE Act, पुलिस थाना शाहबाद डेयरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कोर्ट रूम नं. 114 प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/14293/ON/2025 (Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शहजाद अली उर्फ मुल्ला पुत्र मोहम्मद तसलीम निवासी मकान नंबर 58ए, आईजी कॉलोनी, कुंवर सिंह नगर, नांगलोई, दिल्ली** ने **E-FIR No. 32389/23 U/S 411 IPC, अन्तर्गत थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शहजाद अली उर्फ मुल्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शहजाद अली उर्फ मुल्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 32389/23 U/S 411 IPC, अन्तर्गत थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शहजाद अली उर्फ मुल्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री विजयश्री राठौर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–10 (पश्चिम)
कक्ष संख्या 345
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14127/OD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजकुमार, पुत्रः नागराज, पिताः म.नं. 60, द्वितीय तल, मिलाप अपार्टमेंट, पश्चिम विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 07/2017, U/s 384/506/34 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजकुमार** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **राजकुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 07/2017, U/s 384/506/34 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अभियुक्त **राजकुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती गर्ग
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–II
पश्चिम, कमरा नं. 31
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14348/OD/2025

## शब्द पहेली - 6027




**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

### शब्द पहेली -6026 का हल





# विश्वकप में स्मृति-प्रतीका की जोड़ी का कमाल, पहले विकेट के लिए जोड़े रिकॉर्ड 212 रन

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल को एक साथ आए हुए एक साल भी नहीं हुआ है, लेकिन उन्होंने शीर्ष क्रम में बेहद सफल जोड़ी बनाई है। इन दोनों ने गुरुवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़कर पहले विकेट के लिए 212 रन की रिकार्ड साझेदारी की, जिससे भारत ने यह मैच डकवर्थ लुईस पद्धति से 53 रन से जीत कर महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पिछले वर्ष दिसंबर में जोड़ी बनाने के बाद से यह उनकी सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी थी। मंधाना के 95 गेंदों में 105 रन और रावल के 134 गेंदों में 122 रन की बदौलत भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 340 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो इस विश्व कप में किसी भी टीम का सर्वोच्च स्कोर है। इस जोड़ी ने अब तक 23 पारियों में 1,799 रन जोड़े हैं।

**जोड़ी बनाने के बाद से मंधाना-रावल की सातवीं तथा 2025 में पांचवीं शतकीय साझेदारी**

**स्मृति और प्रतीका ने 23 पारियों में जोड़े 1,799 रन**

### हमारी बातचीत गणना पर आधारित

*रावल ने कहा कि उन दोनों के बीच अच्छी समझ है, जिससे कि वह बड़ी साझेदारी निभाने में सफल रही हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे बीच सहज बातचीत होती है। वह मुझे वह करने देती हैं, जो मेरा मजबूत पक्ष है और मैं उसमें हस्तक्षेप नहीं करती, जिसमें वह सर्वश्रेष्ठ हैं।' उन्होंने कहा, 'जब हम बल्लेबाजी करते हैं तो पूरी बातचीत गणना पर आधारित होती है। हमारी बातचीत इसी पर आधारित होती है कि हमें बड़ा स्कोर बनाने के लिए कितने रन बनाने होंगे। अगर हम लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो हमारी बातचीत इस पर आधारित होती है ताकि हम आसानी से लक्ष्य का पीछा कर सकें।' रावल ने कहा, 'वह गणना करने में बहुत अच्छी है और वह जो भी मुझसे कहती है, मैं उसमें शामिल होना पसंद करती हूं। हम दोनों को सहजता के साथ आगे बढ़ना पसंद है।'*







### हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया

*प्रतीका ने कहा, 'हम यह चर्चा इसलिए कर रहे थे ताकि हमें खुद पर विश्वास हो कि हम किसी भी समय मैच जीत सकते हैं और हमारे पास ऐसे खिलाड़ी हैं, मैच विजेता खिलाड़ी, जो बड़ी पारी खेल सकते हैं और विकेट ले सकते हैं।' रावल ने कहा, 'दुर्भाग्य से हम तीन मैच हार गए, लेकिन हमने उन मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया। यह (जीत) हमें मिलनी ही थी और मुझे बहुत खुशी है कि हम सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया और हम मैच जीतने में सफल रहे।' रावल ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष की उंगली में लगी चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा, 'ऋचा बिल्कुल ठीक हैं। दुर्भाग्य से मैच के दौरान उसकी उंगली में चोट लग गई। लेकिन यह चोट गंभीर नहीं है।'*

## खबर संक्षेप




### भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलेंगे मैक्सवेल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के करिश्माई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कलाई में फ्रैक्चर से उबरने के बाद भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए वापसी करने को तैयार हैं जबकि युवा तेज गेंदबाज महली बियर्डमैन को भी टीम में चुना गया है। मौजूदा वनडे श्रृंखला के बाद टी20 श्रृंखला 29 अक्टूबर से कैनबरा में शुरू होगी। इस पांच मैचों की श्रृंखला के लिए 37 वर्षीय मैक्सवेल और बियर्डमैन अंतिम तीन मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और गेंदबाजी ऑलराउंडर सीन एबॉट क्रमशः पहले दो और तीन मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। सितंबर में न्यूजीलैंड में ऑस्ट्रेलिया की तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले नेट पर गेंदबाजी करते समय मैक्सवेल की कलाई में फ्रैक्चर हो गया था।

### पंजाब एफसी के लिए खेलेंगे डॉस सैंटोस

**मोहाली।** पंजाब एफसी ने इस सप्ताहांत गोवा में शुरू होने वाले सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट से पहले ब्राजील के अनुभवी सेंटर बैक पाब्लो रेनन डॉस सैंटोस को एक साल के अनुबंध पर टीम में शामिल किया।




इस 33 वर्षीय खिलाड़ी को विश्व भर की कई फुटबॉल लीग में खेलने का व्यापक अनुभव है और उनकी मौजूदगी से पंजाब एफसी की टीम की रक्षा पंक्ति को मजबूती मिलेगी। पंजाब की टीम से जुड़ने के बारे में पाब्लो ने कहा, 'पंजाब एफसी की टीम का इस सत्र में काफी व्यस्त कार्यक्रम है और मैं यहां अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हूं। मैं भारत में मिलने वाली चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हूं।'

### अमन राज ने खेला लगातार दूसरा नौ अंडर कार्ड

**जयपुर।** अमन राज ने आईजीपीएल आमंत्रण जयपुर टूर्नामेंट के दूसरे दिन दबदबा बरकरार रखते हुए नौ अंडर 61 का शानदार कार्ड बनाया, जिससे वह 22 महीनों में अपने पहले पेशेवर खिताब के करीब पहुंच गए। पहले दिन भी उन्होंने नौ अंडर का कार्ड बनाया था। अमन (61-61) अब 18-अंडर के स्कोर पर हैं और दूसरे स्थान पर मौजूद कार्तिक सिंह (63-63) से चार शॉट आगे हैं। कार्तिक ने लगातार दूसरा सात अंडर का कार्ड खेलकर 14-अंडर का स्कोर बनाया। ओलंपियन उदयन माने (65-62) ने दूसरे दौर में आठ अंडर का कार्ड बनाकर 13-अंडर का स्कोर बनाया।

### पीएसएल ने सरेआम फाड़ा पीसीबी का नोटिस

**कराची।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) की फ्रैंचाइजी मुल्तान सुल्तांस के मालिक अली तरीन ने एक रिकॉर्डेड वीडियो में पाकिस्तान



क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के उन्हें भेजे कानूनी नोटिस को फाड़ दिया, जिसमें उनकी टीम का अनुबंध समाप्त करने की धमकी दी गई थी। अली तरीन और पीसीबी के बीच विवाद अब सार्वजनिक रूप से सामने आ गया है।

### ऑस्ट्रेलिया की धरती में कोहली और रोहित का होगा आखिरी मैच

# 41 साल बाद टीम इंडिया पर मंडराया क्लीन स्वीप का खतरा, आज सिडनी में आखिरी वनडे

एजेंसी ▶▶| सिडनी

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9 बजे शुरू होगा**

ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर टीम इंडिया अब अंतिम वनडे मैच सिडनी के मैदान में 25 अक्टूबर को खेलेगी। तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैच में हार के साथ टीम इंडिया सीरीज गंवा चुकी है। इसके चलते टीम इंडिया पर 41 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। भारत को अगर क्लीन स्वीप से बचना है तो सिडनी मे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वहीं विराट कोहली और रोहित शर्मा शनिवार को जब तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में खेलने के लिए उतरेंगे तो भावनाओं का ज्वार अपने चरम पर हो सकता है क्योंकि यह ऑस्ट्रेलिया की धरती पर इन दोनों का संभवतः अंतिम मैच होगा।

### गिल-गंभीर के नाम जुड़ सकता है शर्मनाक रिकॉर्ड?

शुभमन गिल की कप्तानी और गौतम गंभीर की कोचिंग में टीम इंडिया पहली बार ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर वनडे सीरीज खेल रहे हैं। गिल की वनडे कप्तानी का आगाज खराब रहा और उनको अपने करियर की पहली सीरीज में हार मिली। इसके बाद अब गिल के नाम एक बड़ा कलंक ये लग सकता है कि टीम इंडिया पिछले 41 साल में अभी तक किसी भी वनडे सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से क्लीन स्वीप नहीं झेली है। अगर सिडनी में ऐसा होता है तो गिल और गंभीर की जोड़ी के नाम ये शर्मनाक रिकॉर्ड जुड़ जाएगा।

### पिछली बार 1984 में हुआ था क्लीन स्वीप

पिछली बार साल 1984 में ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को पांच मैचों की वनडे सीरीज में 3-0 से हराकर उसका क्लीन स्वीप किया था। उस समय टीम इंडिया की कप्तानी सुनील गावस्कर के पास थी। अब गिल की टीम इंडिया हारती है तो गावस्कर के साथ गिल का नाम भी इस शर्मनाक क्लब में जुड़ जाएगा।

### आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं

यह मैच इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गौतम गंभीर की कोचिंग वाली भारतीय टीम 0-3 से क्लीन स्वीप से बचना चाहती है लेकिन आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में नहीं हैं। उसने यहां, जो पिछले पांच वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक मैच में जीत मिली है। कप्तान शुभमन गिल और कोहली दोनों से बड़ी पारी दरकार है और गंभीर को अंतिम मैच में दोनों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी।पिछले दो मैचों में बुरी तरह से पराजित होने वाली भारतीय टीम गेंदबाजी के अपने संसाधनों के साथ समझौता करने की कीमत पर बल्लेबाजी को मजबूत करने की अपनी रणनीति पर फिर से विचार करना चाहेगी क्योंकि कुलदीप यादव जैसे मैच विजेता खिलाड़ी को नजरअंदाज करना टीम के लिए अभी तक अच्छा साबित नहीं हुआ है।




### सिडनी में मात्र दो मैच जीती टीम इंडिया

*भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतिम वनडे मैच 25 अक्टूबर को सिडनी के मैदान में खेला जाना है। इस मैदान पर दोनों टीमों के बीच अभी तक 19 वनडे मैच खेले जा चुके हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने 16 वनडे जीते तो टीम इंडिया के नाम इस मैदान में सिर्फ दो जीत दर्ज है। इस लिहाज से ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है।*

### ओवेन और कोनोली ने दिया कौशल का परिचय

*जहां तक ऑस्ट्रेलियाई टीम का सवाल है, तो साफ नजर आता है कि उसने 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल ओवेन और कूपर कोनोली जैसे खिलाड़ियों ने दबाव वाली परिस्थितियों में सही रणनीति तैयार करने और उस पर अमल करने के अपने कौशल का अच्छा परिचय दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच के लिए मैट कुहनेमैन को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है, जिन्होंने पहले मैच में अच्छी गेंदबाजी की थी।*

### टीमें इस प्रकार

*भारत : शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, कुलदीप यादव, प्रसिद्ध कृष्णा।*

*ऑस्ट्रेलिया: मिशेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, एलेक्स केरी (विकेट कीपर), जोस इंग्लिस (विकेट कीपर), कूपर कोनोली, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जैक एडवर्ड्स, मिशेल ओवेन, जोश फिलिप, मैथ्यू रेनशॉ, मैथ्यू शॉर्ट, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा, मैट कुहनेमैन।*

### विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

## हंसिका का शानदार प्रदर्शन सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| नोवी साद



हंसिका लांबा अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं के शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गईं, जबकि नेहा शर्मा रेपेशाज में अपने मौके का फायदा उठा कर शुक्रवार को 57 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक की दौड़ में बनी हुई है। प्रिया मलिक ने मैक्सिको की पहलवान एडना जिमेनेज विलाल्बा को 8-1 से हराकर कांस्य पदक जीतकर भारत को इस टूर्नामेंट का दूसरा पदक दिलाया था। निशु (55 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और सृष्टि (68 किग्रा) भी कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी। हंसिका ने अपने तीन मुकाबलों में केवल दो अंक गंवाए। उन्होंने विक्टोरिया वोल्क पर 11-0 से जीत के साथ शुरुआत की और उसके बाद कजाकिस्तान की जिनेप बयानोवा को 8-2 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने उज्बेकिस्तान की दिलशोदा मतनाजारोवा पर तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से जीत हासिल की। सविता को क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की इरिना बोंडार से 3-4 से हार गईं। हन्नी कुमारी (50 किग्रा), दीक्षा मलिक (72 किग्रा) पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी हैं।

## चीन दौरे में भारतीय हॉकी टीम ने दिखाया दम

**नई दिल्ली।** भारत की पुरुष और महिला 'ए' हॉकी टीमों ने हाल में प्रतिस्पर्धी स्थानीय टीमों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन और बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करते हुए चीन के अपने अंतरराष्ट्रीय दौरे का शानदार समापन किया। भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने 12 से 18 अक्टूबर तक जिआंगसु प्रांत के चांगझोउ शहर में गांसु क्लब के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला खेली और अपने सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। पुरुष टीम ने श्रृंखला की शुरुआत 7-0 की जीत के साथ की और उसके बाद 2-1 से जीत हासिल की। अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए मेहमान टीम ने तीसरे मैच में 8-0 से जीत हासिल की।

■ बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप अंडर 15 -17

## भारत की बेटियों का दबदबा, क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य, दीक्षा और शाइना

एजेंसी ▶▶| चेंगदू (चीन)

**चेंगदू (चीन)।** भारत की लक्ष्य राजेश, दीक्षा सुधाकर और शाइना मणिमुथु ने बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप के लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

छठी वरीयता प्राप्त दीक्षा ने चीनी ताइपे की पिन हुआन चियांग को 21-19, 21-15 से हराकर अंडर-17 वर्ग के अंतिम आठ में प्रवेश किया। लक्ष्य ने कोरिया की ली युन सेओ को 21-16, 21-11 से हराकर अंडर-17 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त शाइना ने अंडर-15 प्री-क्वार्टर फाइनल में दबदबा कायम करते हुए चीन की ली मान लिन को 21-17, 21-16 से हराया।



### अदिति और वृद्धि ने कोरियाई जोड़ी को हराया

*अदिति दीपक राज और बीवी पोन्नम्मा वृद्धि ने लड़कियों के युगल वर्ग में शुरुआती गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए कोरिया की ली युन सेओ और पार्क यू जियोंग की जोड़ी को 17-21, 21-15, 21-17 से मात दी। चरण राम थिप्पाना और हरि कृष्ण वीरमरेड्डी ने लड़कों के युगल वर्ग में जापान के कोसुके शिनोहारा और हिरोतो नाकात्सुका पर 21-14, 21-8 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। जगशेर सिंह खंगुरा ने एकल वर्ग में मलेशिया के विंसन चोह को 21-12, 21-17 से आसानी से हराया। वजीर सिंह सिंह अंडर-15 लड़कों के एकल वर्ग के बेहद रोमांचक मुकाबले में इंडोनेशिया के सातवें वरीय रेवन एड्रिलियो सपुत्रा से 19-21, 22-20, 22-24 से हारकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने से चूक गए।*

## जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तानी हॉकी टीम




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान ने नवंबर-दिसंबर में भारत में होने वाले जूनियर हॉकी विश्व कप से नाम वापस ले लिया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने इसकी पुष्टि की।

एफआईएच ने कहा कि 28 नवंबर से 28 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में होने वाले टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी। एफआईएच ने कहा, 'हम पुष्टि कर सकते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित कर दिया है कि उनकी टीम भारत के तमिलनाडु में होने वाले एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में भाग नहीं लेगी।

पाकिस्तान ने इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया था। ' इस प्रतियोगिता के लिए पाकिस्तान की जगह लेने वाली टीम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

## वनडे नहीं खेलेंगी सोफी किया संन्यास का ऐलान

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने भारत के खिलाफ अपनी टीम की हार के बाद कहा कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को कैलेंडर में जगह मिलने से भविष्य में भारत महिला क्रिकेट के मामले में अग्रणी देश बन सकता है।

अपने पांचवें विश्व कप में न्यूजीलैंड की कप्तानी करने वाली डिवाइन रविवार को वनडे से संन्यास ले लेंगी, क्योंकि उनकी टीम गुरुवार को भारत से बड़ी हार के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई। न्यूजीलैंड में घरेलू क्रिकेट में सुधार के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'हमें यथार्थवादी होना होगा कि ये चीजें रातोंरात नहीं होतीं। हम भारत की तरह नहीं हैं। हमारे पास एक अरब लोग नहीं हैं, जिनसे



संपर्क किया जा सके। हम वास्तव में दुनिया के सबसे निचले पायदान पर स्थित एक छोटा सा देश हैं, जिसकी आबादी पांच करोड़ है।' डिवाइन ने कहा, 'यहां एक अरब लोग हैं और यहां जिस तरह से घरेलू क्रिकेट पर काम हो रहा है वह न्यूजीलैंड में हमारे काम करने के तरीके से बहुत भिन्न है।

### महिला वनडे विश्व कप में आज दोपहर 3 बजे से मुकाबला

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगा ऑस्ट्रेलिया-द.अफ्रीका

एजेंसी ▶▶| इंदौर

अब तक अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट प्रेमियों को रोमांचित करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को यहां जब महिला वनडे विश्व कप के मैच में एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनका लक्ष्य सेमीफाइनल से पहले अपनी जीत की लय को बरकरार रखना होगा।

आस्ट्रेलिया को उम्मीद होगी कि उनकी कप्तान एलिसा हीली फिट होकर इस मैच में खेलने के लिए तैयार होगी। कप्तान, सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर की तिहरी भूमिका निभाने वाले हीली को बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले अभ्यास के दौरान पिंडली में चोट लग गई थी। ताहलिया मैकग्रा की कप्तानी में सात बार की चैंपियन टीम ने इस मैच में बड़ी जीत हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले मैच में इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट से मिली करारी हार के बाद शानदार वापसी करके लगातार पांच मैच जीतकर विरोधी टीमों के पास स्पष्ट संदेश पहुंचा दिया है।

### हीली टूर्नामेंट में कर रहीं शानदार प्रदर्शन

*35 वर्षीय हीली की फिटनेस इस चुनौती से निपटने के लिए और भी महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वह टूर्नामेंट में बल्ले से शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। हीली ने भारत और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार मैच में शतक बनाए, जिससे वह दो मैच कम खेलने के बावजूद भारत की स्मृति मंधाना और प्रतीका रावल के बाद मौजूदा टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर काबिज है। इंग्लैंड के खिलाफ हीली की अनुपस्थिति के कारण बल्लेबाजी क्रम में काफी बदलाव करना पड़ा, लेकिन एनाबेल सदरलैंड और एश्ले गार्डनर के बीच 180 रन की अटूट साझेदारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच आसानी से जीता।*



### काप ने बखूबी निभाई ऑलराउंडर की भूमिका

*दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी की गहराई से अच्छी तरह वाकिफ होंगी और उन्हें अपनी तेज गेंदबाज मारिजाने काप से यादगार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। काप ने अब तक छह विकेट लेकर और दो अर्धशतक लगाकर अपनी ऑलराउंडर भूमिका बखूबी निभाई है। लेकिन सलामी बल्लेबाज वोल्वार्ड्ट, ताजमिन ब्रिट्स और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज सुने लुस की तिकड़ी को ज्यादातर रन बनाने होंगे, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरह गहराई नहीं है।*

## बारिश के कारण श्रीलंका और पाक के बीच महिला विश्व कप मैच रद्द

भाषा ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच शुक्रवार को यहां आईसीसी महिला विश्व कप मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इस मैदान पर 11 मैच में यह पांचवां मैच है जो बारिश के कारण बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है जिससे टूर्नामेंट की योजना पर सवाल उठ रहे हैं। बारिश रूकने के बाद टॉस हुआ और उसके बाद पाकिस्तान ने 4.2 ओवर में बिना विकेट गंवाए 18 रन बना लिए थे। इसके बाद फिर बारिश आ गई। इससे पहले बारिश के कारण टॉस में तीन घंटे से ज्यादा की देरी के बाद मैच 34-34 ओवर का कर दिया गया था। यह हैरानी की बात नहीं है कि इस समय पूर्वोत्तर मानसून इस क्षेत्र में दस्तक देता है, फिर भी आयोजक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही चले जिससे टीमों और प्रशंसकों को मौसम की मार झेलनी पड़ी। रद्द हुए मैचों ने श्रीलंका की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को भी प्रभावित किया क्योंकि मेजबान टीम एक जीत, तीन हार और बारिश के कारण तीन रद्द मैचों से पांच अंक लेकर आठ टीमों की तालिका में पांचवें स्थान पर रही।पाकिस्तान ने सात मैचों में बिना किसी जीत के अपने अभियान का अंत किया। उसे चार हार का सामना करना पड़ा और तीन मैच में कोई नतीजा नहीं निकला। टॉस में तीन घंटे से ज्यादा की देरी हुई क्योंकि तेज हवाओं और बार-बार पिच के निरीक्षण के बीच मैदानकर्मी कवर्स लेकर इधर-उधर भागते रहे। लेकिन अंपायरों को संतुष्ट करने में नाकाम रहे।




## बर्लिन में पीयूष गोयल ने की शीर्ष उद्योगपतियों से मुलाकात

# ऑटोमोटिव, सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

रक्षा, उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में दोनों देश बढ़ाएंगे तालमेल

जर्मन कंपनियों ने आर्थिक साझेदारी मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की

*पीयूष गोयल ने भारत के मजबूत सुधार एजेंडे, व्यापक अवसरों और विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस बात पर जोर दिया कि भारत वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक बन रहा है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इन दिनों जर्मन यात्रा पर हैं। अपने बर्लिन दौरे के दौरान कई टॉप सीईओ और इंडस्ट्री लीडर्स से मुलाकात कर रहे हैं। टॉप इंडस्ट्री लीडर्स के साथ अपनी हाल ही की मुलाकात में उन्होंने भारत की ऑटोमोटिव इंडस्ट्री से लेकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र और देश की क्लीन एनर्जी यात्रा में सहयोग बढ़ाने को लेकर बातचीत की। उन्होंने भारत के मजबूत सुधार एजेंडे, व्यापक अवसरों और विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इस बात पर जोर दिया कि कैसे हमारा सहयोगी नीतिगत तंत्र, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए, देश को वैश्विक स्तर पर सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक बना रहा है। बैठक में भारतीय और जर्मन कंपनियों के बीच खासकर रक्षा, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियों और परिवहन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तालमेल और सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। व्यापार प्रमुखों ने भारत में कारोबार के लिए अपने आशावादी दृष्टिकोण और अपनी आर्थिक साझेदारियों को और मजबूत करने की इच्छा व्यक्त की। पीयूष गोयल ने लक्जमबर्ग के डिप्टी पीएम एवं विदेश एवं व्यापार मंत्री जेवियर बेटेल से भी मुलाकात की।


बर्लिन में बिजनेस लीडर्स राउंडटेबल में जर्मन सीईओ से मुलाकात की

### भारत में मर्सिडीज-बेंज के विस्तार पर बैठक



*पीयूष गोयल ने 'एक्स' पर बताया कि उन्होंने मर्सिडीज-बेंज ग्रुप के सीईओ ओला कैलेनियस से बेहतरीन मुलाकात की। उन्होंने कहा कि मैंने मर्सिडीज-बेंज ग्रुप के सीईओ ओला कैलेनियस के साथ एक बेहतरीन बैठक की है। हमने भारत में कंपनी के ऑपरेशंस और उनके विस्तार की योजनाओं पर बातचीत की, क्योंकि वे इंडियन ऑटोमोटिव इंडस्ट्री में अधिक इनोवेशन और सस्टेनेबल ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं।*

### रक्षा क्षेत्र में निवेश को लेकर मुलाकात

*भारत के डिफेंस सेक्टर में निवेश को लेकर केंद्रीय मंत्री गोयल ने आरईएनके जीएमबीएच के व्हीकल मोबिलिटी सॉल्यूशंस डिवीजन के माइकल मासुर से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस, डिजिटाइजेशन और इंटेलिजेंस में सहयोग के नए तरीकों पर चर्चा की। वे इन्फिनियन टेक्नोलॉजीज एजी के सीईओ, जोचेन हानेबेक से भी मिले। हानेबेक से उनकी मुलाकात सेमीकंडक्टर्स और डीकार्बनाइजेशन पहलों में सहयोग के अवसरों को बढ़ाने और विचारों के आदान-प्रदान को लेकर खास रही।*

### भारत रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में आगे बढ़ रहा

*केंद्रीय मंत्री गोयल ने बताया कि भारत रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में अपने सस्टेनेबल डेवलपमेंट लक्ष्यों को तेजी से पार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने ईएनईआरटीआरएजी के मैनेजमेंट बोर्ड के मेंबर मिस्टर टोबियास बिशोफ-नीम्ज से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने इस मुलाकात में देश की क्लीन एनर्जी यात्रा में मिलकर काम करने के मौकों पर बात की। उन्होंने हेरेनकेनेक्ट एजी के फाउंडर और सीईओ डॉ. मार्टिन हेरेनकेनेक्ट के साथ बैठक में भारत में कंपनी के ग्रोथ प्लान और बेहतर लोकल ऑपरेशन और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप के जरिए भारत के तेजी से आगे बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में उनकी भागीदारी पर फोकस किया गया।*

## जैसलमेर में सेना के कमांडर सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले रक्षा मंत्री

# कभी भी अपने दुश्मन को कम आंकने की भूल न करें सेनाएं, हमेशा तैयार रहें: राजनाथ सिंह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ पश्चिमी-सीमा पर बने हुए तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में देश के सुरक्षा हालात की समीक्षा की और सेना की रणनीतिक तैयारियों का व्यापक आधार पर जायजा लिया। मौका था भारतीय सेना के द्विवार्षिक कमांडर सम्मेलन के दूसरे चरण का। जिसे संबोधित करते हुए उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया और कहा कि भले ही ये अभियान देश की सैन्य ताकत और चरित्र की अभिव्यक्ति है। लेकिन तीनों सशस्त्र सेनाएं कभी भी अपने दुश्मन को कमजोर समझने की गलती न करें और हमेशा अलर्ट की मुद्रा के साथ अपनी तैयारी को बनाए रखें। 7 से 10 मई 2025 की दोपहर तक चले इस अभियान ने दिखाया कि हमारे जवानों की ताकत केवल हथियारों पर ही नहीं।

बल्कि उनके नैतिक अनुशासन और सामरिक स्पष्टता पर भी निर्भर करती है। इसके अलावा उन्होंने तनोट और लोंगेवाला जैसे सुदूर सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने चीन के संबंध में कहा कि उत्तरी सीमा पर बातचीत के साथ ही हमारी तैयारी पहले जैसी ही मजबूत बनी रहेगी। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी है। जिसमें बताया गया कि सेना के कमांडर सम्मेलन में रक्षा मंत्री के अलावा प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और सेना की विभिन्न कमांड के मुख्य अधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान युद्धकौशल के छिपे हुए बिंदु, एकीकरण-संयुक्तता का रोडमैप और आत्मनिर्भरता व नवाचार के मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाई भारत की सैन्य ताकत लेकिन...

*चीन सीमा पर संवाद के साथ ही पहले जैसी ही मजबूत बनी रहेगी सैन्य तैयारी*




### अपनी शर्तों पर देंगे जवाब

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने देश की सामरिक सोच को एक नए तरीके से आगे बढ़ाया है। जिसमें भारत किसी भी आतंकी गतिविधि का अपनी शर्तों के मुताबिक जवाब देगा। यह नए भारत का रक्षा सिद्धांत है। जिसमें दृढ़ता और साहस दोनों शामिल हैं। सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले जवानों के प्रति भी आभार जताया।

साथ ही कहा कि जब ये सैन्य अभियान इतिहास का हिस्सा बनेगा। तब इसे सिर्फ एक सैन्य अभियान के तौर पर ही नहीं बल्कि देश के साहस, धैर्य और संयम के प्रतीक के रूप में भी याद किया जाएगा। हमारी सेनाओं ने आतंकियों के खिलाफ जो कार्रवाई की। उसमें नीतिगत सटीकता और मानव सम्मान जैसे दोनों जरूरी पहलुओं को ध्यान में रखा गया था। लेकिन कोई इस गलतफहमी में न रहें कि अभी ये अभियान पूरी तरह से खत्म हो गया है। शांति के लिए हमारा अभियान जारी है। एक व्यक्तिगत आतंकी सोच वाले विचार के जीवित रहने तक यह चलता रहेगा।

### रक्षा कूटनीति पर ध्यान दें कमांडर

रक्षा मंत्री ने सैन्य कमांडरों से ये अपील भी की कि भविष्य के लिए सेना को तैयार करने के लिए उन्हें रक्षा कूटनीति, आत्मनिर्भरता, सूचना युद्धकौशल, रक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर और सैन्य बलों का आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने सशस्त्र बलों के पेशेवराना अंदाज, साहस और लचीलेपन की सराहना की और कहा कि सरकार उन्हें स्टेट ऑफ द आर्ट तकनीक, इंफ्रास्ट्रक्चर और उच्च-स्तर की रणनीतिक तैयारियों को बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### चीन सीमा पर तैयारी बरकरार

चीन के साथ जम्मू-कश्मीर में लगी हुई उत्तरी सीमा पर बनी हुई स्थिति को लेकर राजनाथ सिंह ने कहा कि बातचीत के लगातार चलते रहने और डी-एक्सलेशन के कदमों ने भारत की संतुलित और दृढ़ विदेश नीति को प्रदर्शित किया है। हमारी नीति बिलकुल साफ है कि संवाद और सीमा पर हमारी तैयारी पहले ही तरह ही जस की तस मजबूत बनी रहेगी। उन्होंने देश के अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में जवानों की मजबूत तैनाती की प्रशंसा की और कहा कि ये भारतीय सेना ही है। जो सियाचिन की जमा देने वाली ठंड से लेकर राजस्थान के रेगिस्तान और घने जंगलों में चलने वाले आतंकवाद रोधी अभियानों तक हमारे जवान ने हमेशा ही अपनी क्षमता और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है। मुश्किल हालातों और विभिन्न प्रकार की चुनौतियों के बीच वो किसी भी बदलाव को आसानी से स्वीकार कर लेते हैं और हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती प्रदान करते हैं। इसी वजह से हमारी सेना दुनिया की सबसे ज्यादा आत्मसात करने वाली सेना है।

### तनावमुक्त हैं कश्मीर की गलियां

*धारा-370 की समाप्ति के बाद से जम्मू-कश्मीर की शांति और विकास में सेना की सराहनीय भूमिका है। आज वहां की गलियों में उम्मीदें भरी पड़ी हैं, तनाव नहीं है। लोग अपने भविष्य को लेकर आश्वस्त हैं। इतना ही नहीं निर्णय लेने का तंत्र स्थानीय लोगों के हाथों में है। मौजूदा समय में युद्धकौशल तकनीक आधारित है। सैनिक हालांकि देश की महान संपत्ति हैं। मशीनें ताकत में कई गुना इजाफा करती हैं। लेकिन ये मानव भावना ही है जो उस ताकत से परिणाम लाने की शक्ति प्रदान करती है। वर्तमान युद्ध साइबर स्पेस, सूचना, इलेक्ट्रॉनिक बाधा, स्पेस नियंत्रण जैसे अदृश्य क्षेत्रों में लड़ा जाएगा। जिसमें ये महत्वपूर्ण रहेगा कि उन्नत तकनीकी बदलावों को आत्मसात करना, तीव्रता से निर्णय लेना और जवानों की संकल्प शक्ति काफी मायने रखेगी। सम्मेलन में राजनाथ सिंह ने कोर्णाक और फायर-फ्यूरी कोर के ऐज डेटा केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया।*

## भारत-कनाडा के संबंधों में गर्माहट

# एआई शिखर सम्मेलन के लिए पीएम कार्नी को दिया आमंत्रण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को अगले साल की शुरुआत में नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और मुक्त व्यापार साझेदारी का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश कुमार पटनायक ने बताया कि भारत ने पीएम कार्नी को फरवरी में नई दिल्ली में होने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन सम्मेलन में आमंत्रित किया है। पीएम मोदी द्विपक्षीय मुद्दों, विशेष रूप से आर्थिक और मुक्त व्यापार समझौते पर कनाडाई पीएम से चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि वे निमंत्रण स्वीकार करेंगे। यदि नहीं, तो हम मार्च से पहले कोई समय निकाल लेंगे। मैं चाहता हूं कि वे मई से पहले आएं, जब गर्मी बढ़ जाती है। हम चाहते हैं कि कनाडा के पीएम जल्द से जल्द भारत आएं। यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसे हम खराब नहीं होने देना चाहते।


फाइल फोटो

### व्यापार में अपार संभावनाएं


*पटनायक ने बताया कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंध जून में अल्बर्टा में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कनाडाई पीएम कार्नी और पीएम मोदी की मुलाकात के बाद सामान्य होने शुरू हुए। दोनों देश तनावपूर्ण कूटनीतिक संबंधों को सुधारने और व्यापार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए ईमानदार प्रयास कर रहे हैं, खासकर अमेरिका के साथ चल रहे टैरिफ तनाव के बीच। वर्ष 2024 में, भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकॉर्ड 23.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो 2023 के मुकाबले 12.7 अरब डॉलर अधिक है। पटनायक ने कहा कि एक औपचारिक व्यापार समझौता इस मूल्य को आसानी से दोगुना कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा वार्ताएं शुरू करना चाहता है, तो हम चीजों को तेज करने के लिए तैयार हैं। सही माहौल मिले तो कम से कम 50 अरब डॉलर का व्यापार संभव है। उन्होंने बताया कि गर्मियों के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करने और आर्थिक सहयोग को प्राथमिकता देने के लिए उच्च-स्तरीय द्विपक्षीय चर्चाएं जारी हैं।*

## अमेरिका और कनाडा के बीच बढ़ा 'टैरिफ टेंशन'

# राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा संग बंद की सभी व्यापार वार्ताएं, कार्नी ने कार आयात पर शुल्क लगाया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका और कनाडा के बीच एक बार फिर से टैरिफ को लेकर तनातनी देखने को मिल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताएं समाप्त करने का ऐलान कर दिया है। वहीं, अमेरिका सरकार, कनाडा में टैरिफ के विरोध में टीवी पर चलाए जा रहे विज्ञापनों से नाराज है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को देर रात कनाडा के साथ व्यापार वार्ता स्थगित करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि टैरिफ देश की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम हैं। कनाडा के हठी व्यवहार के लिए हम उसके साथ सभी व्यापार वार्ता स्थगित कर रहे हैं।



### विज्ञापन से भड़की अमेरिकी सरकार

ट्रंप का यह पोस्ट कनाडा के पीएम मार्क कार्नी के उस बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति के शुल्क से उत्पन्न खतरे के कारण उनका लक्ष्य, अमेरिका के बाहर के देशों को निर्यात दोगुना करने का है। ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि कनाडा सरकार भ्रामक विज्ञापन के जरिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में लंबित टैरिफ मामले को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। जिस विज्ञापन से ट्रंप नाराज हुए हैं, उसमें अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के एक रेडियो संदेश का जिक्र है, जिसमें कथित तौर पर रोनाल्ड रीगन ने टैरिफ की आलोचना की थी।

### स्टेलेंटिस और जनरल मोटर्स ने कुछ उत्पादन इकाई बंद की

कनाडा सरकार ने अमेरिकी कार निर्माता ब्रांड्स स्टेलेंटिस और जनरल मोटर्स को मिलने वाली टैरिफ छूट सीमित कर दी है। ये दोनों कंपनियां कुछ गाड़ियां बिना टैरिफ के कनाडा आयात कर सकती थी, लेकिन अब कनाडा सरकार ने यह छूट वापस ले ली है। इन दोनों कंपनियों ने कनाडा में अपने कुछ उत्पादन इकाई बंद करने का फैसला किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी ऑटोमेकर्स कंपनियों से अपना उत्पादन अमेरिका में शिफ्ट करने की अपील कर रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109